सूर्योदय 6:55 सूर्यास्त 6:14

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.5 न्यू | 17.2 अधि |
| धर्मशाला | 5.7 न्यू | 18.9 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75939.18 |
| निफ्टी | 22932.90 |

सोना 87,650 चांदी 1,00,015

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



महाकुंभ की लोकप्रियता इंडी ब्लॉक के नेताओं के दुख का कारण: जयराम

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 20 फरवरी 2025 | 9 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 53, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### दिल्ली भगदड़ मामले में रेलवे से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने रेलवे से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने रेलवे बोर्ड के उच्च अधिकारियों से इस बात पर विचार करने को कहा कि ऐसी घटनाओं को कैसे रोका जा सकता है। हाईकोर्ट ने रेलवे अधिनियम को पूरी तरह से लागू करने को कहा। इस मामले की अगली 26 फरवरी को होगी। हाईकोर्ट ने कहा कि रेलवे बोर्ड प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री और यात्रियों की अधिकतम संख्या तय करने के प्रावधानों के क्रियान्वयन संबंधी उन मुद्दों की समीक्षा करे, जो नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हाल में मची भगदड़ को लेकर एक जनहित याचिका में उठाए गए हैं।

### सीईसी-ईसी की नियुक्ति मामले पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति से संबंधित कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई स्थगित कर दी है, जिसमें चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया था। इससे पहले कोर्ट ने मंगलवार को कहा था कि वह मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्तियों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर 19 फरवरी को प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करेगा।

### जयशंकर आज से दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पर



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए आज से दक्षिण अफ्रीका की दो दिवसीय यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि विदेश मंत्री बैठक में कुछ द्विपक्षीय बैठकें करने की संभावना है। दक्षिण अफ्रीका इस प्रभावशाली समूह का वर्तमान में अध्यक्ष है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर दक्षिण अफ्रीका गणराज्य के अंतरराष्ट्रीय संबंध और सहयोग मंत्री रोनाल्ड लामोला के निमंत्रण पर जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक (एफएमएम) में भाग लेने के लिए 20 और 21 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग की यात्रा करेंगे।

### मुडा मामले मे सिद्धारमैया व पत्नी को मिली क्लीनचिट

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (मुडा) जमीन घोटाला मामले में लोकायुक्त से क्लीनचिट मिल गई है। मुडा पर आरोप है कि उसने कई लोगों को कम कीमत पर प्रॉपर्टियां दी थीं। इनमें सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को मैसूरु में पॉश इलाके में दी गईं 14 साइट्स भी शामिल हैं। ये साइट्स मैसूरु के कसाबा होबली स्थित कसारे गांव में उनकी 3.16 एकड़ जमीन के बदले दी गई थीं।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- वार्ड 4 के पार्क में ही लगेगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा -पेज 3
- बजट के विरोध में सेरी मंच पर माकपा ने किया प्रदर्शन -पेज 10
- हिंदू परिवार कर रहा पीर बाबा की मजार की निगेहबानी -पेज 11
- बाढ़, भू-स्खलन प्रभावित 5 राज्यों के लिए 1554.99 करोड़ मंजूर -पेज 13
- भारत या बांग्लादेश वनडे में कौन है किस पर भारी -पेज 14

# रेखा गुप्ता को दिल्ली की बागडोर, प्रवेश डिप्टी सीएम

## भाजपा विधायक दल की बैठक में लगी मुहर, शपथ ग्रहण आज

एजेंसी, नई दिल्ली



**विजेंद्र गुप्ता को स्पीकर की जिम्मेदारी**

**कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ मनाई खुशी**

**दिल्ली** को बुधवार को नया मुख्यमंत्री मिल गया है। भाजपा विधायक दल की बैठक में रेखा गुप्ता के नाम पर मुहर लगी है। वहीं, प्रवेश वर्मा उपमुख्यमंत्री होंगे, जबकि रोहिणी से विधायक विजेंद्र गुप्ता दिल्ली विधानसभा के स्पीकर होंगे।

रेखा गुप्ता और प्रवेश वर्मा बुधवार को साढ़े बारह बजे रामलीला मैदान में भव्य समारोह में शपथ लेंगे, उनके साथ मंत्रिमंडल भी शपथ ग्रहण करेगा। भाजपा आलाकमान ने विधायक दल की बैठक के लिए वरिष्ठ नेता ओपी धनखड़ और रविशंकर प्रसाद को पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। मुख्यमंत्री के लिए रेखा गुप्ता के नाम के ऐलान पर बीजेपी में जश्न का माहौल है। बीजेपी कार्यकर्ता पटाखे फोड़कर, मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। पार्टी कार्यालय में विधायक दल की बैठक के लिए पहुंचने के बाद भाजपा की नवनिर्वाचित विधायक शिखा राय ने कहा कि पार्टी जानती है कि सबसे अच्छा निर्णय कैसे लेना है। हम सभी मिलकर दिल्ली के लिए एक टीम के रूप में काम करेंगे।

### चुनाव नतीजों के 11 दिन बाद ऐलान

**दिल्ली** में भाजपा ने 26 साल बाद बड़ी जीत हासिल की है। आठ फरवरी को आए नतीजे में भाजपा को 70 में 48 सीटें मिली। नतीजों के 11 दिन बाद सीएम के नाम का ऐलान हुआ है। देरी को लेकर विपक्षी आम आदमी पार्टी (आप) लगातार सवाल उठा रही थी। चुनाव नतीजों के बाद से ही भाजपा में सीएम के लिए कई नामों की चर्चा थी। सबसे अधिक बात प्रवेश वर्मा की हो रही थी. वर्मा ने नई दिल्ली सीट से आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को हराया है, वह पूर्व सीएम साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं।

### कौन हैं भाजपा नेता रेखा गुप्ता?

**रेखा** गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री होंगी। रेखा शालीमार बाग से विधायक हैं। उन्होंने 'आप' नेता बंदना कुमारी को 29,595 वोटों से हराया है। रेखा गुप्ता को 68,200 वोट मिले। वहीं, 'आप' नेता बंदना कुमारी को 38,605 वोट मिले। कांग्रेस के प्रवीण जैन को मात्र 4,892 वोट मिले। रेखा गुप्ता भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं और हरियाणा के जींद की रहने वाली हैं। वह दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ की सचिव और अध्यक्ष रहीं। इसके साथ ही 2007 और 2012 में उत्तरी पीतमपुरा से पार्षद चुनी गईं, उन्हें पिछले दो विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था।

# बद्दी में 10 झुग्गियों में लगाई आग, दो बच्चियां झुलसीं, 1 आरोपी पुलिस के हवाले

## अक्कांवाली गांव में युवकों ने मंगलवार देर रात दिया वारदात को अंजाम



आग से जलकर राख हुई झुग्गियां।

अनंत ज्ञान, बद्दी

**दोनों घायलों को चड़ीगढ़ किया रेफर**

**औद्योगिक** क्षेत्र बद्दी के मोरपेन रोड़ पर मंगलवार देर रात रत्ता नदी किनारे अक्कांवाली गांव में करीब 10 झुग्गियां में आग लगाकर जला दिया। आरोप है कि कुछ युवकों ने इन झुग्गियों में आग लगाई है। लोगों ने एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। आग से दो बच्चियां बुरी तरह से झुलस गई हैं, जिन्हें इलाज के लिए नालागढ़ के सिविल अस्पताल लाया गया, जहां से डॉक्टर ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें चंडीगढ़ सेक्टर-16 रेफर कर दिया है। घायलों की पहचान संध्या व आशा से हुई है, जो प्रवासी हैं। आग से 10 झुग्गियां जलकर खाक हो चुकी हैं, जिसमें प्रवासी मजदूरों का लाखों का नुकसान हुआ है। पीड़ित प्रवासी मजदूरों ने सरकार और प्रशासन से उचित मुआवजे की गुहार लगाई है। फायर ऑफिसर बद्दी हेमराज का कहना है कि देर रात सूचना मिली थी और तुरंत मौके पर जाकर आग पर काबू पाया था। उन्होंने बताया कि दो युवतियां भी घायल हुई है। एक युवक को गिरफ्तार किया है।

### आरोप: युवक करता था युवती को तंग गाली-गलौज करने के बाद लगाई आग

**प्रवासी** मजदूरों का कहना है कि बिहार के रहने वाले युवक उनके ही झुग्गियों में रहने वाली एक युवती को तंग करते थे और पहले उन्होंने युवती के साथ गाली-गलौज की और उसके बाद घर में आकर झुग्गियों को आग लगाने की धमकी दी थी। इसके बाद उन्होंने रात के समय में जाकर पहले झुग्गियों में पेट्रोल छिड़का और उसके बाद आग लगा दी।

# हिमाचल में अध्ययन करने वाले डॉक्टरों को मिलेगा पूरा वेतन: सुक्खू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



**हिमाचल** सरकार ने प्रदेश के चिकित्सकों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। एमबीबीएस स्नातकों को स्नातकोत्तर (पीजी) अध्ययन या विशिष्ट प्रशिक्षण के दौरान पूरा वेतन दिया जाएगा।

अब तक अध्ययन अवकाश के दौरान चिकित्सकों को केवल 40 प्रतिशत वेतन मिलता था, जिससे उनके लिए उच्च चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण हो रहा था। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को बताया कि सरकार के इस नए फैसले से न केवल डॉक्टरों को बेहतर शिक्षा हासिल करने में मदद मिलेगी, बल्कि राज्य में विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या में भी वृद्धि होगी। इससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार आएगा और आमजन को अधिक सुलभ व उन्नत चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि अध्ययन अवकाश पर पूरा वेतन मिलने से चिकित्सकों को वित्तीय चिंता से मुक्ति मिलेगी और वे अपनी उच्च शिक्षा पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का यह निर्णय चिकित्सा शिक्षा को और अधिक सशक्त बनाएगा।

### धर्मशाला में पेशी को आया कैदी हुआ फरार, दबोचा

**धर्मशाला।** धर्मशाला में बुधवार दोपहर को कोर्ट में पेशी के लिए लाया जा रहा एक कैदी पुलिस गिरफ्त से चकमा देकर फरार हो गया, जिसे पुलिस ने सात घंटे बाद दबोच लिया। आरोपी की पहचान रजत उर्फ रज्जू निवासी वार्ड-7 डूंगा बाजार मंदिर रोड कांगड़ा के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ चोरी और सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने के मामले गगल और कांगड़ा पुलिस थाना में मामले दर्ज हैं और जिला कारागार धर्मशाला में कैद था। कैदी के फरार होने की सूचना के साथ ही पुलिस ने नाकाबंदी कर दी। इसके बाद शाम को कैदी को पुलिस ने दबोच लिया। एएसपी हितेष लखनपाल ने बताया कि फरार कैदी को टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।

## वकील की सुनवाई स्थगित करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार

# गलतफहमी में न रहें, किसी बड़े वकील का नाम लेंगे और हम सुनवाई स्थगित कर देंगे

एजेंसी, नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरान वकील ने पीठ से सुनवाई स्थगित करने की मांग की, क्योंकि एक वरिष्ठ वकील सुनवाई में शामिल होने वाले थे।

पीठ ने वकील को फटकार लगाई और सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि किसी बड़े वकील का नाम लेकर आप मामले की सुनवाई स्थगित करा लेंगे, तो यह सोचना गलत है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने एक व्यावसायिक विवाद के मामले में सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। दरअसल सुनवाई के दौरान पेश हुए एक वकील ने अपील की कि सुनवाई के चार हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया जाए, क्योंकि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे इस मामले में आगे सुनवाई करेंगे।

### मध्यस्थता निर्णयों में अदालतों के संशोधन करने से जुड़े मुद्दे पर फैसला सुरक्षित



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को महत्वपूर्ण कानूनी मुद्दे पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया कि क्या अदालतें मध्यस्थता और सुलह पर 1996 के एक कानून के प्रावधानों के तहत मध्यस्थता निर्णयों को संशोधित कर सकती हैं। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना की संविधान पीठ ने तीन दिन तक चली सुनवाई में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अरविंद दातार, डेरियस खंबाटा, शेखर नाफडे और रितिन राय सहित वरिष्ठ वकीलों की दलील सुनी।

### मध्य प्रदेश में मुठभेड़ तीन महिला नक्सली ढेर

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में बुधवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में तीन महिला नक्सली ढेर कर दी गईं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डाबर ने बताया कि राज्य पुलिस की नक्सल विरोधी 'हॉक फोर्स' और स्थानीय पुलिस टीमों ने छत्तीसगढ़ सीमा के पास जंगली इलाके में चलाए गए अभियान में हिस्सा लिया। हॉक फोर्स और पुलिस ने गढ़ी थाना क्षेत्र के तहत सुपखर वन रेंज में रोंडा वन शिविर के पास मुठभेड़ में तीन खूंखार महिला नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस ने एक इंसास राइफल, एक सेल्फ-लोडिंग राइफल (एसएलआर) और एक .303 राइफल के अलावा अन्य सामग्री भी बरामद की है।

## ज्ञानेश कुमार ने संभाला चीफ इलेक्शन कमिश्नर का पद, बोले-

# राष्ट्र निर्माण के लिए पहला कदम मतदान

एजेंसी, नई दिल्ली



**कहा- चुनाव आयोग मतदाताओं के साथ**

नवनियुक्त ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यभार संभालने के बाद ज्ञानेश ने मतदाताओं को एक संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए पहला कदम मतदान है और भारत का हर नागरिक जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका है, उसे मतदाता बनना चाहिए और हमेशा मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान, चुनावी कानूनों, नियमों और उसमें जारी निर्देशों के अनुसार, चुनाव आयोग हमेशा मतदाताओं के साथ था, है और रहेगा। वहीं, विवेक जोशी ने भी निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला। नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले ज्ञान कुमार पहले सीईसी हैं। उनका कार्यकाल 26 जनवरी 2029 तक रहेगा।

### ज्ञानेश 1988 के केरल कैडर के रह चुके अफसर

**चुनाव** आयोग में नियुक्ति से पहले केंद्र में रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय, संसदीय कार्यमंत्रालय और कॉपरेशन मंत्रालय में संयुक्त सचिव से लेकर सचिव के बाद तक काम कर चुके हैं। केरल सरकार के भी इन्होंने असिस्टेंट कलेक्टर से लेकर सचिव के पद तक अलग-अलग विभागों के काम किया। गौर रहे कि पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय चयन समिति ने सोमवार को ज्ञानेश के नाम की सिफारिश की, जिस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुहर लगाई।

### हिमाचल में आज से बर्फबारी और बारिश

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कई भागों में आज से मौसम करवट बदलेगा। हालांकि, सुबह से प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर धूप खिली रही। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के चलते 19 फरवरी की मध्य रात्रि से 21 फरवरी की सुबह तक बारिश-बर्फबारी की संभावना है। 20 फरवरी को कुछ स्थानों पर भारी बारिश-बर्फबारी ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कई भागों में 25 फरवरी तक मौसम खराब बना रह सकता है। वहीं, लाहौल-स्पीति और किन्नौर में तापमान शून्य से नीचे बना हुआ है। कुकुमसेरी में न्यूनतम तापमान -5.4, व ताबो में -7.3 और केलांग में -6.3 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।

# पाक आतंकवाद का ग्लोबल सेंटर: भारत

## यूएन में कश्मीर मुद्दे पर दिया मुंहतोड़ जवाब, पड़ोसी देश का झूठ व प्रोपेगेंडा हकीकत को नहीं बदल सकता

एजेंसी, संयुक्त राष्ट्र




**अंतरराष्ट्रीय** मंच पर एक बार फिर पाकिस्तान ने कश्मीर राग अलापा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कश्मीर का मुद्दा उठाया। पाकिस्तान विदेश मंत्री की टिप्पणी पर भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया है।

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भारत के राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा। उन्होंने कश्मीर पर पाकिस्तान के प्रोपेगेंडा की भी आलोचना की है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद का ग्लोबल सेंटर है। हरीश ने कहा कि पाकिस्तान में 20 से ज्यादा संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की तरफ से प्रतिबंधित आतंकी संगठन मौजूद हैं। इसके बावजूद पाकिस्तान खुद को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाला देश बताता है। आतंकवाद का कोई भी कारण या मकसद स्वीकार्य नहीं हो सकता। निर्दोष लोगों पर हमला किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान झूठ और गलत जानकारी फैलाने की कोशिश करता है, लेकिन इससे सच्चाई नहीं बदलती।

### जैश और हिजबुल ने कई हमलों को दिया अंजाम

**हरिश** ने कहा कि जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों ने भारत में कई हमलों को अंजाम दिया है। पाकिस्तान इन्हें सीमा पार से समर्थन देता है, जिससे भारत में हिंसा फैलती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में कई आतंकी संगठन और व्यक्ति संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल-कायदा प्रतिबंध समिति की सूची में शामिल हैं, जिन पर संपत्ति जब्त करने, हथियारों की आपूर्ति रोकने और यात्रा प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है।

**सियासत** आलाकमान से हो चुकी सीधी बात; सीएम सुक्खू लाव-लश्कर के साथ दिल्ली में डटे, जातीय व क्षेत्र के संतुलन पर भी हुआ मंथन

# बजट सत्र के बाद कांग्रेस संगठन व सरकार में दिखेगा बदलाव

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पश्चात सरकार व संगठन में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। कांग्रेस संगठन में जहां नए अध्यक्ष की ताजपोशी हो सकती है, तो वहीं सरकार में मंत्रिमंडल फेरबदल भी संभावित है। यह तमाम कवायद शिमला से दिल्ली तक हो रही है।

राज्यों के बड़े नेता अपने-अपने तर्कों के साथ आलाकमान के समक्ष हाजिरी भर रहे हैं। कांग्रेस मामलों की नवनियुक्त प्रभारी रजनी पाटिल को बधाई देने के बहाने गोटियां बिठाई जा रही हैं। पसंद-नापसंद के नाम आगे कर अपने गुटों के दावों को पुख्ता किया जा रहा है। खुद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अपने लाव-लश्कर के साथ दिल्ली में हाजिर हैं। निजी कार्यक्रमों के अलावा वह कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल को बधाई देने के बहाने अपनी बात रख चुके हैं। दोनों के बीच सरकार व संगठन में मजबूती को लेकर भी लंबी मंत्रणा हो चुकी है। विपक्षी पार्टी बीजेपी पर तीखे हमलों पर प्रहार करने की भी रणनीति बनी है, जो सरकार को अस्थिर करने की हरसंभव कोशिशों में लगी है। फीडबैक लेने के बाद पाटिल ने सरकार व संगठन के बीच बेहतर तालमेल की अपील की है, ताकि भाजपा सियासी हमलों का जवाब दिया जा सके। (अनंत ज्ञान)

### दावा: जल्द मिल सकता है नया अध्यक्ष

**प्रतिभा सिंह को भी महत्वपूर्ण पद दिए जाने की चर्चा जोरों पर**

**सूत्रों** का दावा है कि कांग्रेस को जल्द नया अध्यक्ष मिल सकता है, जिसमें आधा दर्जन दावेदारों के नाम आगे चल रहे हैं। उस सूरत में मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह को एआईसीसी में कोई महत्वपूर्ण पद दिए जाने की चर्चा भी जोरों पर है। यहां पर विधायक कुलदीप सिंह राठौर से लेकर चंद्रशेखर, संजय अवस्थी व कुछ नामों की गूंज लगातार सुनाई दे रही है। राज्य सचिवालयों के गलियारों में कैबिनेट फेरबदल पर भी खूब कानाफूसी हो रही है। फेरबदल की कड़ी में कुछ मंत्रियों के विभाग बदले जा सकते हैं। एक या दो मंत्रियों को हटाने की बातें भी चल रही हैं, जिन्हें संगठन के भीतर बड़े पद दिए जाने का शोर भी चल रहा है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट मत है कि कांग्रेस संगठन व सरकार में बेहतर तालमेल बने, जो अभी नहीं देख रहा। कुछ तल्खियां महसूस हो रही हैं, जिन्हें समय रहते दूर करने पर जोर दिया गया है, उनके समर्थक भी इस कवायद को जल्द से जल्द धरातल पर उतराने की उधेड़बुन में लगे हैं।

### शिमला जिले से हो सकता है एक मंत्री ड्रॉप

**महत्वपूर्ण** बात यह है कि वर्तमान कैबिनेट में जातीय व क्षेत्र संतुलन को आगे रखा जा सकता है, जिसमें प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा को एक बार फिर से अधिमान दिया जा सकता है। शिमला जिला से ज्यादा मंत्री बनाए गए हैं, जिनमें से कोई एक ड्रॉप भी हो सकता है। इन मामलों में खूब मथापच्ची हो चुकी है। समस्या यह है कि अगर कोई मंत्री या फिर नेता बगावत पर उतारु हो गया तो उस सूरत में कांग्रेस पार्टी को लेने के देने पड़ सकते हैं, जिसका फायदा विपक्षी पार्टी बीजेपी को मिल सकता है। बहरहाल, यह सारी कवायद जारी है, जिसमें सीएम सुक्खू के अलावा उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह आलाकमान से मिलकर अपनी बात रख चुके हैं। अब नजर यह रहेगी कि इन सब की मंत्रणा का कांग्रेस आलाकमान पर क्या असर होता है और वह इस संदर्भ में किस तरह के निर्णय से कांग्रेस संगठन व सरकार के बीच बेहतर तालमेल बिठाने में कामयाब हो पता है।

# महाकुंभ: संगम में 80 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी



एजेंसी, प्रयागराज

**महाकुंभ** के 38वें दिन 80.20 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया। महाकुंभ खत्म होने में अब सिर्फ 7 दिन बचे हैं। अब तक कुल 56.36 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई है। बुधवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी की पत्नी सीमा नकवी ने संगम में डुबकी लगाई। हालांकि, राहुल गांधी और प्रियंका नहीं आए। संगम पर नावों का जाम लगा है। महाकुंभ की ओर आने वाले हाईवे जाम हैं।

न्यू यमुना ब्रिज पर करीब 4 किमी लंबे जाम में लोग तीन घंटे तक फंसे रहे। एक ओर आम श्रद्धालुओं को शहर से 10 से 12 किलोमीटर पहले पार्किंग में रोक दिया जा रहा, तो दूसरी ओर वीआईपी की गाड़ियां अरैल घाट तक जाने दिया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. मोहन ने सीएम की माता से लिया आशीर्वाद



**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के वरिष्ठ कांग्रेसी एवं चेयरमैन जस्टिस पंपावरमेंट हिमाचल सरकार डॉ. मोहन लाल कौंडल बुधवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के घर गए, जहां उन्होंने सीएम की माता संसार देई से आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री की माता ने डॉ. कौंडल को आशीर्वाद देते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी आपको मिली है, उसका ठीक से निर्वहन करना ताकि लोगों को लाभ मिल सके। कौंडल ने उन्हें माता का प्रसाद भी भेंट किया। इस अवसर पर उनके साथ नगर परिषद नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी, एपीएमसी के सदस्य रमेश चंद, मुंगरू सोनी, ब्लॉक कांग्रेस के कार्यालय सचिव नानक चंद तथा पूर्व बीडीसी मनोहर लाल भी उपस्थित रहे।

### भोरंज में 2 लोगों से पकड़ी 485 ग्राम चरस

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत भोरंज पुलिस ने दो लोगों से 485 ग्राम चरस पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की एक टीम के द्वारा गश्त के तलाशी लेने पर विवेक शर्मा निवासी मकान नं. 12 वार्ड नं. 4 डाकघर व तहसील नादौन जिला हमीरपुर व त्रिलोक सिंह गांव जसाई डाकघर जनसूह तहसील नादौन जिला हमीरपुर के कब्जे से 485 ग्राम चरस (भांग) बरामद की गई। पुलिस ने दोनों व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। भोरंज थाना प्रभारी एसएचओ प्रशांत सिंह ठाकुर ने लोगों से नशे के खिलाफ चलाए अभियान में सहयोग की अपील की है।

### अंतरराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर के फिलेटली क्लब ने अंतरराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। यह प्रतियोगिता डाक विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित की गई, जिसमें कक्षा छठी से नौवीं तक के लगभग 50 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी सृजनात्मक लेखन प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता का मुख्य विषय इमेजिन यू आर ए ओसियन, राइट ए लेटर टू समवन एक्सप्लेनिंग व्हाई एंड हाउ दे शुड टेक केयर ऑफ यू था। संपूर्ण गतिविधि का आयोजन अध्यापिका रंजू बाला की देखरेख में संपन्न हुआ। छात्रों ने इस विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए महासागरों के संरक्षण, समुद्री जीवन की सुरक्षा और प्रदूषण रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया।

### अंदारा में लोगों को बताई बैंक की योजनाएं

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन की फस्टे पंचायत के गांव अंदारा में कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक शाखा बड़ा द्वारा डिजिटल वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर पंचायत प्रधान तिलकराज की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें केसीसी बैंक शाखा बड़ा से शाखा के कर्मचारी चंद्रशेखर, रंजीत सिंह, सुरेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान बैंक कर्मचारी चंद्रशेखर ने लोगों को जागरूक करते हुए प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा बैंक के माध्यम से लोगों के लिए चलाई गई विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

### ऋण आवंटन के लिए पीएनबी का विशेष अभियान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक के सर्किल कार्यालय हमीरपुर के अंतर्गत आने वाली बैंक की सभी शाखाओं में 17 फरवरी से एक मार्च तक कृषि ऋण आउटरीच अभियान चलाया जा रहा है। पंजाब नेशनल बैंक के सर्किल कार्यालय के प्रमुख अरविंद सरोच ने बताया कि इसी मास बैंक ने हमीरपुर में दो दिवसीय होम लोन एवं सूर्या घर ऋण एक्सपो आयोजित किया था जो कि काफी सफल रहा। इस एक्सपो में कई लोगों को मौके पर ही होम लोन और सूर्या घर ऋण मंजूर किए गए। अरविंद सरोच ने बताया कि एक्सपो के सफल आयोजन के बाद बैंक स्वयं सहायता समूहों और कृषि से संबंधित कार्यों हेतु ऋण आवंटन के लिए विशेष अभियान चला रहा है। इस अभियान के दौरान हमीरपुर सर्किल की सभी शाखाओं में ऋण के मामलों को त्वरित मंजूरी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के समापन अवसर पर एक मार्च को पंजाब नेशनल बैंक की सभी शाखाओं में मेगा कैंप आयोजित किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### 31 मार्च तक बंद रहेगा धनेटा-बड़सर सड़क का एक हिस्सा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** धनेटा-बड़सर सड़क के उन्नयन के कार्य के चलते इस सड़क के लगभग आठ किलोमीटर के हिस्से पर यातायात 31 मार्च तक बंद रहेगा। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि धनेटा-बड़सर सड़क के आठ किलोमीटर के हिस्से का उन्नयन कार्य शुरू किया गया है। इस कारण उक्त सड़क पर वाहनों की आवाजाही 31 मार्च तक बंद कर दी गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक गलोड़-फाहल-टिप्पर सड़क से आवाजाही कर सकते हैं। उन्होंने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

### 31 मार्च तक बंद रहेगी भट्ठा-सलौणी सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भट्ठा-सलौणी सड़क के उन्नयन के कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 31 मार्च तक बंद रहेगा। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि भट्ठा-सलौणी सड़क के उन्नयन के कार्य को सुचारू ढंग से और अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 31 मार्च तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक भट्ठा से पनसाई, बटराण, ग्वालपत्थर सड़क से आवाजाही कर सकते हैं। उन्होंने वाहन चालकों से सहयोग मांगा है।

### जन्म-मृत्यु पंजीकरण की नई प्रक्रिया की ट्रेनिंग आज से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जन्म और मृत्यु के त्वरित पंजीकरण की नई प्रक्रिया सीआरएस के बारे में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए जिला हमीरपुर में खंड स्तर पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला पंजीयक (जन्म एवं मृत्यु) डॉ. प्रवीण चैधरी ने बताया कि 20 फरवरी को बीडीओ कार्यालय सुजानपुर, 21 फरवरी को बीडीओ कार्यालय हमीरपुर, 22 फरवरी को बीडीओ कार्यालय भोरंज, 24 फरवरी को बीडीओ कार्यालय नादौन और 25 फरवरी को बीडीओ कार्यालय बिझड़ी में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। डॉ. प्रवीण चौधरी ने बताया कि 21 फरवरी को बीडीओ कार्यालय हमीरपुर में आयोजित होने वाले शिविर के सुबह के सत्र में विकास खंड टौणी देवी के अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा जबकि, दोपहर बाद के सत्र में विकास खंड हमीरपुर के अधिकारियों-कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जाएगी।

# नई पाइपें थी नहीं, विभाग ने पहले ही शुरू कर दिया पाइप हटाने का काम

## बढार से झनिकर वाया कैहरवीं मार्ग बंद होने से लोग और वाहन चालक हो रहे परेशान

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

उपमंडल भोरंज के तहत बढार से झनिकर वाया कैहरवीं सड़क फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक से बनाने को लोक निर्माण विभाग ने कार्य शुरू कर दिया है। निर्माण कार्य शुरू करने से पहले जलशक्ति विभाग की पेयजल पाइपों को और गहराई तक दबाने का कार्य लगभग तीन माह पहले शुरू किया था। पेयजल पाइपों को बदलने का कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है, जिसके कारण इस बढार से झनिकर सड़क वाले क्षेत्र में सड़क और पानी की सुविधा से दो-चार होना पड़ रहा है।

बता दें कि बढार से झनिकर वाया कैहरवीं सड़क को एफडीआर तकनीकी से बनाने का प्रपोजल तैयार की गई है, जिसके लिए तीन फुट तक इस सड़क की खुदाई की जानी है। इस सड़क पर कार्य शुरू करने से पहले जलशक्ति विभाग की पेयजल पाइपों को हटाना आवश्यक था। इसके लिए



- तीन माह बाद भी पूरा नहीं हुआ पाइप बदलने का कार्य, 18 फरवरी तक लिया था समय

उपायुक्त ने दिसंबर माह से लेकर 6 जनवरी तक इस सड़क को बंद करने के आदेश दिए थे, लेकिन 6 जनवरी तक भी पेयजल पाइपों को बदलने का कार्य पूरा नहीं हुआ। इसलिए 18 फरवरी तक फिर से पेयजल पाइपों को बदलने का समय दिया गया, लेकिन 18 फरवरी तक भी यह कार्य पूरा नहीं हुआ है। लोगों का कहना है कि सड़क को बंद हुए तीन महीने से भी अधिक समय हो चुका है, लेकिन अभी तक सड़क को नहीं खोला गया है।

लोगों को अपने घरों तक पहुंचने के लिए 15 किलोमीटर तक का अधिक सफर करना पड़ रहा है। गाड़ियों के न जाने से पैदल भी लोग घरों तक पहुंच रहे हैं। इसके अलावा पेयजल पाइपों को बदलने से लोगों को पानी की समस्या भी हो रही है। लोगों का कहना है कि जिस तरह से सड़क को बदलने या पेयजल पाइपों को बदलने का कार्य चला हुआ है, वह कब पूरा होगा, इसकी कोई समय सीमा नहीं है। इस बारे में लोक निर्माण विभाग के अधीशाषी अभियंता केके भारद्वाज ने बताया कि जलशक्ति विभाग द्वारा पेयजल पाइपों को बदलने का कार्य चला हुआ है। उन्होंने बताया कि पाइपों को बदलने के बाद ही इस सड़क पर एफडीआर तकनीक से तैयार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस सड़क को जितना जल्द तैयार करवाने की कोशिश की जाएगी।

इस बारे में जल शक्ति विभाग के अधीशाषी अभियंता प्रदीप चड्डा ने बताया कि विभाग के पास एक डेढ़ साल से पाइपें नहीं थी, इसलिए पुरानी पाइपों से काम चलाया जा रहा था, जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया था। उन्होंने बताया कि बढार से झनिकर सड़क पर नई पाइप लाइन डालने का कार्य कुछ दिनों में पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि लोगों को तीसरे दिन पानी की आपूर्ति की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# गड्ढों से भरे हमीरपुर-भोटा-भगेड़ एनएच की मरम्मत इसी महीने से होगी शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



- हुआ टेंडर, खस्ताहाल है 40 किमी रोड की हालत

पिछले कुछ समय से वाहन चालकों के लिए मुसीबत का सबक बने गड्ढों से भरे हमीरपुर-भोटा-भगेड़ एनएच की मरम्मत इसी महीने शुरू हो जाएगी। तकरीबन 40 किलोमीटर लंबे इस सड़क मार्ग का आधे से ज्यादा हिस्सा बेहद खराब हालत में है। सबसे बुरी हालत हमीरपुर से भोटा रोड की है, जो मकम्मल तौर पर जर्जर हालत में हो चुका है। कोई भी जगह ऐसी नहीं बची है, जहां गड्ढे न बने हों।

एनएचएआई के हमीरपुर स्थित प्रोजेक्ट डायरेक्टर विक्रम मीणा का कहना है कि इस सड़क की मरम्मत का काम इसी महीने शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया मुकम्मल हो गई है, जो हिस्सा सबसे खराब है, उसकी मरम्मत सबसे पहले होगी। उन्होंने यह भी बताया कि अभी पीछे कुछ समय पहले भी इसकी मरम्मत हुई थी, लेकिन इसके निर्माण में जो खामी रही है, उसी वजह से यह बार-बार टूट रहा है क्योंकि अब यह नेशनल हाईवे से उनके सुपुर्द हो चुका है। इसलिए जब तक फोरलेन बनाने की प्रक्रिया शुरू नहीं होती, तब तक इसकी अच्छे से मरम्मत की जाएगी, ताकि वाहन चालकों को कुछ राहत मिल सके।

### हमीरपुर से नादौन को जोड़ने वाला एनएच भी खराब

हालांकि इस सड़क मार्ग के अलावा हमीरपुर से नादौन को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे की हालत भी ज्यादा ठीक नहीं है। उस पर भी कई जगह अब गड्ढे बन चुके हैं। इसकी मरम्मत कब होगी? इस पर उन्होंने कहा कि इस बारे भी जल्द ही कार्रवाई होगी क्योंकि हमीरपुर से दंगड़ी के आसपास तक यह सड़क अब फोरलेन का हिस्सा नहीं रहेगी। इसलिए इसकी मरम्मत कौन करेगा? इस पर भी अभी अंतिम फैसला होना है क्योंकि मटौर-शिमला फोरलेन का निर्माण जारी है और नादौन से आगे दंगड़ी के पास से कोहली तक अलग से जो नई सड़क बन रही है, उसी के कारण इस सड़क की मरम्मत को लेकर अभी ऊहापोह शुरू हो चुकी है।

## ऊना की टीम ने 544 रन बनाकर पारी घोषित की

**अनंत ज्ञान, नादौन।** वरिष्ठ अंतर जिला स्तरीय तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता क्रिकेट स्टेडियम अमतर में शिमला व ऊना की टीम के बीच शुरू हुआ। ऊना की टीम ने दूसरे दिन 331 रन से आगे खेलते हुए 131 ओवर में 7 विकेट पर 544 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। बल्लेबाज नितिन शर्मा ने बुधवार को 118 रन बनाए, जबकि दीप सिंह 51 रन बनाकर नाबाद रहे।

शिमला की ओर से गेंदबाजी करते हुए गेंदबाज नवीन कंवर ने 3, देवरथ विक्टा ने 2 जबकि रजन शर्मा व योगदीप ने 1-1 विकेट ली। शिमला की टीम ने जीत के लिए 545 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पहली पारी में दूसरे दिन का मैच समाप्त होने तक 42 ओवर में 2 विकेट पर 155 रन बनाए हैं। बल्लेबाज कुशलपाल ने 53 रन बनाए, जबकि कबीर सिंह 61 रन बनाकर तथा निखिल गांगटा 31 रन बनाकर नाबाद रहे। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया ने बताया कि ऊना ओर से गेंदबाजी करते हुए गेंदबाज नितिन शर्मा व हरित्क कालिया ने 1-1 विकेट ली।

## सुख सरकार का लक्ष्य बागवानी से हर किसान हो खुशहाल : डॉ . वर्मा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश उद्यान विभाग हमीरपुर के तत्वावधान में शिवा प्रोजेक्ट के तहत नए बने क्लस्टर बरानडा और बकारटी में पौधरोपण अभियान शुरू किया गया। इस पौधरोपण अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने शिरकत की।

इस अवसर पर पहुंचने पर उद्यान विभाग डिप्टी डायरेक्टर राजेश्वर परमार ने मुख्य अतिथि को टोपी व शॉल से सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. परमार ने बताया कि जिला हमीरपुर के 6 क्लस्टर चिन्हित किए गए हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देशानुसार और लक्ष्य के अनुरूप हमीरपुर जिला अग्रणी रहा है जिसके सभी 6 के 6 क्लस्टर में पौधरोपण कर दिया गया है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि सुख सरकार का लक्ष्य बागवानी से हर किसान खुशहाल हो, पर है। इस अवसर पर डॉ पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि मुख्यमंत्री सुक्खू एक किसान परिवार से निकले हुए नेता हैं और उनको यह भलीभांति जानकारी है कि हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी ग्रामीण क्षेत्रों में निर्भर करती है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन भारती, फार्मर समिति प्रधान हंसराज, सूबेदार रतन चंद व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# इंतजार हो रहा खत्म : 28 से ओपन हो जाएगा हमीरपुर ब्वॉयज स्कूल का ग्राउंड

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



कोरियन घास की वजह से 8 महीनों से है बंद।

मुख्य बाजार में स्थित सीनियर सेकेंडरी ब्वॉयज स्कूल का खेल मैदान 28 फरवरी से ओपन हो जाएगा। पिछले तकरीबन 8 महीनों से यह मैदान कोरियन घास लगाए जाने के मामले को लेकर बंद कर दिया गया था, तभी से यहां सारी गतिविधियां बंद हैं। इसके सभी गेटों पर ताले लगे हैं, क्योंकि अब मैदान हरा-भरा दिख रहा है।

पीडब्ल्यूडी इसे अब सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्वॉयज के हवाले 28 फरवरी को करेगा। हालांकि जिस ठेकेदार ने इसका निर्माण किया है, उसके पास इसकी देखरेख के लिए कुछ समय जिम्मेदारी रहेगी, लेकिन अभी इस बात को लेकर संशय है कि यहां कौन-कौन सी खेलें खेली जा सकेंगी। क्या इसके सभी गेट खुल जाएंगे या फिर एक गेट ही खुलेगा। इस पर अब वाहनों की आवाजाही भी नहीं हो पाएगी, इसलिए खेल प्रेमियों और आम जनता के लिए इसका सदुपयोग कितना और किस स्तर पर होगा? इसके लिए स्कूल प्रशासन डीसी से बैठक करके यह सारी चीजें सुनिश्चित करेगा। वजह यही है कि इस पर 60 लाख से ज्यादा पैसे खर्च किए गए हैं। लिहाजा अब इसकी लुक भी बनी रहे और युवाओं को भी फायदा हो। सैर-सपाटा करने वाले बुजुर्गों को भी लाभ मिलेगा? यह स्थिति अब जल्दी ही क्लियर होने वाली है।

उधर, स्कूल के प्रिंसिपल मुस्ताक अहमद का कहना है कि डीसी अमरजीत सिंह से एक बैठक की जाएगी, ताकि इस पर होने वाली गतिविधियों को लेकर नई गाइडलाइन्स के जरिए सारी चीजें सुनिश्चित की जा सकें। (अनंत ज्ञान)

### 28 फरवरी को होगा स्कूल के सुपुर्द

पीडब्ल्यूडी के हमीरपुर स्थित अधिशाषी अभियंता दीपक कपिल का कहना है कि 28 फरवरी को इसे स्कूल सुपुर्द कर दिया जाएगा क्योंकि यह ग्राउंड उन्हीं का है और अब यह नई लुक में बन चुका है। जितना काम होना था, वह हो गया है। जितना आराम लगाई गई हरी घास को चाहिए था, वह भी दे दिया गया है। अब स्कूल को ही हैंडओवर होगा और वही तय करेगा, इस पर किस तरह की गतिविधियां हों।

## भारत की वैदिक शिक्षा आधुनिक भारत के विकास के लिए जरूरी : पंकज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- तकनीकी विवि में नैनो मटीरियल और क्वांटम साइंस पर व्याख्यान

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर और राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वाधान से चल रही साप्ताहिक एफडीपी (फैक्लटी डॉव्लपमेंट प्रोग्राम) के तीसरे दिन तीन स्रोत व्यक्तियों के व्याख्यान हुए।

पहले सत्र में एनआईटीटीटीआर के प्रो. पंकज शर्मा ने भारतीय विज्ञान परंपरा पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि किस प्रकार भारत की वैदिक शिक्षा एवं जानकारियां आधुनिक भारत के विकास के लिए जरूरी है। वहीं, दूसरे सत्र में आईआईटी मंडी के प्रो. चंद्रशेखर यादव ने क्वांटम साइंस के विभिन्न सिद्धांतों के बारे में बताया और क्वांटम जगत में चल रही विभिन्न आधुनिक शोध के बारे में जानकारी दी।

तीसरे स्रोत व्यक्ति एनआईटीटीटीआर के डॉ. अशोक कुमार ने नैनो मेटेरियल के मूल अर्थ एवं उन्हें बनाने की विभिन्न विधियों का वर्णन किया। उन्होंने नैनो मेटेरियल की कई प्रकार की संश्लेषण विधियों पर भी प्रकाश डाला। एफडीपी के संयोजक डॉ. जेपी शर्मा ने सभी सत्रों में स्रोत व्यक्तियों का स्वागत किया और एफडीपी के बारे में जानकारी रखी।

# आईएचएम में हिमाचली 'धाम' की महक, डीसी ने की सराहना

## द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने 'बल्क कुकिंग' के प्रेक्टिकल टेस्ट के दौरान परोसे हिमाचली व्यंजन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने 'बल्क कुकिंग' यानी एक साथ बड़े पैमाने पर व्यंजन तैयार करने के प्रशिक्षण के तहत बुधवार को हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों की पारंपरिक 'धाम' के व्यंजन तैयार किए तथा इन्हें हमीरपुर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों एवं अन्य गणमान्य लोगों को लंच के तौर पर परोसा।

संस्थान के परिसर में आयोजित बल्क कुकिंग के इस प्रेक्टिकल टेस्ट में विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों में शादी समारोहों, धार्मिक अनुष्ठानों, उत्सवों और अन्य महत्वपूर्ण आयोजनों के दौरान तैयार की जाने वाली 'धाम' के अलग-अलग व्यंजन तैयार किए। विद्यार्थियों ने पारंपरिक परिधानों में सभी गणमान्य लोगों को टौर के पतलों में व्यंजन परोसे। इस मौके पर विशेष रूप से



हिमाचली व्यंजनों का लुत्फ उठाते गणमान्य।

उपस्थित उपायुक्त अमरजीत सिंह, एडीएम एवं आईएचएम के कार्यकारी प्रधानाचार्य राहुल चौहान और अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई सेप्पो बड़ी, राजमाह का मदरा, तेलिया माश, चने दाल, चने का खट्टा, मीठे चावल और कई अन्य जायकेदार व्यंजनों की खूब सराहना की।

विद्यार्थियों ने इन व्यंजनों में प्रयुक्त होने वाले पारंपरिक बर्तनों की प्रदर्शनी भी लगाई। आईएचएम प्रबंधन और सभी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उपायुक्त अमरजीत सिंह ने कहा कि हिमाचल के पारंपरिक व्यंजनों को तैयार करके इन्हें पारंपरिक ढंग से ही परोस कर संस्थान ने एक नई पहल की है। इससे हिमाचल की समृद्ध लोकसंस्कृति और पारंपरिक व्यंजनों के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा तथा इनकी महक देश-विदेश तक पहुंचेगी।

उपायुक्त ने कहा कि जिला हमीरपुर में मेलों-उत्सवों या अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर आईएचएम के विद्यार्थियों को अपनी पाक-कला के प्रदर्शन के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर संस्थान के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने उपायुक्त और अन्य सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा संस्थान की उपलब्धियों एवं विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार भी संस्थान के आउटगोइंग बैच के सभी विद्यार्थियों की अच्छी प्लेसमेंट हुई हैं।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन, उपसचिव राजीव ठाकुर, एसडीएम संजीत सिंह, सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल, विजिलेंस की एएसपी रेणु शर्मा, डीएसपी नितिन चौहान, डीआरडीए की परियोजना अधिकारी अस्मिता ठाकुर, नादौन के बीडीओ निशांत शर्मा, ब्वॉयज स्कूल के प्रधानाचार्य मुश्ताक मोहम्मद, गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्य पूनम चौहान, केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील चौहान और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# हमीरपुर से मंडी रूट पर जाने वाली बस जाहू बस स्टैंड पर हांफी

**एसके शर्मा, जाहू**




जाहू बस स्टैंड पर खराबी आने से खड़ी बस।

हिमाचल पथ परिवहन की निगम की बसों का सड़कों पर हांफने का सिलसिला नहीं रुक रहा है। हमीरपुर डिपो की हमीरपुर से मंडी जाने वाले बस जाहू बस स्टैंड तक तो ठीक पहुंच गई परंतु जब दोबारा बस को मंडी के लिए रवाना होना था तो अचानक जाहू बस स्टैंड पर तकनीकि खराबी आने की बजह से बस स्टैंड की बीच ही हांफ गई।

चालक द्वारा बस को स्टार्ट करने के लिए काफी प्रयत्न किया गया, लेकिन बस स्टार्ट नही हो पाई। इससे बस में यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और बस में बैठी सवारियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी दिक्कत हुई। ऐसे मामलों से कहीं न कहीं हिमाचल पथ परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लगते दिख रहे हैं। जाहू बस स्टैंड पर 15 दिन पहले भी परिवहन की बस स्टैंड पर हांफ गई थी परंतु उस बस को लोगों के द्वारा धक्का मारकर स्टार्ट कर दिया गया था। (अनंत ज्ञान)

**आस्था** ब्रह्मलीन महंत शिवगिरि की याद में आयोजित किया जाता है बरसी मेला

# गायक करनैल राणा की भेंटों पर झूमे श्रद्धालु

**एसके ठाकुर, बड़सर**



ब्रह्मलीन महंत शिवगिरि की याद में आयोजित 21वां बरसी मेला सिद्ध बाल योगी नाथ के आशीर्वाद के साथ संपन्न हुआ। बरसी मेले का आयोजन महंत श्री श्री श्री 1008 राजेंद्र गिरि महाराज के आवास परिसर में प्रति वर्ष की भांति 19 फरवरी को धूमधाम से मनाया गया। इस बरसी मेले में देश-विदेश से असंख्य श्रद्धालु यहां पंहुचे थे और संत समाज भी इस भव्य बरसी मेले के आयोजन का गवाह बना है।

इस भव्य आयोजन का शुभारंभ बुधबार को सुबह संत समाज की उपस्थिथि मे 10 बजे ध्वजारोहण के साथ हुआ। सुबह 10 बजे से लेकर सायं 5 बजे तक लगातार बाबा के गुणगान में चौकियों का आयोजन किया गया। इसमें लगातार महंत 1008 राजेंद्र गिरि महाराज के आशीर्वाद के बीच उमड़ा श्रद्धालुओं का समूह श्रद्धा और आस्था के साथ सराबोर रहा। बरसी मेले के लिए महंत आवास सहित आसपास के क्षेत्र को दुल्हन की तरह सजाया गया था, सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक पंजाब व हिमाचल के प्रसिद्ध गायकों ने बाबा की चौकी मे गुणगान कर उपस्तिथ भक्तों को निहाल किया।

इस दौरान महंत प्रशासन की तरफ से श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान मे रखते हुए अटूट लंगर से लेकर चाय, काफी, पानी व अन्य खाद्य पदार्थो के स्टाल लगार सेवा भी की। दियोटसिद्ध नगरी मे सारा दिन पवित्र गुफा के दर्शनों के बाद महंत श्री के आशीर्वाद के लिए पंडाल मे प्रभात फेरी का सिलसिला चलता रहा।

इस अवसर पर बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध के महंत राजेन्द्र गिरि जी महाराज ने कहा कि बरसी मेले में दूर-दूर से बाबा बालक नाथ के भक्त यहां पहुंचे। उन्होंने कहा कि बरसी मेले में पंजाब और हिमाचली गायकों ने बाबा जी की भेंटों का गुणगान किया। उन्होंने कहा कि बाल योगी बाबा बालक नाथ भोले नाथ के अवतार व कलियुग के साक्षात सिद्ध देव हैं।

यही कारण है कि मौजूदा दौर में बाबा बालक नाथ की ख्याति व प्रचार-प्रसार दुनिया भर में फैल रहा है। गुरु ब्रह्मलीन महंत शिवगिरि के विकास के नक्शे चिन्हों पर चलने के लिए मैं वचनबद्ध हूं और आखिरी सांस तक दियोटसिद्ध के विकास के लिए संघर्षरत रहूंगा, क्योंकि यही मेरा फर्ज है और यही मेरा कर्म है। (अनंत ज्ञान)

# कोविड के कारण खराब परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षकों की न रोकें इंक्रीमेंट: संघ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- शिक्षकों की इंक्रीमेंट रोकने के निर्णय का हो रिव्यू

कोविड लॉकडाउन के चलते करीब दो साल तक बच्चों की पढ़ाई में विघ्न उत्पन्न हुआ था। यह विकट परिस्थिति थी जिसमें ऑनलाइन शिक्षण किया गया, मगर कई क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क नहीं होना या गरीबी के चलते अभिभावकों के पास मोबाइल नहीं होना बच्चों के लिए पढ़ाई में रुकावट बना। भले ही सरकार ने आदेश देकर इन बच्चों को प्रमोट करवा दिया, मगर पाठ्यक्रम की गहराई से वांछित पढ़ाई नहीं होने के चलते बच्चों का अगली कक्षाओं में परीक्षा परिणाम कुप्रभावित हुआ। इसके चलते उनकी स्कोरिंग अगली कक्षाओं में कम रही जबकि समस्त अन्य तरह के गैर शैक्षिक कार्य कोविड के बाद शिक्षकों से लिए जाते रहे।

वर्ष 2024 में शिक्षकों से ऐसे गैर शैक्षिक कार्य लेने पर शिक्षा सचिव ने रोक लगाई, जिसके चलते परीक्षा परिणाम बेहतर आए और परख सर्वेक्षण में पूरे देश में हिमाचल कई मानकों में अव्वल भी आया है। ऐसे में कोविड के बाद शिक्षकों के खराब कक्षा परिणाम हेतु उनकी इंक्रीमेंट रोकने की कार्रवाई स्थगित की जाए। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल ने प्रदेश सरकार से की है।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि इसके अलावा जिन शिक्षकों ने स्कूलों में स्टाफ उपलब्ध नहीं होने के चलते स्कूल के सारे डाक कार्य और गैर शैक्षिक कार्य किए हैं, उनकी इंक्रीमेंट रोकने की बजाए चेतावनी जारी करना सही कदम होना था। जिन स्कूलों में परीक्षा परिणाम शून्य था, संघ उनकी इंक्रीमेंट बहाली हेतु नहीं कह रहा है, मगर जिन स्कूलों में औसत से नीचे परिणाम आने पर इंक्रीमेंट रोकने हेतु आदेश हुए हैं, उन पर रोक लगानी चाहिए। संघ ने निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा से इस बारे में शीघ्र रिव्यू करने की अपील की है।

# एनआईटी में नौकरी पर सवाल, पिता का नाम और जाति दोनों बदले!

## वरिष्ठ सहायक की नौकरी को बदल डाले दस्तावेज, विजिलेंस से भी शिकायत

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान का मुख्य गेट।

यहां स्थित एनआईटी में वरिष्ठ सहायक के पद पर कुछ साल पहले ली गई वरिष्ठ सहायक की नौकरी पर सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक नौकरी के लिए एक महिला ने जाति प्रमाण पत्र के मामले और पिता के नाम बदलकर मामले को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। अभी महिला की 6-7 साल नौकरी बाकी है, लेकिन एक शिकायतकर्ता ने इसकी शिकायत अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और विजिलेंस विभाग को लिखित तौर पर कर दी है। उन्होंने इस शिकायत में दस्तावेज भी लगाए हैं।

जिनमें कहा गया है कि महिला के भाई सामान्य वर्ग में नौकरी पर तैनात हैं, जबकि इस महिला ने ओबीसी के सर्टिफिकेट के आधार पर नौकरी ली है। हालांकि, अभी राष्ट्रीय प्रयोग की संस्थान की रजिस्ट्रार अर्चना ननोटी का कहना है कि फिलहाल शिकायत उनके पास नहीं आई है। ऐसी कोई शिकायत आएगी, तो निश्चित रूप में संस्थान उसकी जांच करेगा, लेकिन उन्होंने यह भी बताया कि संबंधित महिला के परिजनों या अन्यों के साथ कोई और घरेलू विवाद है। जिसे लेकर मामला किसी अदालत में चल रहा है।

### जांच शुरू करने की तैयारी में विजिलेंस, महिला के भाई ने भी किया जालसाजी का खुलासा

उनका कहना है कि अदालत ने जो उनसे मांगा था, उसे उन्होंने भेज दिया है। उसका जवाब दे दिया गया है। महिला ने जाति प्रमाण पत्र या फिर पिता का नाम बदलकर नौकरी लेने के समय की प्रक्रिया में दस्तावेज दिए हैं, उसकी जानकारी उन्हें नहीं है, लेकिन शिकायत आएगी तो इस मामले पर संस्थान हमेशा गंभीर है और जांच भी करेगा। (अनंत ज्ञान)

### विजिलेंस को भी भेजी शिकायत

सूत्रों के मुताबिक एक शिकायतकर्ता ने संबंधित दस्तावेजों के साथ विजिलेंस को भी शिकायत भेजी थी, उसका प्रोसेस भी शुरू हो चुका है। शिकायतकर्ता, महिला का भाई नसीब खान है। उन्होंने कहा है कि वह सामान्य वर्ग में आते हैं और परिवार से सदस्य पुलिस में भी सेवारत हैं।

अब देखना यही है कि यदि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इस मामले को लेकर जांच शुरू करता है तो उसमें निकलता क्या है क्या शिकायतकर्ता की शिकायत में दम है या फिर यह सारा मामला पारिवारिक कारणों का है। सीधी बात यही है कि यदि संस्थान जांच करवाता है तो उसमें निकलेगा क्या या फिर विजिलेंस अपने स्तर पर इस मामले को लेकर शिकायत की जांच करेगा तभी वास्तविकता सामने आ पाएगी, लेकिन इतना जरूर है की नौकरी से जुड़े हुए इस मामले को लेकर फिलहाल यहां चर्चाओं का माहौल गर्म हो गया है, क्योंकि एनआईटी की रजिस्ट्रार अर्चना ननोटी का कहना है कि मामले की नियमों के तहत जांच शुरू की जा सकती है यदि उन्हें भी शिकायत मिलेगी। कर दी है। फिलहाल उन्होंने शिकायत करता की शिकायत मिलने से इनकार किया लेकिन इतना दम जरूर भरा कि यदि शिकायत आएगी तो जांच होगी।

# वार्ड 4 के पार्क में ही लगेगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा

## नगर परिषद की बैठक में लिया फैसला, ऐसे स्थान पर लगाए जहां किसी को आपत्ति न हो

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



महाराणा प्रताप की प्रतिमा सुजानपुर शहर के उसी वार्ड में नगर परिषद द्वारा बनाए जा रहे पार्क के भीतर ही लगाई जाएगी। प्रतिमा ऐसे स्थान पर स्थापित होगी, जिससे किसी को भी आपत्ति न हो।

नगर परिषद ईओ अजमेर ठाकुर ने आयोजित बैठक संपन्न होने के बाद बताया कि मूर्ति स्थापना के साथ-साथ शहर में विकास कार्य को लेकर भी चर्चा हुई है, जिस पर तमाम पार्षदों ने सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में शहर में राष्ट्रीय स्तरीय होली मेला आयोजित होगा। युद्ध स्तर पर कार्य शुरू किए हैं, ताकि समय रहते हुए कार्य पूरे हों और होली मेले के शुभारंभ को लेकर आने वाले मुख्यातिथि से उन कार्यों का शुभारंभ करवाया जा सके।

उन्होंने कहा कि शहर की सुंदरता को चार चांद लगे। इसके लिए विशेष कार्य शुरू किए गए हैं। सेल्फी प्वाइंट बनाए जा रहे हैं। प्राकृतिक जल स्रोतों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। शहर के मुख्य एंट्री गेट पर भव्य गेट बनाए जा रहे हैं। पुराने चबूतरों को नए सिरे से बनाने की योजना है। होली मेले में तमाम चबूतरे शानदार लगे लाइटिंग की व्यवस्था हो इसको लेकर भी कार्य किया जा रहा है। शहर में डिजिटल लाइब्रेरी का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। फर्नीचर इसमें लगना बाकी है। उसका भी शुभारंभ होली मेले के दौरान करवाया जाएगा।

सुजानपुर के ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्तरीय होली पर्व पर महाराजा संसार चंद की नगरी का लुक बदला नजर आएगा। नई रंगत देने को लेकर के नगर परिषद सुजानपुर द्वारा भरपूर प्रयास शुरू हो गए हैं। शहर में नयापन दिखे इसी योजना को लेकर के अमलीजामा पहनाने का प्रयास शुरू कर दिया है। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष शकुंतला देवी ने की। जिसमें राष्ट्रीय स्तरीय होली उत्सव को लेकर के शहर के चकाचौंध को लेकर के विस्तार से चर्चा हुई।

### चार सेल्फी प्वाइंट बनेंगे

सुजानपुर शहर में पहली बार चार सेल्फी प्वाइंट बनाने को लेकर के कार्य शुरू किया जा रहा है। चौगान के चारों ओर पांच दर्जन के करीब रंगदार द्रुम को स्थापित किया जाएगा, जो सुंदरता के साथ-साथ कूड़ा दान के काम भी आएंगे। चौगान के भीतर किनारे सुंदर फूल-पौधे भी स्थापित किए जाएंगे। नगर परिषद की बैठक में इन मुद्दों को लेकर के शहर में विकास कार्य को गति मिले तथा नया लुक दिखे पर जोरदार चर्चा हुई।

### क्या कहते हैं नगर परिषद के ईओ

नगर परिषद ईओ अजमेर ठाकुर ने बताया कि आने वाले समय में सुजानपुर नए लुक में होगा। शहर को सुंदर बनाने के लिए नगर परिषद द्वारा प्रयास किया जा रहा है। पुरानी धरोहरों को सहेजा जा रहा है। शहर का सौंदर्य करण किया जा रहा है। कुछ कार्य पूरे हो चुके हैं। बस स्टैंड के सामने बनी दुकानों के बीच वर्षाशालिका को भी नई रंगत दी जा रही है। सुजानपुर का कायाकल्प होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### माता चिंतपूर्णी मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था होगी और पुख्ता

**विवेक शर्मा, अंब।** चिंतपूर्णी में प्रशासन श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधाएं में और इजाफा करने जा रहा है। इसके लिए यहां एक तरफ मंदिर प्रशासन भरवाईं चौक से लेकर शंभू बाईपास तक सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी कर रहा है। वहीं, दूसरी तरफ तलवाड़ा रोड पर श्रद्धालुओं के लिए रोड साइड सुविधा केंद्र बनाने के लिए जगह तलाश करने लगा है। चिंतपूर्णी में अभी तक मंदिर के आसपास ही सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। जिसमें यहां दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की गतिविधियों को कैप्चर किया जाता है। अब मंदिर प्रशासन इस एरिया को बढ़ाकर यहां एक तरफ भरवाईं चौक तक लेने जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ शंभू बाईपास तक कवर करने जा रहा है। इसको लेकर प्रशासन ने एसएचओ भरवाईं को जिम्मा सौंप दिया है। इतना ही नहीं प्रशासन पर भरवाईं में ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन कैमरे भी लगाने जा रहा है। ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन कैमरा लग जाने के बाद मंदिर की तरफ जाने वाले वाहनों की हाई स्पीड में तो ब्रेक लगेगी ही वहीं दूसरी तरफ रात के अंधेरे में दुर्घटना को अंजाम देकर भागने वाले लोगों पर भी अंकुश लगेगा। इस संदर्भ में बात करते हुए एसडीएम अंब सचिन शर्मा ने बताया कि इन मुद्दों को लेकर मंदिर प्रशासन के साथ बैठक की गई है। इन योजनाओं को बहुत जल्द धरातल पर लाया जाएगा।

### हिमाचल को मिलने वाले ऋण सीमा में केंद्र सरकार ने की भारी कटौती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि केंद्र सरकार लगातार हिमाचल प्रदेश के साथ भेदभाव कर रही है। राज्य सरकार के कई मंत्रियों ने बार-बार केंद्र सरकार के मंत्रियों से मिलकर अपनी बात रखी है, लेकिन आश्वासन के सिवा हिमाचल प्रदेश के लोगों को कुछ नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश मंत्रिमंडल की पहली बैठक में प्रदेश सरकार ने राज्य के 1 लाख 36 हजार एनपीएस कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल की, जिससे नाखुश भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश के नेताओं ने कर्मचारी विरोधी विचारधारा के चलते हिमाचल प्रदेश पर कई वित्तीय प्रतिबंध लगाए। पुरानी पेंशन योजना लागू करने के बाद केंद्र ने हिमाचल को मिलने वाली ऋण सीमा में भारी कटौती की, ताकि हमारी सरकार पर ओपीएस बंद करने का दबाव बना सके। केंद्र के पास एनपीएस के तहत प्रदेश के लगभग 9 हजार करोड़ रुपए फंसे हैं, जिसे केंद्र सरकार से वापस लौटाने का बार-बारे आग्रह किया गया है। इस संबंध में कई बार प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व ने केंद्रीय नेताओं से मुलाकात कर कर्मचारी एवं प्रदेश हित में इस राशि को लौटाने की मांग रखी है। इस संबंध में अभी तक केंद्र की तरफ से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली है। केंद्र सरकार एनपीएस की जमा राशि लौटाने के बजाए प्रदेश पर कर्मचारियों को पुनः एनपीएस अथवा यूपीएस के दायरे में लाने के लिए लगातार पत्र भेज रही है। उद्योग मंत्री एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्ष 2023 में हिमाचल प्रदेश पर अभूतपूर्व प्राकृतिक आपदा आई थी। ऐसे बुरे वक्त में भी भारत सरकार ने राहत और पुनर्वास कार्यों के लिए प्रदेश के लोगों की कोई सहायता नहीं की। स्वयं केंद्रीय दल ने आपदा उपरान्त आवश्यकता आकलन किया और हिमाचल में आपदा से हुआ नुकसान 9 हजार 42 करोड़ रुपए आंका था, लेकिन केंद्र ने हिमाचल प्रदेश के हितों का इस प्रकार तिरस्कार किया है कि लगभग दो वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के पश्चात आज तक प्रदेश को बतौर सहायता राशि एक रुपया भी नहीं दिया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री सुक्खू स्वयं भी कई बार केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर हिमाचल प्रदेश के हक को तुरंत जारी करने की मांग कर चुके हैं। मंत्रियों ने कहा कि भाखड़ा बांध प्रबंधन बोर्ड के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के प्रदेश के पक्ष में फैसले के बावजूद बीबीएमबी ने 4500 करोड़ रुपए का बकाया भी प्रदेश को नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार यह धनराशि राज्य को जारी कर दे तो हिमाचल आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को शीघ्र हासिल करेगा।

# अंतरराज्यीय आभूषण महिला चोर गिरोह का पर्दाफाश

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने आभूषण चोरी मामलों में संलिप्त अंतरराज्यीय महिलाओं के एक गिरोह का बुधवार को पर्दाफाश किया है। पुलिस ने सुंदरनगर शहर के भोजपुर बाजार में बीते वर्ष हुई लाखों के गहनों की चोरी मामले को 8 महीनों के बाद सुलझा लिया गया है।

पुलिस टीम ने एएसआई दौलत कटारिया के नेतृत्व में बाहरी राज्यों से प्रदेश में आकर आभूषण चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह की महिलाओं को भोजपुर बाजार से गिरफ्तार कर आगामी जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने दोनों आरोपी महिलाओं को पहचान लिया है। वहीं, पुलिस अब गिरफ्तार की गई दोनों महिला आरोपियों से कड़ी पूछताछ अमल में लाते हुए चोरीशुदा गहनों की रिकवरी करने को जांच कर रही है। आरोपी महिलाओं द्वारा चोरी किए गए गहनों की कीमत लगभग 8 से 9 लाख आंकी



### पुलिस टीम ने 8 महीने बाद सुलझाया मामला

जा रही है। वहीं, पुलिस को इन आरोपी महिलाओं की संलिप्तता बीते माह कुल्लू बाजार में आभूषण की दुकान से हुई गहनों की चोरी मामले में भी लग रही है।

गौरतलब है कि उपमंडल सुंदरनगर के प्रमुख बाजार भोजपुर में बीते वर्ष 19 जून को बर्तन की दुकान में खरीदारी कर रही सास-बहू से लाखों रुपए के आभूषणों की चोरी मामले में इन दोनों महिलाओं की संलिप्तता पाई गई थी। इसके बाद संदेह के आधार पर पुलिस ने आरोपी महिलाओं की धरपकड़ को लेकर कई स्थानों पर छापेमारी भी की गई, लेकिन उनके हाथ आरोपी महिलाओं का कोई सुराग न लग पाया था। वहीं, बुधवार को जब एक बार फिर दोनों महिलाएं भोजपुर बाजार में पहुंची तो उन्हें संयुक्त व्यापार मंडल के एक सदस्य ने अपनी दुकान के बाहर बैठी महिलाओं को पहचान लिया और अध्यक्ष सुरेश कौशल को इस बारे जानकारी दी। जब कौशल ने आरोपी महिलाओं का पीछा किया तो उनकी पहचान सीसीटीवी फुटेज के साथ मिलाने पर साफ हो गया कि दोनों संदिग्ध महिलाएं आभूषण चोरी में शामिल रही आरोपी है। इस पर पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने मौके पर पहुंच कर दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ आरंभ कर दी है। एसपी साक्षी वर्मा ने बताया आरोपी महिलाओं से पूछताछ शुरू कर दी गई है और आभूषण बरामदगी को लेकर कार्रवाई जारी है। (अनंत ज्ञान)

# महाकुंभ की लोकप्रियता विपक्षी गठबंधन के नेताओं के दुख का कारण : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि इंडी ब्लॉक के नेताओं को सनातन के साथ न जाने क्या चिढ़ है कि वह हमेशा सनातन का अपमान करना चाहते हैं। महाकुंभ के आरंभ से लेकर अब तक विपक्षी गठबंधन के ज्यादातर नेताओं ने अपनी मंशा जाहिर कर दी है। कुंभ को लेकर इंडी ब्लॉक के नेताओं ने अपने भीतर का जहर ही उगला है। जैसे-जैसे महाकुंभ में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे विपक्षी गठबंधन के नेताओं की हताशा बढ़ती जा रही है और उनकी वोट बैंक के चक्कर में सनातन की परंपराओं का अपमान करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है।

इंडी ब्लॉक के नेताओं के विरोध के बाद भी महाकुंभ में हर दिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। आंकड़ों के मुताबिक कुंभ में अब तक 55 करोड़ से ज्यादा लोग स्नान कर चुके हैं यह आंकड़ा अभी और भी बढ़ने वाला है।

महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सफल महाकुंभ के आयोजन की बधाई एवं समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा बताया गया है कि कुंभ की वजह से उत्तर प्रदेश की जीडीपी में ही साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए का इजाफा हो रहा है। सनातन की यह महिमा कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन को रास नहीं आ रही है इसलिए वह हताशा में बयान दे रहे हैं। कांग्रेस समेत समस्त विपक्षी गठबंधन के नेताओं से निवेदन है कि देश की भावना समझें, सनातन के प्रति अपना नजरिया बदले और सनातन का सम्मान करना सीखें।

### शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में खुलासा

# हिमाचल का 45 प्रतिशत क्षेत्र प्राकृतिक आपदाओं के लिए संवेदनशील

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश का 45 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र बाढ़, भूस्खलन और हिमस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। यह बात भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), रोपड़ के शोधकर्ताओं की टीम द्वारा किए गए एक अध्ययन में सामने आई है। प्रदेश के 45 फीसदी से अधिक क्षेत्र बाढ़, भूस्खलन और हिमस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के लिए संवेदनशील बना हुआ है। यह बात रोपड़ के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में सामने आई है। इस अध्ययन के निष्कर्ष बॉम्बे में आयोजित दूसरे भारतीय क्रायोस्फीयर मीट में प्रस्तुत किया गए हैं।

जानकारी के अनुसार शोधकर्ताओं टीम ने हाल ही में हिमालयी राज्यों में बहु-खतरे की संवेदनशीलता का आकलन करने के लिए कई आईआईटी के शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों द्वारा किए गए व्यापक प्रयास के हिस्से के रूप में राज्य का खतरा संवेदनशीलता मानचित्रण पूरा किया है। इसका लक्ष्य एक साथ कई प्राकृतिक खतरों से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान करना और लक्षित आपदा जोखिम न्यूनीकरण रणनीतियों में सहायता करना है। इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने जीआईएस-आधारित मानचित्रण का इस्तेमाल करते हुए जोखिम वाले क्षेत्रों का



फाइल फोटो

#### हिमाचल सरकार को नहीं मिली अभी तक आधिकारिक प्रति

**राज्य** सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार अभी तक उन्हें आधिकारिक प्रति नहीं मिली है। जैसे ही रिपोर्ट की आधिकारिक प्रति राज्य सरकार को मिलेगी, इस संबंध में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में हाल के वर्षों में बादल फटना और अचानक बाढ़ आना आम बात हो गई है। प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाली जान-माल की हानि मुख्य रूप से मानवीय हस्तक्षेप के कारण होती है, खासकर पर्यावरण के प्रति संवेदनशील हिमालयी क्षेत्रों में।

पता लगाया है। इस अध्ययन से यह सामने आया कि बाढ़ और भूस्खलन के खतरे वाले क्षेत्र आमतौर पर निचली ऊंचाई वाले नदी घाटियों में पाए जाते हैं, जबकि उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमस्खलन का खतरा अधिक है। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि खड़ी पहाड़ी ढलान और 3,000 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र 'सबसे अधिक जोखिम' में हैं।

### पांवटा में 1.614 किलोग्राम चरस समेत व्यक्ति दबोचा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब के तारूवाला में फॉरेस्ट कॉर्पोरेशन के सेल डिपो परिसर बने एक रिहायशी कमरे से पुलिस ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर दबिश देकर 1.614 किलोग्राम चरस बरामद की है। डीएसपी पांवटा मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने मामले में आरोपी प्रदीप कुमार पुत्र श्याम लाल निवासी सुदाना, जिला शिमला को हिरासत में लिया गया है। डीएसपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज जांच जारी है।

# एम्स बिलासपुर ने पहली बार की ब्रेकीथैरेपी प्रक्रिया, सर्विक्स कैंसर के इलाज में नई उपलब्धि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



कैंसर उपचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर ने पहली बार ब्रेकीथैरेपी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। यह उपलब्धि न केवल संस्थान के लिए, बल्कि हिमाचल प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों के कैंसर मरीजों के लिए भी एक नई उम्मीद लेकर आई है।

एम्स बिलासपुर के डॉक्टरों ने 71 वर्षीय महिला मरीज पर यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की, जो धर्मशाला की रहने वाली हैं। उन्हें सर्विक्स कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) स्टेज आईआईबी का निदान हुआ था। विशेषज्ञों ने उन्हें बाहरी बीम रेडियेशन के बाद ब्रेकीथैरेपी की सलाह दी, जिसके तहत फरवरी के पहले सप्ताह में उनकी पहली इंटरकाविटी ब्रेकीथैरेपी सत्र की प्रक्रिया पूरी की गई।

यह महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रक्रिया 14 फरवरी को एम्स बिलासपुर के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी और एनेस्थेसिया विभाग के संयुक्त प्रयास से पूरी हुई। रेडिएशन ऑन्कोलॉजी टीम में डॉ. प्रियंका ठाकुर, डॉ. निकेता ठाकुर और डॉ. हार्दिक शर्मा शामिल थे, जबकि एनेस्थेसिया विभाग की प्रमुख डॉ. विजयलक्ष्मी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपचार के दौरान, हाई-डोज रेट फ्लेक्सिट्रॉन मशीन के माध्यम से इरिडियम-192 आइसोटोप का उपयोग किया गया, जिससे आंतरिक रेडियेशन को लक्षित क्षेत्र में सटीक रूप से भेजा गया।

# रोहड़ू में मीट मार्केट के पास नेपाली की हत्या, 3 काबू

**दशमी रावत, रोहड़ू**

पुलिस थाना रोहड़ू के अंतर्गत मंगलवार देर रात को एक नेपाली की हत्या का मामला दर्ज हुआ है। हत्या के आरोप में पुलिस ने नेपाली मूल के तीन व्यक्तियों मोहन सिंह, गोपाल व प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, मृतक की पहचान राहुल निवासी नेपाल मूल के व्यक्ति के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार जब दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तो



उस समय दोनों नशे की हालत में कमरे में ही पाए गए। वहीं, इस आरोप में तीसरे आरोपी को पुलिस ने नए बस स्टैंड रोहड़ू के पास उस समय पकड़ा जब वह बस पकड़कर रोहड़ू से बाहर भागने की फिराक में था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ईशांत पुत्र ज्वाला प्रसाद निवासी गांव थाना तहसील टिक्कर ने पुलिस को सूचना दी कि उसका रोहड़ू मीट मार्केट के पास चार मंजिला मकान है। जिसमें कुछ किरायेदार रहते है। 19 फरवरी को सुबह करीब 8 बजे मुमताज उर्फ राजू ने उसे फोन पर सूचना दी कि मोहन सिंह के कमरे के दरवाजे व बाहर गैलरी में काफी खून के निशान पड़े हुए है और कूड़े के ढेर के पास झाड़ियों में एक व्यक्ति पड़ा हुआ है। उसने मौके पर पुलिस को सूचित किया। उसे पूरा यकीन हुआ कि मृत व्यक्ति राहुल की हत्या मोहन सिंह, गोपाल व प्रकाश ने रात के समय की है। इशांत के ब्यान पर पुलिस ने थाना रोहड़ू में हत्या का मामला दर्ज किया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के लिए राजकीय चिकित्सालय रोहड़ू भेजा गया। (अनंत ज्ञान)

# केंद्रीय राज्य रेल मंत्री पर भ्रामक व झूठे तथ्य पेश करने का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा दिए गए बयान को भ्रामक और तथ्यात्मक रूप से गलत बताया है। बुधवार को जारी एक प्रेस वक्तव्य में दोनों मंत्रियों ने कहा कि भानुपल्ली-बिलासपुर रेल लाइन की प्रारंभिक अनुमानित लागत लगभग 3,000 करोड़ रुपए थी, जिसमें केंद्र सरकार 75 प्रतिशत धनराशि देने के लिए प्रतिबद्ध है और भूमि अधिग्रहण की अनुमानित लागत 70 करोड़ रुपए आंकी गई है।

मंत्रियों ने बताया कि रेललाइन के निर्माण की कुल लागत अब दोगुनी से बढ़कर 7,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गई है। इसके अतिरिक्त, भूमि अधिग्रहण की लागत बढ़कर

### जगत सिंह नेगी और विक्रमादित्य सिंह ने जारी किया साझा बयान

1,100 करोड़ रुपए हो गई है, जबकि केंद्र सरकार ने इस परियोजना के लिए 70 करोड़ रुपए से अधिक धनराशि प्रदान करने से साफ इनकार कर दिया है, जिसके कारण भूमि अधिग्रहण पर पूरा खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि एक मार्च, 2023 से वर्तमान राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश में रेलवे विकास परियोजनाओं के लिए रेल विकास निगम लिमिटेड को लगभग 300 करोड़ रुपए का योगदान दिया है। यह केंद्रीय रेल राज्य मंत्री द्वारा किए गए दावों का खंडन करता है, क्योंकि उनके बयान तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। रेल मंत्रालय की वेबसाइट वार्षिक पिंक बुक प्रकाशित करती है, जिसमें एक वित्तीय वर्ष के लिए नियोजित रेलवे निर्माण परियोजनाओं की सूची होती है। हालांकि, नवीनतम पिंक बुक अभी तक अपलोड नहीं की गई है, जिससे यह दावा सत्यापित करना असंभव है कि हिमाचल प्रदेश के लिए 11,806 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। मंत्रियों ने स्पष्ट किया कि यह राशि कोई विशेष अनुदान नहीं है, बल्कि केवल बजटीय अनुमान है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 से 2024 के बीच हिमाचल प्रदेश को उत्तराखंड के मुकाबले केंद्र सरकार से बहुत कम वित्तीय सहायता मिली है। उन्होंने कहा कि ऐसी वित्तीय सहायता केंद्र प्रायोजित योजनाओं का हिस्सा है जो हिमाचल प्रदेश के लोगों पर कोई उपकार नहीं बल्कि उनका संवैधानिक अधिकार है।

## आस | डीसी बिलासपुर ने पर्यटन विभाग को संभावनाएं तलाशने के आदेश

# चंगर सेक्टर में एडवेंचर स्पोर्ट्स गतिविधियां जल्द होंगी शुरू

**शुभम राही, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन ने एक और बड़ा कदम उठाया है। डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने शहर के चंगर सेक्टर में रॉक क्लाइंबिंग, जंगल फॉरेस्ट ट्रेल और जिप लाइन जैसी साहसिक खेल (एडवेंचर स्पोर्ट्स) गतिविधियों को शुरू करने की योजना बनाई है। इस पहल से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को भी रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।


बिलासपुर उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने पर्यटन विभाग को निर्देश दिया है कि वह चंगर सेक्टर में इन गतिविधियों के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान करें और आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास पर कार्य योजना तैयार करे। इस क्षेत्र में घने जंगल, पहाड़ियां और प्राकृतिक सौंदर्य मौजूद है, जो इसे साहसिक खेलों के लिए आदर्श बनाता है। चंगर सेक्टर में एडवेंचर स्पोर्ट्स की शुरुआत से हिमाचल आने वाले पर्यटकों को रोमांचक अनुभव मिलेगा। रॉक क्लाइंबिंग, जंगल ट्रेल और जिप लाइन जैसी गतिविधियां युवाओं और पर्यावरण प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकती हैं।

इस परियोजना से स्थानीय लोगों को भी फायदा होगा। एडवेंचर स्पोर्ट्स से जुड़े प्रशिक्षकों, गाइड्स, होटल व्यवसायियों और अन्य स्थानीय व्यापारियों को नए अवसर मिलेंगे। इससे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार मिल सकेगा। बिलासपुर प्रशासन जल्द ही इस योजना पर काम शुरू करने वाला है। अधिकारियों के अनुसार, पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए यह परियोजना विकसित की जाएगी, ताकि क्षेत्र का जैव-विविधता संतुलन बना रहे। इस पहल से बिलासपुर को एक नया पर्यटन केंद्र बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। यदि यह योजना सफल होती है, तो आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश में एडवेंचर टूरिज्म के लिए एक और शानदार गंतव्य जुड़ सकता है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

बता दें कि बिलासपुर प्रशासन इस परियोजना को जल्द से जल्द धरातल पर लाने के लिए गंभीरता से काम कर रहा है। अधिकारियों के अनुसार, इस क्षेत्र में सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन को प्राथमिकता दी जाएगी इस योजना को सफल बनाने के लिए बुनियादी ढांचे, आवश्यक उपकरणों और गाइड्स की ट्रेनिंग पर भी ध्यान दिया जाएगा। जिला प्रशासन जल्द ही विशेषज्ञों के साथ मिलकर एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार करेगा, ताकि सभी गतिविधियां सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संचालित की जा सकें। यदि यह योजना सफल होती है, तो बिलासपुर हिमाचल प्रदेश में एडवेंचर टूरिज्म का एक नया केंद्र बन सकता है। इससे न केवल इस जिले की पर्यटन से जुड़ी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं उपायुक्त आबिद हुसैन



**बिलासपुर** के उपायुक्त आबिद हुसैन सादिकचंगर सेक्टर से लेकर सामने वाली फॉरेस्ट पहाड़ी पर एडवेंचर स्पोर्ट्स शुरू करने की प्लानिंग तैयार की जा रही है। इस क्षेत्र में संभावनाएं तलाशने के लिए पर्यटन विभाग को बोला गया है। जल्द कार्य शुरू होगा और बिलासपुर शहर भी इस एडवेंचर स्पोर्ट्स के साथ जुड़ेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### रेड रिबन क्लब ने करवाई लीफ पेंटिंग स्पर्धा

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** राजकीय कॉलेज शिवनगर में रेड रिबन क्लब द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत पत्ती चित्रकारी (लीफ पेंटिंग) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्लब की संयोजक डॉ. नीतिका शर्मा ने प्रतिभागियों को रंग वितरित कर प्रतियोगिता का आरंभ किया। विभिन्न पत्तों पर टीबी के प्रति जागरूक करते हुए विद्यार्थियों ने सुंदर चित्र, नारे व पोस्टर बनाए। इस जागरूकता अभियान में छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता के बाद विजेताओं की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता मे आशीष, बीकॉम तृतीय वर्ष प्रथम, वनीत, बीकॉम द्वितीय वर्ष दूसरे व सुहानी, बीकॉम द्वितीय वर्ष व आयुष, बीकॉम तृतीय वर्ष तीसरे स्थान पर रहे। मुस्कान, बीए द्वितीय वर्ष को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

### सूर्य उदय चैरिटेबल ट्रस्ट ने जीते 18 पदक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अंतरराज्यीय स्पेशल स्कूल स्पोर्ट्स मीट 2025, जोकि ऋषिकेश में ज्योति स्पेशल स्कूल द्वारा 18 और 19 फरवरी को आयोजित की गई। इसमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा एवं हिमाचल के 14 स्कूलों ने भाग लिया। इसमें खनियारा स्थित सूर्य उदय चैरिटेबल ट्रस्ट थेहड़ के 11 बच्चों ने भी 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, सॉफ्ट बॉल थ्रो, लॉन्ग जंप, बोची, शॉर्टपुट आदि गेम्स में भाग लिया और एक गोल्ड,12 सिल्वर और पांच कांस्य पदक अर्जित कर हिमाचल का नाम रोशन किया। इसके अलावा बच्चों ने हिमाचली डांस भी प्रस्तुत किया जिसकी सबने प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में डीआईजी दराडे संजय भास्कर मुख्यातिथि रहे और सभी बच्चों की प्रशंसा की।

### मेडिकल बिलों का भुगतान न होने से पेंशनर्स परेशान

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** मेडिकल बिलों का भुगतान न होने से प्रदेश के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सेवानिवृत कर्मचारियों का कहना है कि वे पिछले लगभग दो सालों से कैंसर, किडनी, ब्रेन जैसी गंभीर बीमारियों के मरीज दवाइयों के सहारे अपना बाकी बचा जीवन जी रहे हैं, लेकिन मेडिकल बिलों का समय पर भुगतान न होने पाने की वजह से वे जीवन और मौत से जूझ रहे हैं । ज्वालामुखी के सेवानिवृत्त एक कर्मचारी ने अपना नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि मेडिकल बिलों का भुगतान न होने से अधिकांश सेवानिवृत्त कर्मचारी जीवन रक्षक दवाइयों के लिए सुक्खू सरकार से आस लगाए बैठे हैं कि कब मेडिकल बिलों का भुगतान होगा, ताकि वे किसी भी अस्पताल से अपना इलाज करवा सकें। प्रदेश के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने सुक्खू सरकार से मांग की है कि काफी समय से लंबित मैडिकल बिलों का भुगतान किया जाए, ताकि वे अपने बाकी जीवन स्वस्थ रहकर सुगमता के साथ व्यतीत कर सकें ।

### केसीसी बैंक की योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, जवाली।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक चलवाड़ा के सौजन्य से पंचायत ढन में वित्तीय जागरूकता कैंप लगाया गया, जिसमें बैंक प्रबंधक विशाल कुमार और सहायक प्रबंधक हरपाल सिंह ने लोगों को बैंक की योजनाओं बारे जानकारी दी। उन्होंने मुद्रा लोन, किसान क्रेडिट कार्ड की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साइबर ठगों से भी सावधान रहें। बैंक से संबंधित कोई भी जानकारी फोन से शेयर न करें। उन्होंने कहा कि खुद भी जागरूक रहें तथा दूसरों को भी जागरूक करें। इस मौके पर पंचायतवासी मौजूद रहे।

# 5 करोड़ से बनी कऊ सेंक्चुरी, फिर भी सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशु

## पूर्व सीएम जयराम ने 2022 में किया था उद्घाटन, आज तक नहीं हुआ संचालन

**अनिल छांगू, जवाली**

जवाली विधानसभा क्षेत्र के अधीन ग्राम पंचायत हार के खबल में 266 कनाल जमीन पर भाजपा सरकार ने पांच करोड़ की लागत से कऊ सेंक्चुरी का निर्माण तो करवा दिया, लेकिन मौजूदा सरकार इसका संचालन करवाने में नाकाम साबित हो रही है। पूर्व की भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने दिसंबर 2022 में इसका उद्घाटन कर दिया था, लेकिन बाद में सत्ता परिवर्तन होने के कारण कांग्रेस सरकार इसका आजतक संचालन नहीं करवा पाई है।

लोगों का कहना है कि इस कऊ सेंक्चुरी में चारा बीजने के लिए भी पर्याप्त जमीन है तथा पीने के पानी की भी उचित व्यवस्था है। इसमें एक हजार बेसहारा मवेशियों को

**कऊ सेंक्चुरी खबल में एक हजार बेसहारा मवेशियों को रखने की है क्षमता**

रखने क्षमता है, लेकिन संचालन न होने के कारण न तो बेसहारा मवेशियों को इसका लाभ मिल पाया है और न ही किसानों को मवेशियों से निजात मिल पाई है। इसका संचालन न होने से बेसहारा पशु सड़कों पर घूमते हैं। कई बार तो मवेशी वाहन चालकों को चोटिल कर देते हैं तो कई बार वाहन चालक इन मवेशियों को चोटिल कर जाते हैं। सर्दियों में तो ये मवेशी ठंड से ठिठुर कर मर जाते हैं। यह मवेशी काफी खतरनाक भी हो गए हैं जोकि कई बार राहगीरों को मार कर चोटिल कर देते हैं।



कऊ सेंक्चुरी खबल का भवन।

बुद्धिजीवियों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार से मांग की है कि कऊ सेंक्चुरी खबल का अतिशीघ्र संचालन करवाकर बेसहारा गोवंश को वहां पर आशियाना दिलाया जाए।

इस बारे में पशुपालन विभाग की डिप्टी डायरेक्टर सीमा गुलेरिया ने कहा कि कऊ सेंक्चुरी संचालन हेतु प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही इसका संचालन होगा। (अनंत ज्ञान)

> भाजपा ने कऊ सेंक्चुरी खबल का निर्माण करवाकर उद्घाटन भी करवा दिया था, लेकिन कांग्रेस सरकार इसका संचालन करवाने में भी नाकाम साबित हो रही है। हालांकि कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार जवाली से ही संबंध रखते हैं, लेकिन वह भी इसका संचालन नहीं करवा पा रहे हैं। कांग्रेस ने अगर मार्च माह तक इसका संचालन न करवाया तो मैं जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर धरने पर बैठ जाऊंगा।
>
> **-अर्जुन सिंह, पूर्व विधायक जवाली विधानसभा क्षेत्र**

> कऊ सेंक्चुरी खबल के संचालन की प्रोसेस चली हुई है तथा जल्द ही इसका संचालन शुरू कर दिया जाएगा ।
>
> **-चंद्र कुमार, कृषि एवं पशुपालन मंत्री, हिमाचल सरकार**

# पंचरुखी में नशा निवारण जन चेतना मंच का गठन



**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

पंचरुखी में ग्राम सुधार सभा टटेहल व ज्ञानदीप वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंचरुखी के प्रबंधक सुरेश ठाकुर ने नशा निवारण जन चेतना मंच का गठन किया है। जन चेतना मंच का का मुख्य उद्देश्य समाज में तेजी से फैल रहे चरस व चिट्टे जैसे नशों के कारोबारियों पर नकेल कसना है।

सुरेश ठाकुर ने बताया कि शीघ्र ही इस संस्था को पंजीकृत करवाकर प्रदेश की हर जगह से बुद्धिजीवी लोगों को जोड़कर नशा निवारण अभियान को तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज जो भी आपराधिक गतिविधियां हो रही हैं, उसका कारण केवल चरस और चिट्टे का नशा ही है। चिंता की बात तो यह है कि जो हमारे रक्षक थे, वो ही आज भक्षक बने हुए हैं। हम अपनी नौजवान पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए किसके पास जाएं क्योंकि बड़े बड़े अधिकारी, पुलिस, डॉक्टर, व बहुत से कर्मचारी चिट्टे जैसे नशे का कारोबार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारे समाज का युवा नशे में उलझकर अपने परिवार को विनाश की कगार पर ले जा रहा है। इसलिए हमने इस नशा निवारण मंच का गठन किया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही हम एक मोबाइल नंबर जारी करेंगे, जिसमें कोई भी नशा बेचता है या नशे का आदी है, उसकी सूचना हमें दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## बच्चों को आज दी जाएगी एल्बेंडाजोल की खुराक

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 2025 के अंतर्गत 20 फरवरी दिन वीरवार को चिकित्सा खंड महाकाल के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी व निजी स्कूलों तथा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल गोली की एक खुराक तथा 1 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल गोली के साथ-साथ विटामिन -ए सिरप भी पिलाई जाएगी। इस बारे में जानकारी देते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी महाकाल डॉक्टर दिलावर देओल ने बताया कि इस दिन लगभग 6000 बच्चों को विटामिन-ए सिरप तथा लगभग 22000 बच्चों को एल्बेंडाजोल गोली की खुराक खंड के विभिन्न शिक्षण संस्थानों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में दी जाएगी।

इस कार्यक्रम के नोडल अफसर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रवि स्याल ने सभी बच्चों के अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे 20 तारीख को अपने बच्चों को विटामिन-ए सिरप की खुराक तथा एल्बेंडाजोल गोली की खुराक अवश्य दिलाएं। उन्होंने कहा कि जो बच्चे 20 फरवरी को अनुपस्थित रहेंगे या किसी कारणवश दवाई लेने से वंचित रह जाएंगे उनके लिए 27 फरवरी को सभी शिक्षण संस्थानों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में होने वाले मापअप दिवस में यह दवाई दी जाएगी, ताकि कोई भी बच्चा इससे वंचित न रहे।

# शिवनगर-होला-चांदड़-पालमपुर बस सेवा बहाल

## क्षेत्रवासियों ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक विपिन परमार का जताया आभार

**राकेश डोगरा, डरोह**



एचआरटीसी की शिवनगर, होला, चांदड़,कलेहड़, पालमपुर बस सेवा पुन: बहाल हो गई है, जोकि सुबह 8:45 बजे होला से होते हुए पालमपुर जाती थी। यह बस कुछ दिन से नहीं आ रही थी, जिस कारण विद्यार्थियों को स्कूल जाने, सरकारी कर्मचारियों को ड्यूटी पर जाने तथा स्थानीय जनता को बाजार तथा अस्पताल जाने के लिए बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। आपको बता दें कि 16 फरवरी रविवार के दिन होला-चांदड़ के नौजवानों ने जोहड़ नाला मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट करवाया। उसके समापन समारोह पर सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन परमार मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान ग्राम पंचायत चांदड़ बमियाल की प्रधान अनुपमा ने परमार से आग्रह किया कि बस न चलने से लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। परमार ने तुरंत एक्शन लेते हुए 2 दिन के अंदर इस सरकारी बस को फिर से चला दिया है।

अब यह बस 18 फरवरी से सुचारु रूप से चल रही है। क्षेत्रवासी बस के पुन: चलने से बहुत खुश हैं। सभी क्षेत्रवासी इस पुनीत कार्य के लिए विधायक का हार्दिक धन्यवाद करते हैं। ज्ञात रहे कि 2 साल पहले भी सत्ता परिवर्तन होते ही लॉन्ग रूट की बसें चंडीगढ़ तथा दिल्ली को भी बंद कर दिया गया था। अब लोकल रूट की बसों को धीरे-धीरे बंद किया जा रहा है, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। अत: स्थानीय जनता की मांग पर इस बस को दोबारा से बहाल कर दिया गया है।

स्थानीय जनता बस चलने से काफी खुश हैं तथा उन्होंने विधायक का धन्यवाद किया है। इस मौके पर यूथ फिटनेस अकेडमी के डायरेक्टर संजय कुमार, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रमेश चौधरी मौजूद रहे। यह जानकारी संजय कुमार होला निवासी ने दी। एचआरटीसी आरएम पालमपुर ने इस बात की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

## प्रदेश में थम गया विकास का पहिया : कमल शर्मा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर से भाजपा नेता कमल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार में जहां विकास का पहिया तो पूरी तरह जाम हो चुका है, वहीं नशे का कारोबार पूरी तरह फल फूल रहा है। आए दिन नशा तस्करी ओर युवाओं की नशे से मरने की घटनाएं बढ़ रही हैं। सरकार की माली हालत इतनी कमजोर है कि जहां नौकरीपेशा लोगों को समय से सैलरी नहीं मिल रही है, वहीं पेंशनरों को समय से पेंशन नहीं मिल रही है। हर वर्ग अपने आप को छला हुआ महसूस कर रहा है। प्रदेश सरकार ने झूठी गारंटियों के सहारे सरकार तो बना ली, लेकिन एक भी गारंटी को पूरा नहीं कर पाई। भाई-भतीजा का बोलबाला इस सरकार में पूरी तरह से हावी है बेरोजगारों के साथ छल किया जा रहा है। नौकरियों की बंदरबांट हो रही है। प्रदेश की स्थिति ऐसी है, अगर आज चुनाव हो जाते है तो कांग्रेस दहाई का आंकड़ा तक नहीं छू पाएगी। दूसरी ओर केंद्र सरकार का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। देश से लेकर विदेशों में मोदी सरकार की उपलब्धियां का डंका बज रहा है प्रदेश सरकार केंद्र की योजनाओं का भी लाभ लेने में विफल साबित हुई है।

# अनंत एजुकेशन / करियर

## Job Opportunity — अनंत ज्ञान

### एम्स बिलासपुर में नौकरी का मौका



प्रोजेक्ट टेक्नीशियन /प्रोजेक्ट स्टाफ नर्स 02 पद
डेटा एंट्री ऑपरेटर 01 पद
आवेदन की अंतिम तिथि : 3 मार्च 2025
शैक्षणिक योग्यता : साइंस में 12वीं पास
आयु सीमा : 18 से 28 वर्ष
आवेदन करें
aiimsbilaspur.edu.in

### आईआईटी मंडी में संभावनाएं



सीनियर टेक्निकल ऑफिसर 01 पद
टेक्निकल ऑफिसर 01 पद
आवेदन की अंतिम तिथि : 5 मार्च 2025
आयु सीमा : 40-45 वर्ष
आवेदन करें
iitmandint.samarth.edu.in

### इंडियन आर्मी में अवसर

कुल 76 पद
एनसीसी एसईएस 58वां कोर्स
आवेदन की अंतिम तिथि : 15 मार्च 2025
आयु सीमा : 19-25 वर्ष
आवेदन करें: joinindianarmy.nic.in

**मौजूदा** नौकरी या किसी एक ही क्षेत्र में सालों तक काम करने के बाद उसमें मन न लगना या मनचाही ग्रोथ न मिल पाना नॉर्मल बात है। मॉडर्न जॉब मार्केट में डेटा साइंस सबसे ज्यादा डिमांडिंग करियर ऑप्शन्स में शामिल हो चुका है। बड़ी-बड़ी टेक कंपनियों से लेकर स्टार्टअप तक, बिजनेस से जुड़े निर्णय लेने, प्रोडक्ट्स डेवलप करने और कस्टमर्स के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डेटा पर तेजी से निर्भर हो रहे हैं। डेटा साइंस के क्षेत्र में न सिर्फ करियर के विकल्प लगातार बढ़ते जा रहे हैं, बल्कि इन प्रोफेशनल्स को सैलरी भी अन्य करियर ऑप्शन की तुलना में ज्यादा मिलती है।

# डेटा साइंस में बनाएं करियर लाइफ करें सेट




### डेटा साइंस बेहतर करियर ऑप्शन क्यों?

**डेटा** साइंस में अलग-अलग टूल्स, एल्गोरिदम और मशीन लर्निंग मॉडल का इस्तेमाल करके डेटा से इनसाइट्स निकलने जैसे काम किए जाते हैं। यह क्षेत्र हेल्थ सर्विसेज, फाइनेंस, मार्केटिंग, ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में निर्णय लेने के लिए जरूरी है। जैसे-जैसे कंपनियां नए इनोवेशन के लिए डेटा पर निर्भर होती जा रही हैं, उस हिसाब से 2026 तक इस सेक्टर में डेटा साइंस प्रोफेशनल्स की मांग 28 प्रतिशत बढ़ सकती है। इससे यह सबसे ज्यादा डिमांडिंग करियर्स में से एक बन जाएगा। कक्षा 12 के बाद डेटा साइंस में करियर बनाना एक रोमांचक और लाभकारी यात्रा हो सकती है। खासकर उन लोगों के लिए बेहतरीन विकल्प है, जो तकनीकी क्षेत्र और समस्या समाधान में रुचि रखते हैं। इस करियर को अपनाने के लिए आपको निम्नलिखित कदम उठाने होंगे :-

### शैक्षणिक मार्ग

**स्नातक डिग्री :** डेटा साइंस, B.Tech/B.E. (कंप्यूटर साइंस या IT), B.Sc. (सांख्यिकी/गणित) और B.A. (इकोनॉमिक्स) जैसे कोर्स डेटा साइंस में करियर की शुरुआत के लिए बेहतरीन हैं। ये कोर्स प्रोग्रामिंग, गणित और सांख्यिकी पर मजबूत आधार देते हैं।

**स्नातकोत्तर डिग्री (वैकल्पिक):** स्नातक के बाद M.Sc. डेटा साइंस या M.Tech AI/ML जैसे कोर्स कर सकते हैं, जो विशेषज्ञता प्रदान करेंगे।

### आवश्यक कौशल

**गणित और सांख्यिकी :** डेटा विश्लेषण के लिए प्रायिकता, सांख्यिकी और रैखिक रेखा का मजबूत ज्ञान जरूरी है।

**प्रोग्रामिंग :** Python और SQL जैसे प्रोग्रामिंग भाषाओं में दक्षता आवश्यक है।

**मशीन लर्निंग:** रिग्रेशन, क्लस्टरिंग और क्लासिफिकेशन जैसे एल्गोरिदम की समझ।

**डेटा विजुअलाइजेशन:** Tableau, Power BI, और Matplotlib जैसी टूल्स का ज्ञान।



सौरभ गुप्ता, करियर काउंसलर
वंडर्सकूल एवं करियर प्रभु

### प्रमाणपत्र और ऑनलाइन कोर्स

Coursera, edX और Udacity जैसे प्लेटफॉर्म्स पर डेटा साइंस और संबंधित क्षेत्रों में कोर्स और प्रमाण पत्र उपलब्ध हैं, जैसे- Google Data Analytics Certificate और IBM Data Science Professional Certificate।

### इंटर्नशिप और प्रोजेक्ट्स

इंटर्नशिप और व्यक्तिगत प्रोजेक्ट्स पर काम करें, ताकि आपको वास्तविक अनुभव मिले। Kaggle जैसी प्लेटफार्मों पर आप डेटा साइंस चैलेंजेस में भाग ले सकते हैं।

### नौकरी की भूमिकाएं

डेटा एनालिस्ट, डेटा साइंटिस्ट, डेटा इंजीनियर, मशीन लर्निंग इंजीनियर और बिजनेस एनालिस्ट जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी के अवसर हैं।

### प्रमुख संस्थान

IITs, IIITs, ISI, BITS पिलानी और दिल्ली विश्वविद्यालय जैसी संस्थाएं डेटा साइंस के लिए बेहतरीन कोर्स प्रदान करती हैं।

### वेतन और मांग

डेटा साइंस की भूमिका विभिन्न उद्योगों में उच्च मांग में है, जैसे- ई-कॉमर्स, हेल्थकेयर और फाइनेंस। शुरुआती वेतन 5 लाख रुपए से 10 लाख रुपपए प्रति वर्ष हो सकता है और अनुभव के साथ यह बढ़ सकता है।

# आकाश क्वालिटी एजुकेशन में विश्वास

**आकाश** एजुकेशनल सर्विसेज लि. का लक्ष्य क्षेत्र में अधिक छात्रों को क्वालिटी एजुकेशन, बेहतर कोचिंग और रोजगार मार्गदर्शन प्रदान करना है। आकाश संस्थान हिमाचल में तीन कक्षा केंद्र हमीरपुर, शिमला और ऊना संचालित करता है, जहां छात्रों ने लगातार बढ़िया शैक्षणिक परिणाम दिए हैं। यह संस्थान मेडिकल (नीट) और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं (जेईई) के साथ एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए जाना जाता है। संस्थान शीर्ष-गुणवत्ता वाली परीक्षा तैयारी सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित है जो छात्रों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास करने और उनकी शैक्षणिक गतिविधियों में सफल होने के लिए सशक्त बनाती हैं। अशोक कुमार भारद्वाज (क्लस्टर हेड आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लि. ट्राइसिटी : चंडीगढ़, पंचकूला और हिमाचल प्रदेश) के अनुसार, हमारा ध्यान छात्रों को मजबूत शैक्षणिक नींव, वैचारिक स्पष्टता और आत्मविश्वास के साथ सशक्त बनाना है। आकाश भारत की अग्रणी टेस्ट तैयारी कंपनी है, जिसके पास अधिक केंद्रों का एक अखिल भारतीय नेटवर्क है, जिसमें वर्तमान में 4,00,000 से अधिक छात्र नामांकित हैं। इसने पिछले 36 साल में अजेय बाजार स्थिति और ब्रांड मूल्य स्थापित किया है। यह छात्रों की वास्तविक क्षमता को उजागर करने और उनके शैक्षणिक प्रयासों में सफलता प्राप्त करने के लिए उच्चतम गुणवत्ता वाली परीक्षा तैयारी सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। आकाश परीक्षा की तैयारी के लिए छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाता है। हमारे पास उच्च योग्य और अनुभवी प्रशिक्षकों की एक टीम है जो छात्रों को उनके सपनों को हासिल करने में मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहती है। कंपनी के कार्यक्रम लचीले बनाए गए हैं और इसकी शिक्षण पद्धतियां नवीनतम तकनीकों द्वारा समर्थित हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र अपनी परीक्षाओं के लिए अच्छी तरह से तैयार हों। नीट और जेईई के लिए टेस्ट तैयारी सेवाओं में अग्रणी आकाश संस्थान ने धर्मशाला में भी अपने नए लर्निंग सेंटर का शुभारंभ कर दिया है।

**400 से अधिक केंद्रों का एक अखिल भारतीय नेटवर्क**



अशोक कुमार भारद्वाज
क्लस्टर हेड आकाश एजुकेशनल

**-प्रस्तुति संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

# परीक्षा के समय अनावश्यक दबाव से बचें छात्र

**अनावश्यक** दबाव छात्रों के लिए परेशानी खड़ा कर सकता है। बगैर दबाव के परीक्षा की तैयारी करें और पढ़ाई के लिए सही टाइम टेबल निर्धारित करें। छोटा शिमला स्थित संजय गांधी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य शिवानी यादव का मानना है कि अभिभावकों को पूरी तरह से सतर्क रहना चाहिए और उन्हें अपने बच्चों पर बराबर नजर बनाए रखनी चाहिए। उन पर ज्यादा दबाव न बनाएं। बल्कि, आसान भाषा में उनका मार्गदर्शन करें, ताकि वह बिना दबाव के अपनी परीक्षा की तैयारी को अंजाम दे सकें। उनके मुताबिक, परीक्षा के लिए शुरू से ही जरूरी नोट्स बनाने चाहिए। नोट की आदत उन्हें न भूलने की बीमारी से बचाएगी। यादव का मानना है कि बच्चों की सही डाइट पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है, सही व संतुलित डाइट दिमाग को तरोताजा रखेगी और उनके पढ़ाई के स्तर को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के समय पूरी नींद पर भी विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि उन्हें याद करने में ज्यादा मदद मिल सके।

**पढ़ाई के लिए टाइम टेबल करें निर्धारित, सही डाइट पर दें ध्यान**



शिवानी यादव, प्रधानाचार्य
संजय गांधी पब्लिक स्कूल, छोटा शिमला

**-प्रस्तुति : सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

## ज्ञान की बात

- हिमाचल प्रदेश के किस जिले में 40 साल बाद भुंडा महायज्ञ हुआ? **-रोहड़ू, शिमला**
- किस राज्य की टीम ने 38वीं राष्ट्रीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता? **-हिमाचल प्रदेश**
- दिल्ली में 27 साल के बाद किसकी सरकार बनी? **-भाजपा**
- भारत का मुख्य चुनाव आयुक्त किसे नियुक्त किया गया है? **-ज्ञानेश कुमार**
- चैंपियन ट्रॉफी-2025 का आयोजन कहां हो रहा है? **-पाकिस्तान और यूएई**
- भारत किस देश से पांचवीं पीढ़ी के फाइटर प्लेन एफ-35 को खरीदने की योजना बना रहा है? **-अमेरिका**
- शेख तमिम बिन हमद अल थानी, जो हाल ही में भारत के दो दिवसीय दौरे पर आए थे, किस देश के अमीर हैं? **-कतर**

## न्यूज ब्रीफ

### वक्फ बोर्ड को भंग किया जाए या राष्ट्रीय हिंदू बोर्ड भी बनाया जाए: पवन बजरंगी



**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** विश्व हिंदू परिषद जिला देहरा के पालक अधिकारी व जिला सत्संग प्रमुख पवन बजरंगी ने हिमाचल सरकार व केंद्र सरकार ने आग्रह करते हुए कहा कि जब भारत में मुसलमानों के लिए बक्फ बोर्ड बना है तो हिंदुओं के लिए भी राष्ट्रीय हिंदू बोर्ड का गठन किया जाए, अन्यथा वक्फ बोर्ड को भी भंग किया जाए। बड़ी ही विडंबना की बात है कि किसी भी राजनीतिक पार्टियों ने आज तक देश की सबसे बड़ी आबादी हिंदू समाज के कल्याण के लिए कोई भी उचित प्रयास नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने सदियों तक गुलामी का दंश झेला है । भारत 1947 में आजाद तो हो गया लेकिन आजादी के 75 साल बाद भी हम आज भी मुगलकालीन तथा ब्रिटिश कालीन कानूनों को झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब नए भारत की नींव रखते हुए भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने का समय आ गया है। जिस तरह अयोध्या में हमारे आराध्य प्रभु श्री राम जी का 500 साल बाद लंबे संघर्ष और बलिदान की बजह से आज भव्य राम मंदिर का निर्माण हो गया है और प्रयागराज में महाकुंभ में उमड़े हिंदू समाज के सैलाब से दुनियाभर में यह साबित हो गया है कि अब सनातन हिंदू संस्कृति का परचम पूरे विश्व में लहराने वाला है । और भारत पुनः विश्व गुरु बनकर उभरने वाला है । अतः इस दौर में वक्फ बोर्ड जैसे कलंक को धारा 370 की तर्ज पर तुरंत भंग किया जाए अन्यथा राष्ट्रीय हिंदू बोर्ड का भी शीघ्र गठन किया जाए।

### चिट्टे के साथ पकड़े आरोपी रिमांड पर भेजे



**अनंत ज्ञान, गगल।** इलाके में चिट्टे का काला कारोबार किस तरह फल-फूल रहा है। यह बात उस समय सामने आई जब पिछली रात नारकोटिक्स सेल की टीम ने गगल के करीबी गांव सलागड़ी में 7.31 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। बाद में उस टीम ने दोनों आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया। थाना प्रभारी उधम सिंह ठाकुर ने बताया के आरोपियों ने रिमांड में स्वीकार किया के दोनों पिछले 4 साल से चिट्टे के नशेड़ी है और 4 साल से चिट्टे का सेवन कर रहे हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि पकड़े गए आरोपियों में एक पटवारी और दूसरा उसका दोस्त बताया जा रहा है। दोनों ने बताया कि हम घूमने के लिए धर्मशाला आए हुए थे। इस दौरान यहां पकड़े गए। इन दोनों आरोपियों को अदालत में पेस किया गया। वहीं, अदालत ने उन्हें दो दिन पुलिस रिमांड पर भेजा है।

### द्रोणाचार्य कॉलेज में केंद्रीय बजट पर डिबेट

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर शिक्षा महाविद्यालय रैत में बीबीए विभाग के मंथन क्लब की ओर से पार्लियामेंट डिबेट ऑन यूनियन बजट का आयोजन किया गया। बीबीए विभाग के सभी छात्र-छात्राओं ने इस डिबेट में हिस्सा लिया और आर्थिक नीतियों, शिक्षा नीतियों, आर्थिक विकास, आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस, रोजगार नीतियों, बिजनस नीतियों पर चर्चा की। इस बजट पर चर्चा के दौरान छात्र-छात्राओं ने कई विषयों पर सरकार की आलोचना की। सभी विपक्ष छात्र-छात्राओं ने सरकार की नीतियों से संबंधित कई प्रश्न भी किए। अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यकारिणी निर्देशक डॉ. बीएस पठानिया, प्रधानाचार्य डॉ. परवीन शर्मा, विभागाध्यक्ष बीबीए प्रो. रजनीश, मंथन क्लब समन्वयक प्रो. निशांत एवं सभी बीबीए अध्यापक वर्ग उपस्थित रहे।

# प्रदेश भाजपा पूरी तरह से एकजुट, कांग्रेस खुद को देखे : सचिन शर्मा

## अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए सीएम और कांग्रेस नेता भाजपा के खिलाफ कर रहे घटिया बयानबाजी

**प्रदेश कांग्रेस सरकार ने दो सालों में न केवल जनता के विश्वास से धोखा किया, बल्कि सत्ता की लालसा में प्रदेश को भी दलदल में धकेल दिया है। यह बात जिला कांगड़ा भाजपा के अध्यक्ष सचिन शर्मा ने अनंत ज्ञान के कांगड़ा जिले के प्रभारी संजय अग्रवाल के साथ एक विशेष बातचीत में कही। पेश हैं इस विशेष बातचीत के मुख्य अंश:**

**सवाल: कांग्रेस कह रही है भाजपा छह गुटों में बंटी है, इसमें कितनी सच्चाई है?**

**जवाब:** नाकामियों को छिपाने के लिए कांग्रेस पार्टी व सरकार के मुख्यमंत्री भाजपा के ऊपर घटिया बयानबाजी कर रहे हैं। भाजपा पूरी तरह से एकजुट है तथा इसे देश की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव प्राप्त है। कांग्रेस खुद को देखे, वह कहां खड़ी है तथा कितनी सिमट चुकी है। कांग्रेस के एक मंत्री के बयान पर मुख्यमंत्री क्यों चुप हैं? पार्टी अध्यक्ष क्यों कुछ नहीं बोल पा रही? कांग्रेस प्रदेश से पूरी तरह लापता होती नजर आ रही है। सरकार में विधायक व मंत्री अपनी ही सरकार से नाखुश हैं। वे सरकार से दूरी बनाए हुए हैं।

**सवाल: क्या आपको भी लगता है कि प्रदेश का खजाना खाली हो चुका है?**

**जवाब:** सुक्खू सरकार खजाना खाली होने का ढोंग कर रही है, जबकि करोड़ों रुपए की घोषणाएं भी कर रही है। सरकार मित्रों को खुश करने के लिए सच्चाइयों पर पर्दे डाल रही है। अगर खजाना खाली है तो क्यों मुख्यमंत्री हेलिकॉप्टर में धूम रहे हैं, क्यों सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रहे हैं, क्यों सरकार अपने खर्चों को कम नहीं कर रही है? कांग्रेस सरकार सिर्फ दिखावा कर रही है, ताकि न तो सरकार विकास कर सके, न ही जनता की मांगों को पूरा कर सके।

**सवाल: क्या केंद्र सरकार प्रदेश सरकार को कोई सहयोग नहीं कर रही?**

**जवाब:** कांग्रेस ने चुनावों के दौरान भी जनता से झूठ बोला था। अब धोखे से सत्ता में आने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू झूठ पर झूठ बोल रहे हैं। हकीकत



भाजपा के जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा से

**विशेष बातचीत**

यह है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार केंद्र के सहारे ही चली हुई है। प्रदेश में आपदा का दौर रहा हो या विकास की बात हो, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने हिमाचल की हरसंभव मदद की है। आपदा के दौरान राहत पैकज जारी किए हैं, जिन्हें सुक्खू सरकार ने अपने मित्रों को खुश करने पर खर्च कर दिया।

**सवाल: जिले में मंडल स्तर पर भाजपा कार्यकारिणी का गठन कब होगा?**

**जवाब:** प्रदेश भाजपा पार्टी द्वारा जिला में मंडल स्तर पर जल्द ही कार्यकारिणी की घोषणा कर दी जाएगी तथा जल्द ही जिला स्तर पर सभी कार्यकारिणियों का गठन कर दिया जाएगा। भाजपा मजबूती के साथ कार्य करती है तथा उसे कर रही है।

**सवाल: क्या हिमाचल प्रदेश में अराजकता का माहौल है?**

**जवाब:** सुक्खू सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश में अराजकता जैसा माहौल बन गया है। जनता पर आर्थिक बोझ डालकर सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने की कोशिश कर रही है। चालान और बढ़े हुए बिलों की मार से जनता त्रस्त है। सरकार के इस तानाशाही रवैये को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता और इसका खामियाजा सरकार को जनता के गुस्से के रूप में भुगतना पड़ेगा।

**सवाल: कांग्रेस सरकार की गारंटियों के बारे में आप क्या कहेंगे?**

**जवाब:** सुक्खू सरकार की अपनी ही गारंटी खत्म हो चुकी है। अढ़ाई साल बाद भी सरकार अनपनी दस गारंटियों को पूरा नहीं कर पाई है। सुक्खू सरकार कभी 1500 रुपए की गारंटी देने की बात करती आई है तो कभी 1 लाख रुपए की गारंटी देने की बात करती है। जनता को गारंटी पर गारंटी दिए जा रही है, लेकिन कांग्रेस की खुद की गारंटी नहीं है।


# धर्मशाला की पुरानी कूहलों का जीर्णोद्धार करने को बनेगा प्लान

## कूहलों का निरीक्षण करने छह किमी पैदल चले डीसी और एमसी कमिश्नर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पुरानी कूहलें धर्मशाला शहर को फिर से तरोताजा करेंगी। पुरानी कूहलों के जीर्णोद्धार को लेकर जिला प्रशासन तथा नगर निगम संयुक्त रूप कार्य योजना तैयार कर रहा है। बुधवार को उपायुक्त हेमराज बैरवा तथा नगर निगम के आयुक्त जफर इकबाल ने संयुक्त तौर पर पुरानी कूहलों के प्रारंभिक स्रोत गमरू से लेकर धर्मशाला तक पुरानी कूहलों की स्थिति का निरीक्षण किया तथा इनकी मरम्मत के लिए कार्य योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि रिकॉर्ड के अनुसार गमरू के पास से पुरानी कूहलें कोतवाली बाजार से होते हुए परिधि गृह की तरफ तथा शामनगर तथा रामनगर, पुलिस थाना के पास से जेल तक भी कूहलों का रिकॉर्ड है।

इन कूहलों का जीर्णोद्धार करने के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे तथा गमरू के पास



क्षतिग्रस्त कूहलों की मरम्मत के लिए भी प्लान तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर से कूहलों के गुजरने से लोगों को पानी की किल्लत से नहीं जुझना पड़ेगा वहीं, कूहलें पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। कूहलों से शहर और भी स्वच्छ और सुंदर लगेगा।

उन्होंने कहा कि कूहलों के आसपास सौंदर्यीकरण के लिए भी उचित कदम उठाए जाएंगे, ताकि कुछ पर्यटक यहां बैठकर धर्मशाल की सुंदरता का आनंद उठा सकें। इससे पहले उपायुक्त हेमराज बेरवा तथा नगर निगम के आयुक्त जफर इकबाल ने गमरू में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया।

उपायुक्त हेमराज बैरवा तथा नगर निगम के कमीश्नर जफर इकबाल ने राजस्व विभाग के तहसीलदार सहित पटवारियों को लेकर पुरानी कूहल के स्रोत स्थान गमरू ट्रीटमेंट प्लांट से छह किमी दूरी पैदल तय कर मिट्ठा नाला से लेकर कोतवाली तथा परिधि गृह तक कूहल के चैनल का निरीक्षण किया तथा राजस्व विभाग तथा अन्य अधिकारियों को कूहल के जीर्णोद्वार के निर्देश भी दिए गए।

# हिमाचल प्रदेश को केंद्र से कम वित्तीय मदद मिली : पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को उत्तराखंड के मुकाबले केंद्र सरकार से बहुत कम वित्तीय सहायता मिली है। उन्होंने कहा कि ऐसी वित्तीय सहायता केंद्र प्रायोजित योजनाओं का हिस्सा है, जो हिमाचल प्रदेश के लोगों पर कोई उपकार नहीं, बल्कि उनका संवैधानिक अधिकार है। शाहपुर में कार्यक्रम में भाग लेने के उपरांत पठानिया ने कहा कि केंद्र के पास एनपीएस के तहत प्रदेश के लगभग 9 हजार करोड़ रुपये फंसे हैं, जिसे केंद्र सरकार से वापिस लौटाने का बार–बारे आग्रह किया गया है।



उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई बार प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व ने केंद्रीय नेताओं से मुलाकात कर कर्मचारी एवं प्रदेश हित में इस राशि को लौटाने की मांग रखी है। इस संबंध में अभी तक केंद्र की तरफ से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली है। केंद्र सरकार एनपीएस की जमा राशि लौटाने के बजाए प्रदेश पर कर्मचारियों को पुनः एनपीएस अथवा यूपीएस के दायरे में लाने के लिए लगातार पत्र भेज रही है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में हिमाचल प्रदेश पर अभूतपूर्व प्राकृतिक आपदा आई थी। ऐसे बुरे वक्त में भी भारत सरकार ने राहत और पुनर्वास कार्यों के लिए प्रदेश के लोगों की कोई सहायता नहीं की। स्वयं केंद्रीय दल ने आपदा उपरान्त आवश्यकता आकलन किया और हिमाचल में आपदा से हुआ नुकसान 9 हजार 42 करोड़ रुपये आंका था। लेकिन केंद्र ने हिमाचल प्रदेश के हितों का इस प्रकार तिरस्कार किया है कि लगभग दो वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के पश्चात आज तक प्रदेश को बतौर सहायता राशि एक रुपया भी नहीं दिया है।

# देश में 'सोयाबीन अभियान' हो शुरू : कुलपति

## कृषि विवि में सोयाबीन पर एआईसीआरपी की 55वीं वार्षिक समूह बैठक शुरू

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

चौधरी सवरण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में बुधवार को सोयाबीन पर एआईसीआरपी की 55वीं वार्षिक समूह बैठक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)–राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान (एनएसआरआई) इंदौर, मध्य प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आरंभ हुई। उद्घाटन सत्र के मुख्यातिथि कुलपति प्रो.नवीन कुमार ने कहा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की मदद लेते हुए 'सोयाबीन कंपेन' आरंभ किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वार्षिक समूह बैठक में चलाए जा रहे अनुसंधान के परिणामों पर चर्चा करते हुए किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रौद्योगिकियों और वाणिज्यिक उत्पादों के विकास के लिए भविष्य की रणनीति तैयार की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में सोयाबीन की खेती को बढ़ावा देने के लिए रणनीति तैयार करनी होगी जो देश के साथ हिमाचल प्रदेश के सभी किसानों के लिए समान रूप से फायदेमंद हो। उन्होंने विशेषज्ञों से कहा कि वह देश में उन क्षेत्रों की खोज करें जहां पर सोयाबीन की उत्पादकता अधिक हो और वहां पर किसानों को इसे लगाने के लिए प्रेरित करें। सोयाबीन जहां मानव के लिए प्रोटीन को उत्कृष्ट स्त्रोत है वहीं पशुओं के लिए भी एक प्रमुख चारा फसल के तौर पर इसका उपयोग किया जा सकता है। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक उप महानिदेशक डा. संजीव गुप्ता ने की। उन्होंने कहा कि फसल विविधीकरण कार्यक्रम में सोयाबीन को प्राथमिकता देते हुए भारत देश को एक 'प्रोटीन हब' के रूप में विकसित किए जाने की अवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि डा. कंवर हरिंदर सिंह ने विगत 54वीं बैठक में लिए गए निर्णयों की अमल की जानकारी को प्रस्तुत करते हुए बताया कि सोयाबीन उत्पादन के पांच मुख्य देशों में से भारत एक है। यह तेजी से किसानों में व्यवसायिक फसल के तौर पर अपनाई जा रही है। देश के 15 राज्यों में किसान इसे उगा रहे हैं।

आयोजन सचिव डॉ. वंदना कुमारी ने बताया कि तीन दिवसीय बैठक में देश भर के विभिन्न राज्य कृषि विश्वविद्यालयों, संस्थानों, निजी क्षेत्र और नीति निर्माताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 100 प्रतिष्ठित वैज्ञानिक एवं प्रगतिशील किसान भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में विभिन्न पुस्तकों, स्मारिकाओं और पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया।

### अश्विनी और जितेंद्र ने बलाहरा स्कूल को सीमेंट व टाइलें दान दीं

**अनंत ज्ञान, डरोह।** शिक्षा खंड थुरल के अंतर्गत आने वाले शहीद लक्खा सिंह राजकीय उच्च विद्यालय बलाहरा में कार्यरत शारीरिक शिक्षक राकेश राणा की कार्यशैली और बच्चों के लिए समर्पण की भावना से प्रभावित होकर स्थानीय नागरिक अश्विनी व जितेंद्र बरवाला ने विद्यालय के विकास के लिए 25 पेटी टाइलें और 10 सीमेंट बैग दान दिए हैं। गौरतलब बात यह है की राकेश राणा के प्रयासों से विद्यालय दिन प्रतिदिन प्रगति कर रहा है। मुख्याध्यापक दुनी चंद और स्कूल प्रबंधक कमेटी की प्रधान सीमा देवी ने दोनों दानी सज्जनों का धन्यवाद किया है और भविष्य में भी लोगों से सहयोग की उम्मीद की है।





### रोज स्कूल सुलयाली में सड़क सुरक्षा व नशे के खिलाफ जागरूकता शिविर आयोजित

# स्कूली बच्चों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

नूरपुर के रोज पब्लिक स्कूल सुलयाली में सड़क सुरक्षा व बढ़ रहे नशे के प्रचलन के खिलाफ जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस चौकी सदवां से एचसी किरण कुमार व एचसीसी नवजोत सिंह ने मुख्य रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान पुलिस कर्मचारियों द्वारा सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों तथा नशे के दुष्प्रभावों को लेकर स्कूल के बच्चों को जागरूक किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रधानाचार्य संजय सौगुणी तथा उप प्रधानाचार्य बबीता सौगुणी तथा स्टाफ द्वारा पुलिस चौकी पुलिस कर्मचारियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों ने सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के बारे में पुलिस से सवाल पूछे तथा अलग–अलग विषयों पर जानकारी



हासिल की। रोज स्कूल के अध्यापक ने कहा कि हमारे स्कूल में सोशल स्टडी संबंधी एक्टिविटी थी, इसलिए हमने पुलिस थाना से पुलिस कर्मचारियों को बुलाया था। शिविर में पुलिस कर्मचारियों द्वारा बहुत ही सही ढंग से बच्चों को जानकारियां दी गईं। बच्चों को अलग–अलग विषयों पर पुलिस कर्मचारियों से सवाल–जवाब भी किए। हम इन पुलिस कर्मचारियों का यहां आने पर धन्यवाद करते हैं। अध्यापिका भावना पठानिया ने कहा कि हमारे स्कूल में आज एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों में सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों को लेकर बहुत सारी बात के प्रति जानकारी हासिल करनी थी। यहां पर पुलिस कर्मचारियों द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा यातायात नियमों व नशें के दुष्प्रभावों को लेकर बहुत महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई है।

अध्यापिका अलका ने कहा कि हमारे स्कूल में सदवा पुलिस चौकी से अधिकारी आए हुए थे, हमारे यहां आज सोशल स्टडी को लेकर सड़क दुघर्टनाओं तथा नशे के दुष्प्रभावों को लेकर एक्टिविटी थी, जिसमें पुलिस अधिकारियों द्वारा बच्चों को बहुत ही अच्छे तरीके से जागरूक किया तथा इस दौरान बच्चों ने पुलिस अधिकारियों के साथ सवाल जवाब भी किए और उन से कई महत्वपूर्ण

### कृषि विवि पालमपुर के स्टाफ ने पैसों से भरा पर्स लौटाकर दिखाई ईमानदारी

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** कृषि विवि पालमपुर में कार्यरत्त राजीव शर्मा और विश्वविद्यालय के सुरक्षा विभाग ने ईमानदारी का उदाहरण प्रस्तुत किया है। राजीव शर्मा, जो कि स्टेट सेल में कार्यरत हैं, को गेट नंबर एक के एटीएम पर एक पर्स मिला और उन्होंने वह पर्स सिक्योरिटी सुपरवाइजर को हैंडओवर किया। जब पर्स को को देखा गया तो उसमें 60000 रुपए की राशि पाई गई, जिसकी खबर सिक्योरिटी सुपरवाइजर द्वारा विश्वविद्यालय के सुरक्षा अधिकारी को दी गई और सुरक्षा अधिकारी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक सुरक्षा कर्मी को एटीएम के पास तैनात कर दिया, ताकि कोई भी व्यक्ति अगर पैसे ढूंढते आए तो उसे व्यक्ति का पता चल सके कि किसके पैसे गुम हुए हैं। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि बैंक की ब्रांच में जाकर एटीएम के सीसीटीवी को देखा जाए कि किस व्यक्ति के पैसे यहां रह गए हैं। इसी दौरान दोपहर 2 बजे के करीब एक लड़की व उसके रिश्तेदार एटीएम के पास आए और उन्होंने पैसों के बारे में पूछताछ की। जब पूरी बातचीत की गई तो सिक्योरिटी स्टाफ ने सारी वेरिफिकेशन करके पैसों से भरा पर्स उस लड़की को वापस कर दिया। इसकी वेरिफिकेशन के लिए लड़की के आधार कार्ड की कॉपी और उनके हाथों द्वारा लिखित एक पत्र भी लिया गया, जिसमें उन्होंने लिखा कि हमें हमारे पैसे सही सलामत वापस मिल गए हैं। उन्होंने राजीव शर्मा तथा सुरक्षा अधिकारी डॉ प्रमोद वर्मा, सुरक्षा सुपरवाइजर रणवीर राणा एवं अन्य सुरक्षा कर्मियों का धन्यवाद किया। महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस लड़की के यह पैसे गुम हुए थे, कल उसका विवाह है इसलिए वह एटीएम में कुछ पैसे निकालने आई हुई थी और विवाह के कार्यों की वजह से परेशानी में वह पैसे वहीं भूल गई।

# संतों व धार्मिक प्रचारकों की फोटो बनाने में शिवानी माहिर

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

मानसिक शांति के लिए धार्मिक भावना से जुड़ाव स्नेहद जरूरी है। व्यक्ति के कर्म से पता चलता ही वह किस सोच का स्वामी है। बचपन से जिस युवा में धार्मिक लगन हो वह अवश्य ही लक्ष्य प्राप्त करता है। ठीक ऐसी ही उपमंडल फतेहपुर के तहत पड़ते कस्बा रैहन (भराल)की छात्रा शिवानी को चित्रकारी में महारत हासिल है।

रजिंद्र कुमार की पुत्री शिवानी बचपन से होनहार व एक प्रतिभाशाली छात्रा है। शिवानी अभी तक कई संतों सहित धार्मिक प्रचारकों की फोटो बनाकर अपनी काबलियत का लोहा मनवा चुकी है। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जयंती की बेला पर शिबानी ने धमेटा (दियाल) मंदिर के संत बक्शीश दास को श्री गुरु रविदास की फोटों बनाकर उपहार स्वरूप भेंट की।बेटी की इस काबलियत पर संत श्री गुरु रविदास के अनुयायी वेहद प्रसन्न हैं। शिवानी वर्तमान समय फाइन आर्ट का कोर्स भी कर रही है।



**समारोह** साई इंटरनेशनल स्कूल किड्ज़ी बढ़ानी में धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया सालाना उत्सव

# खेलों और शिक्षा में अव्वल रहे होनहार सम्मानित

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

साई इंटरनेशनल स्कूल किड्जी बढ़ानी में सालाना उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि डीईओ प्राथमिक कमलदीप कौर और ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज और सीएमडी कंवर तुषार पुंज उपस्थित थे। वार्षिक समारोह के कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य के भाषण से होती है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा चित्रकला, संगीत कला, नृत्य कला, कविता और कविता प्रदर्शन, भाषण, व्यायाम, और विभिन्न प्रकार के खेलों का प्रदर्शन किया जाता है। प्रतियोगिता के सभी विजेता



विद्यार्थियों और परीक्षा में पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे बच्चों को मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

एमडी तृप्ता पुंज ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वार्षिकोत्सव विद्यालय में हर साल मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण पर्व है। वार्षिक दिवस स्कूलों और छात्रों के लिए एक कार्यक्रम है जो पिछले शैक्षणिक वर्ष को विदाई देती है और नए साल की शुरुआत का जश्न मनाती है। सभी स्कूल अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए इस अद्भुत दिवस का आयोजन करते हैं। यह वह समय भी है जब अधिकांश स्कूल महत्वपूर्ण कार्यक्रम के द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित करते हैं। अंत में एमडी तृप्ता पुंज के साथ बच्चों के माता–पिता ने विचार–विमर्श करते हुए कहा कि किड्जी स्कूल की तारीफ की और कहा कि हमारे छोटे बच्चों का उज्ज्वल भविष्य सही हाथों में है। कार्यक्रम प्रिंसिपल पुनीत सांवल की रेखदेख में हुआ। इसमें अनु ठाकुर, नीलम, कुसम, स्टूडेंट्स के माता–पिता आदि शामिल हुए। (अनंत ज्ञान)

# खाकी पहनने के लिए धर्मशाला में 31 हजार युवा दिखाएंगे दमखम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा जिले के 31 हजार के करीब युवा खाकी पहनने को पुलिस मैदान धर्मशाला में जौहर दिखाएंगे। पुलिस मैदान धर्मशाला में पहले दिन वीरवार सुबह सात बजे 2250 के करीब युवा भर्ती प्रक्रिया में भाग लेंगे। पुलिस विभाग की ओर से बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ब्रिफिंग हुई। इसके साथ ही पुलिस मैदान में आईजी नोर्थ जोन की अध्यक्षता में शारीरिक क्वालिफाई परीक्षा की सभी तैयारियों को परखा गया। साथ ही संबंधित पुलिस अधिकारियों व पुलिस जवानों को भर्ती प्रक्रिया से संबंधी डयूटियों का आंबटन व सही प्रकार से संचालन के दिशा–निर्देश जारी किए गए।

**आज पहले दिन करीब 2250 युवा भर्ती प्रक्रिया में लेंगे भाग**

बता दें कि प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल (पुरुष एवं महिला) के 1088 पदों पर भर्ती होगी। कांगड़ा में इस बार 30 हजार 638 युवाओं ने आवेदन किया है। इसमें 22 हजार 431 पुरुष और आठ हजार 207 महिलाएं शामिल हैं। शारीरिक एवं मैदानी परीक्षा के दौरान विभिन्न कार्यों व व्यवस्था जिम्मा सभांलने वाले अधिकारियों व जवानों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। पुलिस विभाग कांगड़ा नोर्दन रेंज के तहत आने वाले उम्मीदवारों को लोक सेवा आयोग की ओर से पहले ही ई–प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं। ई–प्रवेश पत्र न मिलने की स्थिति में प्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग से संपर्क कर सकते हैं। इस बार पुलिस भर्ती प्रक्रिया के तहत एक सौ मीटर की दौड़ भी शामिल है। साथ ही युवाओं का डोप टेस्ट भी होगा। चूंकि यह भर्ती नशे के विरुद्ध कमांडो फोर्स के रूप में हो रही है। सुनिश्चित किया जाएगा कि भर्ती होने वाले युवाओं को किसी तरह के नशे की लत न हो। शेड्यूल के तहत पहले दिन वीरवार से एक मार्च तक रोजाना 2250 पुरुष अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी, जबकि 26 फरवरी को शिवरात्रि के पर्व के चलते भर्ती प्रकिया को लेकर भी अवकाश रहेगा। 27 फरवरी से दो मार्च तक 2250 पुरुष उम्मीदवार प्रतिदिन ग्रांउड पास करने के लिए दमखम दिखाएंगे। दो मार्च को 2181 पुलिस अभ्यर्थी खाकी के लिए मैदान की बाधा पार करने को बुलाए जाएंगे।

वहीं, महिला वर्ग के लिए तीन मार्च से ग्राउंड टेस्ट का आयोजन होगा। तीन से पांच मार्च तक रोजाना 2052 महिला वर्ग को मैदान में बाजी मारने के लिए पसीना बहाना होगा। छह मार्च को 2051 महिला मैदान पर बाधाओं को पार करने के लिए आपस में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जबकि सात मार्च को ग्राउंड टेस्ट के परिणामों की तैयारियां की जाएंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने 344 ग्राम चरस की बरामद

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** रोहडू उपमंडल के पुलिस थाना चिड़गांव के अंतर्गत बुधवार को विशेष पुलिस टीम ने कलोटी पंचायत के मस्तोट गांव के त्रिलोचन सिंह (55) से झटवाड़ी कैंची के पास धूमधार में 344 ग्राम चरस बरामद की है। एसडीपीओ रोहडू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि मामला दर्ज किया गया है।

### छात्र अध्ययन केंद्र की सुविधाओं का उठाएं लाभ

**दशमी रावत, रोहडू।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अध्ययन केंद्र (एससी) 1116, में प्रेरण बैठक (इंडक्शन मीटिंग) का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य नए छात्रों को इग्नू द्वारा प्रदान किए जाने वाले पाठ्यक्रमों, संसाधनों व सहायता सुविधाओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. राय सिंह ने की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने अपने संबोधन में कहा कि इग्नू द्वारा संचालित दूरस्थ शिक्षा प्रणाली उन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी है, जो नियमित रूप से महाविद्यालय नहीं आ सकते। उन्होंने छात्रों को अध्ययन केंद्र की सुविधाओं का पूरा लाभ उठाने व स्व-अध्ययन को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### प्रताप पंवार बने प्रदेश कराटे संघ के कार्यकारी अध्यक्ष




**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** कराटे एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश की गवर्निंग बॉडी की कार्यकारिणी का गठन जिला कांगड़ा के बैजनाथ में युवा सेवाएं और खेल परिषद के पर्यवेक्षक सनी कुमार, युवा संगठक, राष्ट्रीय कराटे महासंघ कराटे इंडिया आर्गेनाईजेशन के पर्यवेक्षक राजेश कुमार और कराटे एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश के रिटर्निंग अफसर विनोद सड़वाल की देखरेख में संपन्न करवाया गया। चुनाव में कराटे एसोसिएशन से संबंध 9 जिला संघों द्वारा भाग लिया गया। चुनाव में हंसी जनक, राज जम्वाल को कराटे एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश का अध्यक्ष तथा पवन ठाकुर को दो साल के कार्यकाल के लिए मुख्य सलाहकार चुना गया। इसके आलावा सोलन जिला के संदीप कुमार को अध्यक्ष, शिमला से प्रताप पंवार को कार्यकारी अध्यक्ष, बिलासपुर से मनोज कुमार को उपाध्यक्ष, मंडी से दिनेश कुमार को उपाध्यक्ष कांगड़ा से दामन जम्वाल को महासचिव, सिरमौर से दिग्विजय सिंह चंदेल व मंडी से हंसराज को संयुक्त सचिव, कुल्लू से हरीश शर्मा को कोषाध्यक्ष, कुल्लू से सोनू कुमार, चंबा से विपिन कुमार एवं हमीरपुर से संजीव कुमार को कार्यकारी सदस्य के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई।

### चौपाल कॉलेज में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, नेरवा/चौपाल।** कॉलेज चौपाल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविंद्र चौहान द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. रविंद्र चौहान ने सभी स्वयंसेवियों को स्वच्छता पर शपथ दिलाई। कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका ठाकुर (सहायक आचार्य) ने कार्यक्रम की थीम यूथ अगेंस्ट डस्ट एंड ड्रग के विषय में विस्तार से जानकारी दी तथा स्त दफन तक चलने वाले इस कार्यक्रम के प्रत्येक दिन की गतिविधि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान बोधना गांव के मुख्य मार्ग, आईटीआई मार्ग एवं डीएवी स्कूल मार्ग की सफाई के अलावा नगर पंचायत चौपाल में प्लास्टिक कचरे को एकत्रित करने का कार्य प्रातःकालीन सत्र में किए जाएंगे तथा सांयकालीन सत्र में विभिन्न विषय से संबंधित स्रोत व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाएगा जो अपने संवाद से स्वयंसेवियों को जागरूक तथा विचारशील बनाने में सहयोग करेंगे।

## करोड़ों की शंठा खड्ड-बोधना उठाऊ पेयजल योजना का पानी कहीं और हो रहा सप्लाई

# पानी को तरस रहे बोधना के लोग

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा**

चौपाल के बोधना गांव के लिए सरकार द्वारा सात वर्ष पूर्व करोड़ों की पेयजल योजना उपलब्ध करवाने के बावजूद गांव के लोग आज भी प्यासे नजर आ रहे है। लोगों का आरोप है की इस योजना का पानी बोधना के बजाय कहीं और ही सप्लाई किया जा रहा है।

लोगों का कहना है कि सरकार द्वारा वर्ष 2012 में करोड़ों रुपए की लागत से शंठा खड्ड-बोधना उठाऊ पेयजल योजना विशेष रूप से बोधना गांव के लोगों की मांग पर स्वीकृत की गई थी जोकि वर्ष 2018 में लोगों को समर्पित की गई। गांव के लोगों का दुर्भाग्य है कि करोड़ों रुपए की इस योजना का लाभ इस गांव को नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों के एक शिष्टमंडल ने रविंद्र चंदेल की अध्यक्षता में अधिशाषी अभियंता जलशक्ति मंडल नेरवा से मिलकर उन्हें बताया कि शंठाखड्ड-बोधना के नाम से बोधना, बावी गांव के नाम से बनी इस योजना से अन्य स्थानों को तो पेयजल आपूर्ति की जा रही है, परंतु बोधना-बावी के लोगों को इस योजना से पानी नहीं मिल रहा है।



उन्होंने आरोप लगाया कि यह जल शक्ति विभाग की अनियमितता एवं लापरवाही का नतीजा है कि विभाग द्वारा सरकार के निर्देशों की अवहेलना कर इस योजना को बोधना के बजाय एक किलोमीटर आगे लंक्कड़बीर नामक स्थान पर ले जाया गया है।

इस थान से इस योजना की जल आपूर्ति पहले नगर पंचायत चौपाल तथा ग्राम पंचायत ठाणा को नियमित रूप से की जाती है। चौपाल और ठाणा की आपूर्ति के उपरांत यदि पानी बचता है तभी बोधना गांव के लोगों को पानी मिल पाता है। उपरोक्त स्थानों से यदि कभी पानी बच भी जाए तो वह गांव की जरूरतों के लिए पूरा नहीं होता, जिसके परिणामस्वरूप यह गांव पानी के लिए तरसता रहता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जल शक्ति विभाग ने सरकारी कार्य में अनियमितता बरतते हुए सरकार को लाखों रुपए का अतिरिक्त चूना लगा कर इस योजना को कहीं और पहुंचा दिया और बोधना गांव को वंचित कर दिया, जोकि कहीं से भी न्यायसंगत नहीं है। सरकारी दस्तावेजों के अनुसार यह योजना बोधना गांव के लिए ही स्वीकृत है नाकि नगर पंचायत चौपाल और ग्राम पंचायत ठाणा के लिए। (अनंत ज्ञान)

**लोगों का आरोप-पानी बोधना के बजाय कहीं और हो रहा सप्लाई**

### ग्रामीणों ने अधिशाषी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

ग्रामीणों के शिष्टमंडल ने अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन सौंप कर मांग की कि जब यह उठाऊ पेयजल योजना विशेष रूप से बोधना गांव के लिए स्वीकृत है तो इस योजना से सर्वप्रथम बोधना गांव के लोगों को पेयजल अपूर्ति की जानी चाहिए। रविंद्र चंदेल ने बताया कि अधिशाषी अभियंता ने शिष्टमंडल को आश्वासन दिया है कि उनकी समस्या को शीघ्र हल किया जाएगा।

### शीघ्र हो समस्या का समाधान

**शिष्टमंडल** में रविंद्र चंदेल,हेम चंद चंदेल, प्रताप नेगी, लोकेन्द्र नेगी, विनोद नेगी, मनू एवं बिनु आदि शामिल रहे। ग्रामीणों ने विभाग को दो टूक चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग को शीघ्र पूरा न किया गया तो उन्हें मजबूरन न्यायालय की शरण लेनी पड़ेगी।

बोधना गांव के लोगों की पेयजल से संबंधित शिकायत आई है। शीघ्र ही मौके का निरीक्षण कर समस्या को हल करने का प्रयास किया जाएगा।

**-रजनीश वर्मा, अधिशाषी अभियंता, जलशक्ति मंडल नेरवा।**

## आपदा में संवाद निभाता है सबसे महत्वपूर्ण भूमिका: उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से बुधवार को कम्युनिकेशन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कंट्रोल रूम में बैठ कर सेटेलाइट फोन के माध्यम से जिला के सभी उपमंडलाधिकारियों से संपर्क किया। इसमें कुपवी, कोटखाई और शिमला ग्रामीण के उपमंडलाधिकारी से सेटेलाइट फोन के माध्यम से संपर्क ही नहीं हो पाया। इसके अलावा अन्य सभी से संपर्क हो गया। उपायुक्त ने कहा कि सैटेलाइट फोन के माध्यम से लेकर की गई मॉक ड्रिल संतोषजनक नहीं रही है। आपदा के समय में सैटेलाइट फोन के माध्यम से संपर्क न हो पाए तो राहत कार्यों को करने में काफी दिक्कतें पेश आती हैं।

उपायुक्त ने कहा कि 22 फरवरी को होने वाली जिला स्तरीय राजस्व विभाग की बैठक में सैटेलाइट फोन के संचालन को लेकर सभी उपमंडलाधिकारियों एवं संबंधित स्टाफ को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### जाखू रोप-वे में मॉक ड्रिल का आयोजन

आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारियों को लेकर बुधवार को जाखू रोपवे में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल के दौरान जमीन से 100 मीटर की ऊंचाई पर फंसे लोगों को कुर्सी एवं रस्सी के माध्यम से उतारा गया। लगभग डेढ़ घंटे तक चले रैस्क्यू अभियान के बाद इन लोगों को नीचे उतारा गया। मॉक ड्रिल में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अन्य विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। जाखू रोपवे में मॉकड्रिल सुबह 11 बजे शुरू हुई।

### मॉकड्रिल आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कारगर

**मॉकड्रिल** की अगुवाई कर रही अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रोटोकॉल ज्योति राणा ने कहा कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा हर वर्ष रोपवे में मॉकड्रिल का आयोजन किया जाता है। इस तरह के आयोजन किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कारगर साबित होते हैं।

## दशकों पुराना पुजारली-3 स्कूल बंद होने के कगार पर

**दशमी रावत, रोहडू**

ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर शिक्षा देने का दम भरने वाली प्रदेश सरकार के सभी दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं। शिक्षा मंत्री के अपने विधानसभा क्षेत्र जुब्बल-कोटखाई में ही कई स्कूल शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं। सरकारी दावों की पोल खोलता ऐसा ही एक स्कूल नावर क्षेत्र के अंर्तगत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पुजारली-3 है।

शिक्षकों की कमी के चलते आज स्कूल में मात्र 26 बच्चे ही रह गए हैं। स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा शिक्षकों की कमी का मुद्दा शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के समक्ष भी कई बार उठाया गया है, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ है। जिस कारण स्कूल प्रबंधन समिति को मजबूरन न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों में मनोज सुंटा, अनुपम चौहान, नीटू काल्टा, जैसी राम, रीना भारती, दलीप शर्मा, मोती लाल व नंद लाल ने मांग उठाई है कि रिक्त पदों को शीघ्र से शीघ्र भरा जाए। सरकारी उपेक्षा के कारण स्कूल बंद होने के कगार पर है। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देविंद्र ने बताया कि शिक्षकों के पदों को भरा जाए।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पुजारली-3 के प्रधानाचार्य सुरेश देष्टा ने बताया कि स्कूल में शिक्षकों के पद रिक्त है। इस संबंध में पहले ही शिक्षा विभाग को अवगत करवाया गया है।

### युवाओं को जकड़ता जा रहा चिट्टा: चेतन बरागटा

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने प्रदेश में बढ़ते नशे के कारोबार व चिट्टे के कारण युवाओं की हो रही मौत पर गहरी चिंता प्रकट की है। पंजाब के बाद हिमाचल के युवा पूरी तरह से नशे की गिरफ्त में फस रहा हैं और नशा माफिया बिना किसी डर के अपनी जड़े प्रदेश के अंदर मजबूत कर रहा है।

बरागटा ने कहा कि प्रदेश में नशे का कारोबार अपने चरम पर है और नशा माफिया पूरे प्रदेश में तांडव मचा रहे हैं। प्रदेश के अंदर पिछले दो हफ्तों में नशे के ओवर डोज की वजह से 4 युवाओं की दुखद मौत का मामला सामने आ चुका है। नशा प्रदेश के युवाओं को अपने मकड़जाल में जकड़ता जा रहा है,जो चिंताजनक है।

## साइंस ब्लॉक जुन्गा की टूटी सीलिंग

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)**

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुन्गा की साइंस लैब में घटिया सामग्री का इस्तेमाल करने से इसकी सीलिंग करीब दो वर्ष में ही गिर गई। गनीमत यह रही कि सिलिंग गिरने से कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। साइंस विषय के विद्यार्थियों को इस भवन में बैठना जोखिम भरा हो गया है।

गौर रहे कि लोक निर्माण विभाग ने आनन फानन की अधूरे साइंस ब्लॉक का उद्घाटन बीते 10 नवंबर 2020 को पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से करवाया गया था। उद्घाटन के उपरांत इस भवन में अधूरे रहे निर्माण कार्यों को पूरा करने में लोक निर्माण विभाग ने करीब दो वर्ष लगा दिए और वर्ष 2022 में इस भवन को शिक्षा विभाग को सौंपा गया था।



साइंस ब्लॉक की टूटी सिलिंग का दृश्य।

स्कूल प्रबंधन समिति का कहना है कि भवन की छत डेढ़ वर्ष में ही टूटनी शुरू हो गई थी जिसकी रिपेयर लोक निर्माण विभाग द्वारा कर दी गई थी। तत्पश्चात सिलिंग काफी जगह से टूटने लग गई। इसके अतिरिक्त खिड़कियों के शीशे भी टूट गए थे, जिसकी मुरम्मत आज तक नहीं हो पाई है। जुन्गा क्षेत्र के लोगों में विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए है। बीते दिनों ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह के पाठशाला के वार्षिक समारोह के दौरान इस भवन में घटिया सामग्री का प्रयोग किए जाने पर कड़ी आपति जताई और ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के लिए विभाग को आदेश दिए थे।

दूसरी ओर किसान सभा के राज्याध्यक्ष डॉ. कुलदीप तंवर ने कहा कि सरकारी विकास कार्यों में घटिया सामग्री इस्तेमाल करना आम बात हो गई है।

लोनिवि उपमंडल के सहायक अभियंता देवेश ठाकुर ने बताया कि ठेकेदार को दो लाख की पेनेल्टी लगाई गई है। साइंस ब्लॉक की मुरम्मत के लिए शिक्षा विभाग से धनराशि उपलब्ध करवाने की मांग की गई है।

### बरोहा स्कूल में पढ़ाया कानून का पाठ

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** यूथ एवं ईको क्लब राजकीय उच्च विद्यालय बरोहा में वरिष्ठ अधिवक्ता सर्वजीत सिंह ने बच्चों को नेतृत्व विकास और कानून से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारियां दीं। जिनके विषय में जानकार बच्चे बहुत प्रफुल्लित हुए कि जो चीज हमें पुस्तकों में पढ़ने को नहीं मिली वह आज सर्वजीत सिंह के इस उद्बोधन में जानकारी प्राप्त हुई। मुख्य वक्ता ने बच्चों को बताया कि नेतृत्व विकास के लिए लगातार अध्ययन और आत्म मंथन भी आवश्यक है क्योंकि नेतृत्व तभी किया जा सकता है जब किसी विषय के बारे में विस्तृत जानकारी नेता को हो और वह अपनी बात तर्क संगत रूप से श्रोताओं के समक्ष रख सके और उन्हें अपने साथ लेकर चल सके। इसके साथ ही उन्होंने संविधान उसमें वर्णित मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों, स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास और बिलासपुर रियासत के इतिहास के बारे में भी बच्चों को अवगत कराया। इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए मुख्य अध्यापक राजकुमार ने वरिष्ठ अधिवक्ता जी का यहां आने के लिए धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में मुख्य सूत्रधार के रूप में श्री धनीराम शास्त्री जी व अन्य स्टाफ के सदस्य अशोक कुमार, अरुण कुमार, मनजीत सिंह, सरोज बाला, रोशनी देवी, सुनीता देवी आदि उपस्थित रहे।

### बरठीं बाजार में लग रहे जाम से लोग परेशान



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के सबसे बड़े बाजार बरठीं में आये दिन लोगों को जाम की समस्या से परेशान कर रखा है। प्रशासन फिर भी ध्यान नहीं दे रहा है। प्रशासन की इस उदासीनता का परिणाम है कि जिस वाहन चालक को जहां जगह दिखाई देती है। वह वहां पर ही अपना वाहन खड़ा कर रास्ता जाम कर देता है। बरठीं बाजार के मुख्य मार्ग मोदी चौक से लेकर सरगल चौक तक कई स्थानों पर लोगों को जाम का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग पर सबसे विकट स्थिति बरठीं बाजार के बीच स्थित चौराहे पर है। इसी चौराहे से स्कूल, अस्पताल जाने मुख्य मार्ग निकलता है। बरठीं बाजार के मुख्य मार्ग पर कई वाहन यहां बेतरतीब खड़े हो जाते हैं। इससे घंटों मार्ग पर जाम लगा रहता है। सबसे ज्यादा समस्या सुबह और शाम के समय आती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरठीं बाजार 20 से अधिक पंचायतों को कवर करता है।यह झण्डुता का प्रमुख व्यापारिक केंद्र भी है। परन्तु बरठीं में बस स्टैंड की सही व्यवस्था न होने के कारण यहां पर जाम की समस्या आम है। लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है।

### बरठीं स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल की सबसे बड़े सरकारी विद्यालय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरठीं में ग्यारहवीं के छात्रों द्वारा बाहरवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। स्कूल प्रबंधन कमेटी के प्रधान राजेश गौतम शर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य ओ पी शर्मा सहित सभी अध्यापकों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। कक्षा 11 के छात्र छात्राओं ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और कक्षा 12 के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11 की छात्राओं ने किया। समारोह के अंत में कक्षा 12 के सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और टाइटल देकर विदाई दी गई। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन कमेटी के प्रधान राजेश गौतम ने बताया कि आज हमारे विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया है। बाहरवीं कक्षा के बच्चों को विदाई दी गई है।इसके लिए सभी बच्चे प्रशंसा के पात्र हैं। जो बच्चे यहां से पास होकर जाएंगे सभी को उनके भविष्य की शुभकामनाएं देता हूं।

## चिट्टा तस्करी में संलिप्त लोगों को कमरा देने वालों पर नप घुमारवीं करेगी कार्रवाई

### कटेगा बिजली-पानी का कनेक्शन, गठित की जाएगी सतर्कता कमेटी

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश में नशे की चिट्टे की समस्या गंभीर रूप ले रही है। चिट्टे के बढ़ते प्रचलन पर रोक लगाने के लिए अब लोग आगे आ रहे हैं। नगर परिषद घुमारवीं ने भी नशे के खिलाफ मोर्चा निकाल लिया है। घुमारवीं नगर परिषद में ऐसे लोगों को किराए पर कमरा नहीं दिया जाएगा और अगर मकान मालिक ऐसे लोगों को कमरा किराए पर देता है तो नगर परिषद ऐसे मकान मालिक के विरुद्ध कार्रवाई करेगी। नगर परिषद ऐसे मकान मालिकों के बिजली पानी के कनेक्शन कटवाएगी। नगर परिषद इस फैसले को अमलीजामा पहनाने के लिए पार्षदों और स्थानीय लोगों की सतर्कता कमेटी बनाएगी। इस टीम द्वारा आने वाले समय में न केवल चिट्टा तस्करों की पहचान करेगी, बल्कि इनको सलाखों तक पहुंचाने का भी प्रयास करेगी।

नगर परिषद अध्यक्ष रीता सहगल ने बताया कि घुमारवीं शहर में चिट्टा तस्कर सरेआम घूम रहे हैं। कमरा किराए पर लेकर ये लोग इन गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। सभी वार्डों में सतर्कता कमेटियां का गठन किया जाएगा और इन कमेटियों द्वारा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। उन्होंने बताया नशे में संलिप्त लोगों से कमरे भी खाली करवाए जाएंगे। उन्होंने शहरवासियों से ऐसे लोगों को किराए पर न रखने की भी अपील की है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में जो भी लोग चिट्टे का सेवन व तस्करी करते हैं, उनके और परिवार के सदस्यों को चरित्र प्रमाण पत्र व अन्य प्रमाण पत्र नगर परिषद द्वारा जारी नहीं करेगी और सरकार की तरफ से मिलने वाली सभी सुविधाओं से वंचित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### पोस्टर मेकिंग में अनु की टीम ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम का रेड रिबन क्लब के सहयोग से आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने की। इस दौरान पोस्टर मेकिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी कराई गई। पोस्टर मेकिंग में अनु और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भव्या की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला आयुर्वेद अधिकारी बिलासपुर डॉ. सपना, स्वास्थ्य शिक्षक दीप कुमार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश मिश्रा उपस्थित रहे। डॉ. सपना ने एनीमिया और मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित मुद्दों पर प्रकाश डाला। स्वास्थ्य शिक्षक दीप कुमार ने एड्स एवं नशा मुक्ति हेतु जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। हरीश मिश्रा ने अपने व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों के साथ महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार सहित समस्त अध्यापक वर्ग भी उपस्थित रहा।

## श्री मुक्तिधाम निर्माण समिति ने उपायुक्त को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

लोकसभा चुनावों के मतदान कार्य को सुचारु रूप से एवं सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन के उपलक्ष्य में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किए गए उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक को बुधवार को श्री मुक्तिधाम निर्माण समिति द्वारा सम्मानित किया गया। समिति द्वारा उन्हें शॉल व टोपी तथा प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। समिति के प्रवक्ता अनीश ठाकुर ने बताया कि शहर के साथ सटे लुहणू मैदान के भरतपुर में स्थित श्रीमुक्ति धाम के जीर्णोद्वार और विकास कार्यों के लिए जब भी समिति ने उपायुक्त के समक्ष गुहार लगाई है, उन्होंने जनहित को देखते हुए समिति की हर संभव मदद की है। उन्होंने बताया कि श्रीमुक्तिधाम में बोलवैल लगाने के लिए उनके द्वारा जल शक्ति विभाग बिलासपुर को धनराशि आवंटित की गई थी, उसका काम विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने डीसी बिलासपुर का आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने श्रीमुक्ति धाम को जाने वाले रास्ते की दुरुस्ती के लिए प्राकलन उपायुक्त को सौंपा।

उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि मार्च तक इस सड़क को ठीक करने के लिए बजट का प्रावधान कर दिया जाएगा। इस प्रतिनिधिमंडल में ओम प्रकाश गर्ग, पुरुषोतम शर्मा, जितेंद्र चंदेल, ललित डोगरा, प्रताप सिंह भल्ला, राजेंद्र शर्मा, महिपाल सांख्यान, नरेंद्र पंडित, सुशील पुंडीर परींदा, सुरेश नड्डा, राजकुमार, रफीक शेख, प्रमोद शर्मा और अनीश ठाकुर मौजूद थे।

### श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर छांब में मूर्ति प्रतिष्ठा 22 को

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हरनोड़ा पंचायत के देवला छांब गांव में स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में महादेव विकास समिति द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में मां दुर्गा और राधे-कृष्ण की मूर्तियों की प्रतिष्ठा स्थापना के साथ-साथ भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। धार्मिक क्रियाकलापों के कार्यक्रम में 20 फरवरी को सुबह 9 बजे पाठ,3 बजे मूर्ति जलादिवास, वहीं दूसरे दिन 21 फरवरी सुबह 9 बजे पाठ,11 बजे अन्नादिवास, 5 बजे फल-फूल वास होगा। 22 फरवरी सुबह 9 बजे पाठ और 11 बजे हवन,11.30 बजे मूर्ति ग्राम शोभा, 2 बजे मूर्ति स्थापना व पूर्णाहुति, 3 बजे भंडारा होगा। महादेव विकास समिति देवला छांब (हरनोड़ा) और समस्त भक्तजन इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया है और सभी से इस पुण्य कार्य में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त करें।

## सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर के लिए इंटरव्यू 25 व 27 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

इवान सिक्योरिटी फंक्शन प्राइवेट लिमिटेड बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर और आईटीआई ट्रेनी के विभिन्न पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला 25 फरवरी को उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं और 27 फरवरी को जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा।

यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी राजेश मैहता ने दी। उन्होंने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड के 60 पद, सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 20 पद और आई.टी.आई ट्रेनी के 25 भरे जाएंगे तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं व किसी भी ट्रेड में आईटीआई अथवा स्नातक होनी अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि चयनित उम्मीदवारों को मासिक वेतन 11,500 से 25,000 रुपए तक प्रदान किया जाएगा। सिक्योरिटी गार्ड पद के लिए उम्मीदवारों को कुछ शारीरिक मानकों को पूरा करना अनिवार्य होगा। पुरुष उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम ऊंचाई 5 फुट 7 इंच और वजन 60 किलोग्राम निर्धारित किया गया है, जबकि महिला उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम ऊंचाई 5 फुट 4 इंच और वजन 48 किलोग्राम आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार की आयु 20 से 36 वर्ष होनी चाहिए। पुरुष और महिला उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित निर्धारित तिथियों पर संबंधित रोजगार कार्यालय में पहुंचकर भाग ले सकते हैं। इसके अलावा, इच्छुक उम्मीदवारों को एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज के पोर्टल www-eemis-hp-nic-in पर पंजीकरण कर आवेदन करना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक उम्मीदवार जिला रोजगार कार्यालय, बिलासपुर से संपर्क कर सकते हैं।

**परामर्श**

### बिलासपुर कॉलेज में बायोसाइंस के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसिलिंग का आयोजन

## स्टूडेंट्स को दिए करियर निर्माण के टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के वनस्पति और जीव विज्ञान तथा करियर काउंसलिंग के तत्वाधान से जेपी विश्वविद्यालय वाकनाघाट के प्राध्यापक डॉक्टर अशोक कुमार नड्डा और डॉक्टर राज ने बायोसाइंस के विद्यार्थियों को करियर के लिए जानकारी प्रदान की। उन्होंने बायोटेक्नोलॉजी और बायोइनफॉर्मेटिक्स के स्कोप के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया।





उन्होंने बताया कि ये दोनों क्षेत्र न केवल चिकित्सा, कृषि और पर्यावरण के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं, बल्कि युवाओं को शोध और नवाचार के क्षेत्र में भी अवसर देते हैं। डॉक्टर अशोक कुमार नड्डा ने बताया कि बायोटेक्नोलॉजी एक बहुआयामी क्षेत्र है जिसमें जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा इंजीनियरिंग का संगम होता है तथा डॉक्टर राज ने बायोइनफॉर्मेटिक्स के बारे में जानकारी दी कि ये जीव विज्ञान और कंप्यूटर विज्ञान का मिश्रण है जिसमें जीनोमिक्स, प्रोटियोमिक्स और डेटा विश्लेषण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसमें महाविद्यालय के 110 विद्यार्थियों ने भाग लिया और उसमें दिलचस्पी दिखाई। डॉक्टर अशोक कुमार नड्डा और डॉक्टर राज ने यहां आने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल का धन्यवाद किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने विद्यार्थियों को बताया कि ये दोनों क्षेत्र न केवल विज्ञान और तकनीक के संगम का अद्भुत उदाहरण हैं, बल्कि मानव जीवन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने ये भी कहा कि आप में से कई युवा वैज्ञानिक, शोधकर्ता और उद्यमी बन सकते हैं और यदि आप इन क्षेत्र में रुचि रखते हैं, तो यह आपके लिए अपार संभावनाओं का द्वार खोल सकता है। साथ ही उन्होंने डॉक्टर अशोक कुमार नड्डा और डॉक्टर राज का बिलासपुर महाविद्यालय में आने के लिए और विद्यार्थियों को बायोटेक्नोलॉजी और बायोइनफॉर्मेटिक्स की जानकारी प्रदान करने के लिए धन्यवाद किया।

इस अवसर पर वनस्पति विभाग के अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार और प्रोफेसर प्रवीण सांख्यान तथा करियर काउंसलिंग के को-ऑर्डिनेटर प्रोफेसर सुरेंद्र ठाकुर और जूलोजी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉक्टर कुलदीप भरवाल और प्रोफेसर सोनिया राठौर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने मारपीट करने पर मामला किया दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर में जड़ोल क्षेत्र में गाली-गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी को लेकर केस दर्ज किया है। जानकारी अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में यशोदा देवी पत्नी रोशन लाल निवासी गांव टाली डाकघर जड़ोल ने कहा कि उसके देवर ने जबरदस्ती इनके आंगन में पौड़ी लगवानी शुरू कर दी। उसने कहा कि यहां पर स्टे लगा है तो देवर जगत राम और देवरानी मंजू ने उसके साथ गाली-गलौज व जान से मारने की धमकियां देकर मारपीट करने लगे। जबकि दूसरी ओर देवरानी मंजू ने दर्ज कराई प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि वह अपने घर के छज्जा के नीचे काम रहे थे। असे दौरान चमन लाल व जेठानी यशोदा उन्हें मारने को आये और दोनों ने इसके पति के साथ हाथापाई व गाली गलौज करने लगे। महिला का आरोप है कि जब ये घर को आते है तो आरोपी उनपर थूकने लगते है। जेठानी उसके पति को दुष्कर्म के केस में फंसाने की भी धमकी देती है। एसपी साक्षी वर्मा ने बताया थाना सुंदरनगर में दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### मवेशियों के पास ही हो रहा फास्ट फूड का कारोबार

**भीम बसेड़ू, महादेव।** नगर परिषद सुंदरनगर के अंतर्गत आते शहरी क्षेत्र भोजपुर से सटे एक मकान के यहां मवेशियों संग फास्ट फूड का कारोबार देखा जा सकता है जो स्वच्छ शहर समृद्ध शहर जैसी बड़ी-बड़ी बातों के चलते किसी को भी अजीब लग सकता है। अत्यधिक गलत बल्कि जुर्म की बात है जहां पशु बांधे गए हैं वहीं खाने- पीने की दुकानदारी चलाई जा रही है जो अपने आप में खुल्लम-खुल्ला गंदगी यानि रोगाणु खिलाने वाला नारकीय काम है। इस तरह के फास्ट फूड को जिंदगी की सांसों को थमाने वाला फास्ट फूड कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी क्योंकि इस फास्ट फूड कार्नर के साथ कई तरह की गंदगी लेकर प्रदूषण फैला है जिससे यह फूड दोहरे विषाक्त में धकेला जा रहा है। संबंधित विभाग एवं प्रशासन से बिना खौफ खाए यह सब चलाना अपने आप में एक तरह का नरसंहार ही कहा जाएगा जो बेरोकटोक जारी है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि पशुओं संग बैठकर कुछ भी खाने पीने को क्या कहा जाए और स्वास्थ्य संबंधी कितनी तकलीफें उठानी पड़ सकती हैं सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। लोगों ने संबंधित विभाग व उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही उक्त त्रुटिपूर्ण ढंग के खोले गए फास्ट फूड कार्नर आदि की जांच कर उचित कार्रवाई अमल में लाई जाए।

### गौरी मिस व अनूप मिस्टर फेयरवेल बने




**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** श्रीमती शैलबाला राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलद्वाड़ा में 12वीं के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल का आयोजन 19 फरवरी को किया गया। कार्यक्रम की मेजबानी 11वीं के विद्यार्थियों ने की । इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को अलग-अलग टाइटल दिए गए और उनसे विभिन्न टास्क करवाए गए । इस अवसर पर एक शानदार चाय पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में गौरी व अनूप को मिस और मिस्टर फेयरवेल तथा प्रवीण को मिस पर्सनालिटी वह आंचल को मिस पर्सनालिटी चुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या शकुंतला ठाकुर ने की।

### कन्या विद्यालय में गणित प्रश्नोत्तरी आयोजित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंडी में प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। गणित प्रश्नोत्तरी में सात टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार, विक्रम सिंह, गणित प्रवक्ता मित्र देव, मौजूद रहे। प्रश्नोत्तरी संयोजक राजेश्वरी शर्मा ने बताया कि अविष्कार अभियान के अंतर्गत इस आयोजन में रमनजीत कौर, स्वाति शर्मा, पायल ठाकुर की टीम प्रथम रही जबकि द्वितीय स्थान निकिता पारुल, और प्रियंका की टीम को मिला।

### सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान करने पर काटे चालान

**अनंत ज्ञान, चंबा ।** तेलका पुलिस चौकी की टीम ने सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वालों पर नकेल कसने की मुहिम आरंभ कर दी है। इसी क्रम में मंगलवार को तेलका बाजार में धूम्रपान करते हुए छह लोगों के पुलिस ने चालान किए। साथ ही दोबारा सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान न करने को लेकर चेताया है। पुलिस चौकी प्रभारी रजनीश शर्मा ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करना वर्जित है। इसी के तहत लोगों के छह चालान किए गए हैं।

### बोर्ड परीक्षाओं में पूछे जाएंगे बहुविकल्पीय प्रश्न

**अनंत ज्ञान, चंबा ।** बोर्ड की परीक्षाओं में इस बार 20 फीसदी बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। पहली बार इस तरह की व्यवस्था होगी। विभाग ने इस बार बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों के पैटर्न में बदलाव किया है। बोर्ड की 10वीं और जमा दो की वार्षिक परीक्षाएं मार्च में शुरू हो रही हैं। परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र तैयार हो रहे हैं। जल्द ही प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्र में पहुंच जाएंगे। इस बार परीक्षाओं में पूछे जाने वाले 20 फीसदी बहुविकल्पीय (एमसीक्यू) प्रश्नों के लिए उत्तर पुस्तिकाओं के प्रथम पृष्ठ पर विशेष स्थान उपलब्ध करवाया जाएगा। प्रश्नों के जवाब ओएमआर शीट पर देने होंगे। बोर्ड की ओर से ओएमआर शीट पर किए बदलावों के अनुसार बहुविकल्पीय सवालों के जवाबों की असैसमैंट स्कैनर से की जाएगी। परीक्षार्थियों को ओएमआर शीट पर बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर देने के नए पैटर्न बारे पहले अवगत करवा दिया जाएगा। शिक्षा विभाग द्वारा सभी स्कूलों में नए परीक्षा पैटर्न में हुए बदलाव के बारे में निर्देश दे दिए गए हैं। उच्च शिक्षा उपनिदेशक भाग सिंह ने कहा कि बोर्ड द्वारा आयोजित प्रत्येक परीक्षा में कम से कम 20 प्रतिशत बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे।

### सूडोकु नवताल- 7347

**★★★★ मध्यम**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7346 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

20 फरवरी, 2025, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** माघ, **तिथि** सप्तमी (10:01): **नक्षत्र** विशाखा (01:30), **पक्ष :** कृष्ण, **योग :** ध्रुव (11:32) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:12-12:57), **राहुकाल** (02:00-03:24)।

### विशेष दिन

- 20 फरवरी : राष्ट्रीय फाल्गुन मास आज से शुरू होगी।
- 20 फरवरी 2025 : शबरी जयंती आज।

**मेष:** पारिवारिक सदस्य के कारण तनाव मिल सकता है। भावुकता पर नियंत्रण रखना होगा। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृषभ:** बुद्धि कौशल से किया गया कार्य सफल होगा। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन:** निजी संबंध प्रगाढ़ होंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

**कर्क:** किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा। कर्म क्षेत्र में सफलता मिलेगी। जबकि भावनात्मक मामलों में तनाव मिल सकता है।

**सिंह :** आर्थिक योजना साकार होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी।

**कन्या :** भावुकता पर नियंत्रण रखें। उत्तेजना की स्थिति तनावपूर्ण है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। व्यस्तता बढ़ेगी।

**तुला:** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**वृश्चिक:** रिश्तों में मधुरता आएगी। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। उपहार या सम्मान का लाभ मिलेगा।

**धनु:** सामाजिक कार्यों में रुचि लेंगे। सांस्कृतिक एवं व्यावसायिक योजना फलीभूत होगी। व्यर्थ के वाद-विवाद में न पड़ें।

**मकर :** बहुप्रतीक्षित कार्य के संपन्न होने से आपके प्रभाव तथा वर्चस्व में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संबंधों में मधुरता आएगी। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

**मीन :** पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह कार्य में व्यस्त हो सकते हैं। भागदौड़ रहेगी, लेकिन ससुराल पक्ष का सहयोग मिलेगा।

### हिमालयन हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन ने नशे के खिलाफ अभियान का किया शुभारंभ

# चिट्टे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए आगे आए समाजसेवी

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

नशे के खिलाफ युवाओं व अन्य लोगों को जागरूक करने व सामाजिक कार्यों के उद्देश्य से प्रदेश स्तर पर गठित की गई संस्था हिमालयन हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन के द्वारा बुधवार को नशा (चिट्टा) विरोधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बट्ट नर्सिंग कॉलेज एवं आईटीआई बोंखरी मोड़ में आयोजित कार्यक्रम दौरान एएसपी चंबा शिवानी मेहला ने मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष परवेज अली बट्ट व महासचिव प्रकाश टंडन ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

वहीं संस्था के प्रदेश अध्यक्ष परवेज अली बट्ट ने संस्था के 15 सूत्रीय कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य मौत के दूसरे नाम चिट्टे के समूल नाश का है। जिसके लिए संस्था द्वारा जन




नशे के खिलाफ जागरूकता रैली को रावना करते हुए गणमान्य।

**एएसपी शिवानी मेहला उपस्थित रही बतौर मुख्यातिथि**

जागरण अभियान चलाकर युवाओं व आम जनमानस को चिट्टे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा। ताकि जागरूक होकर युवा व अन्य लोग चिट्टे से बच सकें और चिट्टे की डिमांड कम हो जिससे की चिट्टे की सप्लाई भी स्वत ही कम हो सकेगी। इसके उपरांत मुख्यातिथि एएसपी शिवानी मेहला ने उपस्थित प्रशिक्षुओं व अन्य लोगों को संबोधित करते हुए चिट्टे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी देने के साथ चिट्टा तस्करी व अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी करने पर सजा व जुर्माने के प्रावधान के बारे में अवगत करवाया।

उन्होंने कहा कि नशा तस्करी के खिलाफ कानून में सख्त सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर ही नशे व नशे के कारोबार पर चोट की जा सकती है। एएसपी शिवानी मेहला ने कहा कि यह खुशी की बात है कि हिमालयन हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन ने चिट्टे के खिलाफ युवाओं व आम जनमानस को जागरूक करने के लिए अभियान की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि इस अभियान की सफलता के लिए संस्था को पुलिस विभाग की ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा। इस मौके पर राजकीय महाविद्यालय बनीखेत के प्राचार्य डॉ. विजय नाग, अधिवक्ता नितिन महाजन, सेवानिवृत प्रधानाचार्य जेपी ठाकुर, जिला परिषद सदस्य पवन टंडन, मिंजर अस्पताल चंबा के संचालक डॉ. अनूप चंदेल व पुलिस विभाग की ओर से हवलदार पवन कुमार ने भी युवाओं को चिट्टे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए नशों से दूर रहने का आह्वान किया।

इसके उपरांत संस्थान के प्रशिक्षुओं द्वारा कॉलेज परिसर से लेकर बोंखरी मोड़ तक जागरूकता रैली भीं निकाली गई। रैली दौरान प्रशिक्षुओं ने नारों, बैनरों व होर्डिंग्स के माध्यम से नशे के खिलाफ जागरूक भी किया।( अनंत ज्ञान)

# मैहला में 66 लाख 36 हजार 550 रुपए का बजट पास

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**पंचायत समिति मैहला की बैठक में 15वें वित्तायोग बजट पर लगी मुहर**

पंचायत समिति मैहला की मंगलवार को संपन्न त्रैमासिक बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए पंद्रहवें वित्तायोग के 66 लाख 36 हजार 550 रुपए के बजट का सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके साथ खंड पंचायत विकास योजना के अनुमानित बजट पर भी समिति सदस्यों ने सर्वसम्मति से मुहर लगाई। बैठक में समिति के तीन माह के आय-व्यय पर चर्चा कर स्वीकृति प्रदान की गई। फिलहाल बैठक में वर्ष 2025-26 के मनरेगा बजट को पेंडिग रखा गया है।

पंचायत समिति मैहला की अध्यक्ष गिलमा देवी ने की, जबकि संचालन सदस्य सचिव एवं खंड विकास अधिकारी बशीर खान ने किया। बैठक के दौरान समिति सदस्यों ने पिछली बैठक में विभिन्न विभागों की जनहित की समस्याओं व मांगों को लेकर उठाए गए मुददों को अमल में लाई कार्रवाई को पटल पर रखने की मांग उठाई। इस पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने समिति सदस्यों की मांगों व समस्याओं के निपटारे को लेकर अमल में लाई कार्रवाई का विस्तृत ब्यौरा पेश किया।

**बैठक में जनहित से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा**

बैठक में जनहित से जुड़े कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। पंचायत समिति अध्यक्ष गिलमा देवी ने सदस्यों से आहवान किया कि वे जनहित की मांगों व समस्याओं के निपटारे और ग्रामीण विकास की योजनाओं को लेकर सजगता से कार्य करें। उन्होंने साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा सदस्यों की मांगों व समस्याओं के निपटारे को लेकर उठाए गए कदमों की भी सराहना की। गिलमा देवी आगामी वित्तीय वर्ष के लिए पंद्रहवें वित्तायोग और बीपीडीपी के अनुमानित बजट को आम सहमति से पारित करवाने के लिए समिति सदस्यों का आभार जताया। बैठक में पंचायत समिति मैहला के उपाध्यक्ष सूरज शर्मा व समिति सदस्यों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# वन संपदा की अवैध तस्करी रोकने के लिए विभाग मुस्तैद

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा में कशमल जड़ों की अवैध तस्करी पर शिकंजा कसने के लिए वन विभाग ने चंबा डिविजन में नाकाबंदी करके रखी है।

दिन के समय जहां संबंधित वन बीटों के वन रक्षक जंगलों में निगरानी रख रहे हैं तो वहीं रात के समय वन विभाग के कर्मचारी विभिन्न टीमों में गठित होकर पूरी डिविजन पर नजर रख रहे हैं। इसके लिए वन विभाग की तरफ से विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें देर रात तक सड़कों और जंगलों के आसपास पेट्रोलिंग कर रही हैं।

चंबा-सिढ़कुंड, पुखरी-मसरूंड, कैंथली, खब्बाली, कुठेहड़, धुलारा, माणी सहित अन्य स्थानों पर वन विभाग की टीमें रात को गश्तें कर रही हैं। इस दौरान रात को गुजरने वाले सभी वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है। ताकि कोई भी अवैध रूप से वन संपदा को निकाल कर नहीं लेकर जा सके। मसरूंड रेंज में जो लोग अवैध रूप से कश्मल जडों को निकाल रहे थे। उनके खिलाफ वन विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है।

वन मंडल अधिकारी चंबा कृतज्ञ कुमार ने बताया कि कश्मल सहित अन्य वन संपदा की अवैध तस्करी को रोकने के लिए पूरी निगरानी रखी जा रही है। वन विभाग की टीमें रात व दिन के समय गश्त करके जंगल में होने वाली हरेक गतिविधि पर अपनी नजर रख रही हैं।




वाहनों की चैकिंग करती हुई वन विभाग की टीम।

# विक्रमादित्य जिला चंबा के तीन दिवसीय प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, चंबा**

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह जिला चंबा के तीन दिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि विक्रमादित्य सिंह 20 फरवरी को शाम 8:00 बजे डलहौजी पहुंच रहे हैं जहां उनका रात्रि ठहराव है।



विक्रमादित्य सिंह 21 फरवरी को प्रात: 10:00 बजे डलहौजी में चर्च बैलून सड़क पर बनने वाली कार पार्किंग की आधारशिला रखने के पश्चात बाद दोपहर 12:30 बजे मैड़ा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 के तहत मैड़ा चखोतर उन्नयन सड़क का निरीक्षण करेंगे तथा डांड में जन समस्याएं भी सुनेंगे। इसके पश्चात विक्रमादित्य सिंह सांय 3:30 बजे लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह किहार पहुंचेंगे जहां उनका संक्षिप्त ठहराव होगा। लोक निर्माण मंत्री सांय 5:00 बजे की किहार से चल कर शाम 7:30 बजे भंजराडू पहुंचेंगे ।

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री 22 फरवरी को प्रात: 10:00 बजे भंजराडू (तीसा) से कोटी के लिए रवाना होंगे तथा प्रात: 11:30 बजे प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना-3 के अंतर्गत उन्नयन सड़क कियानी -राजनगर-चकलू-कोटी का निरीक्षण तथा नाबार्ड के अंतर्गत चंडी-बडोह बाया भटोली सड़क के शेष कार्य का उद्घाटन करेंगे। 23 फरवरी को लोक निर्माण मंत्री प्रात: 10:00 बजे जिला मुख्यालय चंबा के एनआईसी हाल में लोक निर्माण विभाग सर्किल डलहौजी से संबंधित कार्य प्रगति बारे समीक्षा बैठक करने के उपरांत बाद दोपहर 2:00 बजे चंबा से रजेरा के लिए रवाना होंगे। लोक निर्माण मंत्री द्वारा रजेरा में 2:15 बजे सिलाघराट से अयल सड़क के मेटलिंग व टारिंग कार्य, संपर्क सड़क गुवाड, संपर्क सड़क बैली रजेरा-संगेड तथा त्राला से बरेही सड़क का भूमि पूजन करने के अलावा नाबार्ड के अंतर्गत कांदू पंजोह सड़क का लोकार्पण भी करेंगे। इस के अलावा उनके द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 के अंतर्गत उन्नयन रजेरा-धुलाड़ा सड़क का निरीक्षण भी किया जाएगा।

# पंचायत बगढार में लगे मेडिकल कैंप में 50 मरीजों ने करवाई जांच

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

योग मानव विकास ट्रस्ट बनीखेत कई तरह की सामाजिक गतिविधियों जैसे महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति अभियान, योग एवं स्वास्थ्य इत्यादि में अग्रसर है, जिसके तहत ग्राम पंचायत बगढार में योग मानव विकास ट्रस्ट बनीखेत और पीएचसी बगढार के सहयोग से एक्यूप्रेशर मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

इस कैंप में लगभग 50 मरीजों की जांच एक्यूमास्टर प्रवीन ढिंगरा द्वारा की गई और स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान हेतु एक्यूप्रेशर तकनीक का उपयोग किया गया।

इस अवसर पर पंचायत प्रधान व्यास भारद्वाज व पंचायत कर्मचारी, पीएचसी बगढार के कर्मचारी, योग मानव विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी कुलदीप सिंह, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

यह शिविर लोगों के स्वास्थ्य में सुधार लाने और पारंपरिक उपचार पद्धति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।



# विद्यार्थियों को उपयोगी विषयों पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जडेरा में हिमाचल प्रदेश सरकार के तत्वावधान में 'अपना विद्यालय' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आईटीआई चंबा के प्रधानाचार्य विपिन शर्मा ने विद्यालय में शिरकत की और विद्यालय के अध्यापकों तथा विद्यार्थियों से विद्यालय की उपलब्धियों और समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की।

विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य दीपक शर्मा ने विद्यालय की समस्त शैक्षिक, भौतिक एवं अन्य आवश्यकताओं के बारे में विपिन शर्मा को विस्तार से अवगत कराया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विपिन शर्मा के साथ आई हुई अध्यापिका सुषमा ने विद्यार्थियों को भविष्य में उपयोगी विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी।



हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा संचालित यह कार्यक्रम शिक्षा के स्तर को सुधारने और विद्यालयों में समग्र विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 'अपना विद्यालय' कार्यक्रम के अंतर्गत एसएमसी (स्कूल प्रबंधन समिति) के सदस्य, गांव के नागरिक तथा आसपास के क्षेत्र के लोग विद्यालय को किसी भी रूप में सहायता प्रदान कर सकते हैं। वे न केवल शैक्षिक क्षेत्र में बल्कि सह-शैक्षिक गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से योगदान कर सकते हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में सामुदायिक सहयोग को बढ़ावा देना है, जिससे विद्यालयों की समस्याओं का समाधान आसानी से हो सके और विद्यार्थियों को एक समृद्ध शैक्षिक वातावरण प्राप्त हो। इस तरह के प्रयास न केवल शिक्षा को सशक्त बनाएंगे, बल्कि समाज में एक सकारात्मक बदलाव भी लाएंगे।

### आईटीआई जोगिंद्रनगर में कैंपस साक्षात्कार आयोजित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर में एलायंस ग्रो स्टाफिंग प्राइवेट लिमिटेड, टीडीएस मोहाली के सौजन्य से परिसर साक्षात्कार आयोजित किया गया। इस साक्षात्कार में फिटर, मोटर यांत्रिकी, विद्युतकार, इलेक्ट्रॉनिकी, डिप्लोमा यांत्रिकी और पोशाक निर्माण सहित अन्य व्यवसायों के 14 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 13 उम्मीदवारों का चयन हुआ।

प्रशिक्षार्थियों को एमएसएन गियर लुधियाना, एसएसडब्ल्यूईएल डेराबस्सी, टीपीआई मोहाली, एचएमसी लुधियाना और हीरो मोटर्स में रोजगार मिलेगा। इस दौरान प्रधानाचार्या ई. नवीन कुमारी, नियुक्ति अधिकारी लव कुमार और महेश कुमार भी उपस्थित रहे।

# शिवरात्रि महोत्सव-2025 के लिए ऑडिशन शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव मंडी-2025 में सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति तथा वॉइस ऑफ शिवरात्रि के लिए ऑडिशन प्रक्रिया आरंभ हो गई है।



ऑडिशन के पहले दिन बुधवार को पड्डल मैदान स्थित टेनिस हाल में 60 कलाकारों को ऑडिशन के लिए बुलाया गया था। निर्णायक मंडल के समक्ष इन कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी।

20 फरवरी को 50 कलाकारों को ऑडिशन के लिए बुलाया गया है जबकि 21 फरवरी को 79 कलाकारों को ऑडिशन के लिए बुलाया गया है। कलाकारों के नाम डीसी मंडी के फेसबुक पेज पर अपलोड कर दिए गए हैं तथा कलाकारों के मोबाईल नम्बर पर भी संदेश के माध्यम से सूचित कर दिया गया है। रोहित राठौर ने बताया कि पहले चरण के इन ऑडिशन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को ही अगले चरण में प्रवेश मिलेगा। किसी भी प्रतिभागी को मुख्य प्रतियोगिता के लिए सीधे प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि वाईस ऑफ शिवरात्रि का फाइनल 4 मार्च, 2025 को महोत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में सेरी मंच पर सायं 4.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

# मझारनू में पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह और गुलाब सिंह की मुलाकात

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**



पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर ने बुधवार को अपनी पत्नी के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री गुलाब सिंह ठाकुर से मझारनू में मुलाकात की।

इस दौरान दोनों नेताओं ने एक-दूसरे का कुशल-क्षेम जाना और विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की।

महेंद्र सिंह ठाकुर इससे पहले बैजनाथ में भी भाजपा नेताओं से मिले थे। इन बैठकों को लेकर राजनीतिक गलियारों में अटकलें तेज हो गई हैं।( अनंत ज्ञान)

**दिक्कत** — धनोटू से महादेव तक गंदगी का है आलम, अधिकारी लोगों की मांग को कर रहे अनसुना

# नालियों में फैली गंदगी से लोगों का जीना हुआ दूभर

**आदर्श यादव, नेरचौक**

मंडी करसोग मार्ग पर धनोटू से लेकर महादेव तक सड़क मार्ग के किनारे स्थित नालियां व इनसे आने वाली बदबू लोगों के लिए परेशानी का सबब बनकर रह गई हैं। जिसके कारण स्थानीय लोगों के साथ साथ यहां से गुजरने वाले लोगों का जीना मुश्किल हो गया है।

नालियों की सफाई को लेकर स्थानीय लोगों ने कई बार विभाग को सूचित किया मगर विभागीय अधिकारी लोगों की मांग को अनसुना करते आए हैं। हैरानी जनक पहलू यह है कि जिन नलियों की सफाई की मांग लोग कर रहे हैं उनके बीच से पीने के पानी की लाइन भी गुजर रही है। जिसके कारण यहां पर महामारी फैलने का खतरा भी बना हुआ है।

हालांकि लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता का कार्यालय भी इसी मार्ग पर स्थित है और कार्यालय के बाहर भी नालियों का यही हाल है, परंतु विभागीय अधिकारी सबकुछ जानकर भी अनजान बने हुए हैं। विभाग की इस लापरवाही का खामियाजा स्थानीय जनता को भुगतना पड़ सकता है। स्थानीय वार्ड पंच एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष उत्कर्ष खत्री ने बताया कि इस समस्या को विभाग के समक्ष कई बार उठाया गया है लेकिन विभाग इसको लेकर गंभीर नहीं हो रहा है। यहां पर पक्की नालियां बनाने की सख्त जरूरत है। गंदगी के कारण यदि महामारी फैलती है तो इसके लिए सीधे तौर पर विभागीय अधिकारी जिम्मेवार होंगे। उन्होंने कहा कि यदि इसके बाद भी नलियों की सफाई नहीं करवाई जाती है तो स्थानीय लोगों के साथ विभाग के कार्यालय का घेराव किया जाएगा ।( अनंत ज्ञान)



नालियों में जमा गंदा पानी।

**विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ रहा जनता को**

> विभाग की ओर से नालियों की सफाई करवाई जाती है। परंतु स्थानीय लोग सारी गंदगी नालियों में फेंकते हैं जिसके कारण बार-बार गंदगी नालियों में जमा हो रही है और गंदा पानी रूक रहा है। शीघ्र ही नालियों की सफाई करवाई जाएगी।
> **-नीलमणि, एसडीओ लोनिवि धनोटू।**

**हम** वही हैं जो हम बार-बार करते हैं, इसलिए श्रेष्ठता कोई कार्य नहीं, बल्कि एक आदत है। -**अरस्तु**

## संपादकीय

# सम्मानजनक अभिव्यक्ति

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब कदापि यह नहीं होता कि बिना सोचे समझे कुछ भी बोल दिया जाए और उसका गलत प्रभाव किसी दूसरे व्यक्ति पर पड़ जाए। अभिव्यक्ति की आजादी को सीमित करने के कुछ कारण होते हैं। अभिव्यक्ति ऐसी होनी चाहिए कि जिससे दूसरों को कोई नुकसान नहीं पहुंचे। सार्वजनिक सुरक्षा को खतरा, सीखने की प्रक्रिया को बाधित करना अच्छी बात नहीं होती। अभिव्यक्ति की आजादी का तात्पर्य सिर्फ इतना ही होना चाहिए जिससे कोई राय, विचार और दृष्टिकोण व्यक्त हो सकता हो। इंडियाज गॉट लेटेंट में भद्दा मजाक करने पर यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया पर सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणी की है वह वाकई कई मायनों में सही प्रतीत होती है। रणवीर इलाहाबादिया वह शख्स है जो अपनी बेबाकी के नाम पर कुछ भी बोल जाता है। यही वजह है कि उस पर कई राज्यों में केस दर्ज हुए हैं। इन्हीं केसों को रद्द कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाई गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने भी यह कहा कि यूट्यूबर के 'दिमाग में गंदगी' भरी है और उसे तगड़ी फटकार लगा दी।

आखिर सुप्रीम कोर्ट को ऐसा क्यों कहना पड़ा, यह भी विचारणीय विषय है? दरअसल, जब भी कोई व्यक्ति इस तरह की हरकतें करता है तो सुप्रीम कोर्ट को आगे आना ही पड़ता है। अगर देश में सुप्रीम कोर्ट न हो तो रणवीर इलाहाबादिया जैसे लोग अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर न जाने क्या-क्या बोल जाएंगे। यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया का विवादों से काफी पुराना नाता है। उन्होंने एक शो में अभिभावकों को लेकर बेहद अश्लील मजाक किया था। अभिव्यक्ति की आजादी लोगों को सार्वजनिक मामलों पर बोलने का अधिकार देती है। अभिव्यक्ति की आजादी में प्रेस की आजादी, बोलने की आजादी और एक साथ इकट्ठा होने की आजादी भी शामिल होती है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) में नागरिकों को भाषण और अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार दिया गया है। अभिव्यक्ति की आजादी को सीमित करने का एक कारण दंगा भड़काना है। अभिव्यक्ति की आजादी का इस्तेमाल किसी समूह या व्यक्ति के वर्ग के खिलाफ अपमान, निंदा या घृणा भड़काने के लिए नहीं किया जा सकता। रणवीर इलाहाबादिया पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के मायने यह हैं कि अदालत ने उन्हें यूट्यूब पर एक कार्यक्रम के दौरान अशोभनीय टिप्पणी करने के लिए फटकार लगाई है। अदालत ने कहा है कि उनके दिमाग में कुछ गंदगी है जिसे उन्होंने यूट्यूब के कार्यक्रम में उगला है।

अदालत ने यह भी कहा है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी को भी समाज के मानदंडों के खिलाफ कुछ भी बोलने की छूट नहीं है। अदालत ने रणवीर इलाहाबादिया को अपना पासपोर्ट ठाणे के पुलिस थाने में जमा करने का निर्देश दिया है और कहा है कि वह अदालत की पूर्व अनुमति के बिना भारत से बाहर नहीं जाएंगे। इस टिप्पणी और सख्ती से यह स्पष्ट होता है कि सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर इलाहाबादिया की टिप्पणी को गंभीरता से लिया है और उन्हें इसके लिए जवाबदेह ठहराया है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक मूलभूत अधिकार है, लेकिन इसका उपयोग करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। सबसे पहले तो सच्चाई और तथ्यों के साथ ही बोलना चाहिए। इससे कभी भी कोई गड़बड़ होने की आशंका नहीं होती है। सम्मानजनक भाषा का उपयोग सबसे अच्छा होता है। बेशक कम बोलें, लेकिन अपशब्दों का इस्तमाल न करें, उससे हमेशा बचें क्योंकि आगे चलकर यही अपशब्द जहां दूसरे लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं तो वहीं इन अपमानजनक शब्दों के लिए कई बार माफी भी मांगनी पड़ती है। हालांकि, माफी मांगने का इतना बड़ा औचित्य नहीं होता, क्योंकि मुंह से बोला गया कोई भी शब्द वापस नहीं आता है इसलिए तोल मोल कर बोलना चाहिए। हम सबको दूसरों के अधिकारों का हमेशा सम्मान करना चाहिए। अपनी बात रखते समय दूसरों के अधिकारों का सम्मान करें और उनकी भावनाओं को आहत न करें।

अपनी बात रखते समय जिम्मेदारी से बोलें और अपनी बातों के परिणामों को समझें। अपनी बात रखते समय संवाद में शामिल हों और दूसरों की बात सुनने के लिए तैयार रहें। अपनी बात रखते समय अपशब्दों का उपयोग न करें और सम्मानजनक भाषा का उपयोग करें। दूसरों की भावनाओं को कभी ठेस नहीं पहुंचानी चाहिए। झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाने से हमेशा क्लेश ही बढ़ते हैं, इसलिए यह भी जरूरी है कि अपनी बात रखते समय हिंसा और धमकी का उपयोग न करें और शांतिपूर्ण संवाद में शामिल हों। व्यक्तिगत हमले बिलकुल नहीं किए जाने चाहिए। ■

# नशे के मकड़जाल में बुरी तरह जकड़ रही युवा शक्ति

समाज में दिन-प्रतिदिन बढ़ रही नशाखोरी की प्रवृति से युवा वर्ग का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। नशे का बढ़ता कारोबार वर्तमान समाज के सामने गंभीर चुनौती हो गई है। नशे में अब चिट्टा अत्यंत खतरनाक साबित हो रहा है। चिट्टे के बेचने वालों में कई वर्गों के दुष्टों के शामिल होने से सामाजिक व्यवस्था तहस-नहस होने लगी है। इस घिनौने कार्य में लगे लोग चंद रुपयों के लिए अनेक परिवारों को तबाह करने लगे हैं। आए दिन समाचार पत्रों की सुर्खियों बन रही है कि अपने जीवन के अंतिम पड़ाव पर पहुंची कोई बूढ़ी चिट्टा बेचने में लगी थी। कभी यह समाचार आ रहा है कि कोई पुलिस वाला तो कोई डॉक्टर चिट्टा बेच रहे हैं। कुछ इतने गिर गए हैं।



लेखक : रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

यह बेहद सोचनीय है। अभिभावक अपने बच्चों को इस नशे की गर्त में जाने से कैसे बचाएं? यह उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती हो गई है। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि वे अपने बच्चों को नशे के इस दानव से कैसे बचाएं? आये दिन नशेड़ियों के साथ घट रही अनहोनी घटनाओं को मद्देनजर रखते हुए, वे अपने बच्चों को शिक्षण-प्रशिक्षण के लिए घर से दूर भेजने से भी कतराने लगे हैं। कुसंगति के कारण युवा वर्ग नशे के मकड़जाल में बुरी तरह से जकड़ता जा रहा है। नशे के कारण कई घरों के चिराग बुझ गए तथा अनेक बसेरे हमेशा के लिए ही उजड़ गए।

पहले नशा तंबाकू, भांग व शराब तक सीमित था, लेकिन अब भुक्की, हेरोइन, अफीम व चिट्टा आदि न जाने कैसे-कैसे जानलेवा नशे हैं। बताया जाता है कि यदि इन नशों की एक बार किसी को लत लग गई, तो कुछ समय बाद उसकी मौत निश्चित है। निरंतर नशे का कारोबार बढ़ने से अपराधों का ग्राफ भी बढ़ने लगा है। नशेड़ी किसी भी हद तक गिर जाता है। नशे का



आदी हो चुका नशेड़ी नशे में या नशे के लिए कुछ भी कर सकता है। उसे अपना-पराया, छोटा-बड़ा, अमीर-गरीब कुछ भी दिखाई नहीं देता। इसके लिए वह बड़े से बड़ा अपराध भी कर देता है। बुजर्गों के अनुसार नशा करने वालों के घरों में दरिद्रता का बास होता है। धन का सदैव अभाव बना रहता है। घर में मूलभूत सुविधाओं की कमी रहती है तथा कलह-क्लेश बढ़ता है। हर किसी से झगड़ा होता रहता है। नशेड़ी का परिवार बुरी तरह से बिखर जाता है। नशेड़ी को मां-बाप की परवाह नहीं होती।

पत्नी से गली-गलौच व मारपीट करता है। इससे बच्चों के मन-मष्तिक पर बुरा असर पड़ता है। समाज में उसकी कोई इज्जत नहीं होती। पास-पड़ोसी भी उसकी हरकतों से परेशान रहते हैं। नशेड़ियों के परिवार हर समय परेशानी में रहता है। परिजनों का न खाने का समय होता है और न सोने का। इससे उनका मानसिक तनाव बढ़ता रहता था। ऐसी स्थिति में परिवार का कोई सदस्य आत्महत्या तक कर लेता है।

शराबी के घर में सबसे अधिक दुष्प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। संयुक्त परिवारों के टूटने से बच्चे संस्कारहीन होते जा रहे हैं। माता-पिता उनके पालन-पोषण व अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए रात-दिन व्यस्त होते हैं। उनके पास बच्चों पर नजर रखने के लिए प्रयाप्त समय नहीं होता, इसलिए उनमें अपनेपन की कमी खलती रहती है। नतीजतन ऐसे बच्चे कुसंगति में फंस जाते हैं तथा अपने उद्देश्य से बुरी तरह भटक जाते हैं। संयुक्त परिवारों में बड़ों के प्रति आदर व छोटों के प्रति प्यार होता था, इसलिए सभी के दिल में एक-दूसरे के प्रति मान-सम्मान होता था। बड़ा इसलिए कोई ऐसा काम नहीं करता था, जिससे छोटों पर बुरा असर पड़े। छोटों को बड़ों का डर रहता था, लेकिन अब छोटे परिवार हो गए हैं। मां-बाप अपने काम में जरूरत से ज्यादा व्यस्त है, इसलिए बच्चे मनमानी कर रहे है। जो बच्चे अपने भविष्य के बारे में सोचते हैं। वे ही जीवन में कुछ कर पाते हैं, लेकिन जो चलती-चलाते हैं।

वे जीवन में बहुत बड़ा धोखा खाते हैं। अपने अकेलेपन को दूर करने के लिए वे छिट-पुट नशा करना शुरू करता है। फिर धीरे-धीरे उसकी यह आदत बन जाती है तथा उसके स्वर्णमयी भविष्य अंधकार में बदल जाता है। यही नहीं कई बार ऐसे नशेड़ियों को अपनी जिंदगी से भी हाथ धोना पड़ता है। नशे की यह प्रवृति पहले बीड़ी-सिगरेट, भांग व शराब तक सीमित थी। समाज में शराब पीने वाले व्यक्ति का कोई मान-सम्मान ही नहीं होता था। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक रूप से शराब पीता था, तो उसके बेटे या बेटी का रिश्ता करने में भी बड़ी मुश्किल से होती थी। शराबी व्यक्ति से पूरा खानदान ही कलंकित माना जाता था, लेकिन अब शराब स्टेटस सिंबल बन गया है तथा यह अब सामान्य नशा हो गया है।

विवाह-शादियां हो या अन्य कोई कार्यक्रम शराब का प्रयोग धड़ल्ले से हो रहा है। लोगों को यह कहते भी सुना जाता है कि जिस कार्यकम में शराब नहीं चलती उसे फीका ही समझा जाता है। बीड़ी सिगरेट पीना तो अब आम बात हैं। प्रयोग में लाने के बाद मुंह से दुर्गंध आती है। यह दुर्गंध काफी देर तक रहती है, लेकिन अब ऐसे भी नशे उपलब्ध है, उनसे न दुर्गंध आती है और न ही आसानी यह पता ही लग पाता है सामने वाला व्यक्ति नशे में है। इसलिए यदि नशे के बढ़ते प्रचलन को रोकना है तो समाज की चिंता करने वाले नागरिकों को एक-जुट होना पड़ेगा । अन्यथा नशे के साथ ही अपराध भी बढ़ेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# अपनाना होगा सकारात्मक दृष्टिकोण...मात्र चालान नहीं है समाधान

वर्तमान समय में हमारे प्रदेश और देश में बड़े पैमाने पर बढ़ रही सड़क दुघर्टनाएं मानव संसाधन की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। अधिकांश घटनाएं तो ऐसी घट रही हैं जिसमें अल्प आयु के बच्चे या घर के इकलौते चिराग बुझ रहे हैं, यह समाज के साथ-साथ मां बाप के लिए भी परेशानी का विषय बनता जा रहा है। सड़कें किसी भी प्रकार के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहलू होती हैं। सड़कें आधुनिकता और विकास की जीवन रेखाएं मानी जाती हैं।



लेखक :: विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी, चंबा

सत्य ही है, क्योंकि सामाजिक और आर्थिक विकास के किसी भी पहलू का सड़कों के बिना कोई भी व्यवहारिक रूप परिलक्षित नहीं हो सकता। आधुनिक काल में वैज्ञानिक विकास और यातायात की सुविधाओं ने मानव जीवन को अत्यंत सुलभ और सुगम बना दिया है। आज मनुष्य को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए पैदल नहीं चलना पड़ता, विकसित यातायात व्यवस्था और वाहनों की उपलब्धता ने मानव जीवन में समय की बचत और यात्रा को सुगम बना दिया है। जिसके कारण मनुष्य के जीवन में समय की कोई कमी नहीं है। अगर कमी है तो समय के कुप्रबंधन और सामंजस्य की। मानव ने आधुनिक काल में अपने लिए अनेक प्रकार की सुख सुविधाओं का सृजन तो कर लिया है, परंतु इनका विवेकपूर्ण उपयोग कैसे करना है, इस बात से अनभिज्ञ है।

भौतिक संसाधनों और सुविधाएं मानवता के लिए तभी उपयोगी और कारगर साबित हो सकती है। यदि मनुष्य अपने कर्तव्य बोध के प्रति सजग हो और उनके ऊपर पूरी तरह से निर्भर न होकर अपने विवेक से निर्णय लेकर



आवश्यकतानुसार ही इनका उपयोग करें, अन्यथा इसके नकारात्मक और भयंकर परिणाम परिलक्षित हो रहें हैं, जिनके कारण आए दिन सैकड़ों जिंदगियां काल का ग्रास बन रही हैं। बात करें अगर सड़क दुघर्टनाओं की तो यह अहसास होता है कि सड़कों की खराब दशा के कारण और वाहनों में तकनीकी खराबी के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की तुलना में मनुष्य की लापरवाही और जागरूकता की कमी के कारण अधिक दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं।

परिणाम स्वरूप असमय मौत के मुंह में सैकड़ों जिंदगियां जा रही हैं। सड़क दुघर्टनाओं पर गंभीरता से मंथन करें तो यह अहसास होता है कि आवश्यकता से अधिक दिखावा करने के लिए धनाढ्य माता-पिता अपनी संतान को छोटी आयु में ही वाहन सौंप देना अपनी शान समझते हैं, किशोरावस्था में बच्चों में न तो सुरक्षा नियमों की जानकारी होती है और न ही आभास। वे तेजी से वाहन चलाना गौरव समझते हैं। आवश्यकता से अधिक तीव्र गति से वाहन चलाना और गति पर नियंत्रण न रख पाना अनेक बार दुर्घटना का कारण बन जाता है। वो इस बात से अनभिज्ञ होते हैं कि वाहनों में तकनीकी प्रणाली होती है, जिस पर नियंत्रण रखना वाहन चालक पर निर्भर करता है। बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चलाना अत्यंत खतरनाक साबित होता है, परंतु युवा पीढ़ी इसे अपनी शान के खिलाफ समझते हैं।

सड़क सुरक्षा नियमों से अनभिज्ञ लोग की बार दूसरों के लिए भी जानलेवा साबित होते हैं, कई बार ऐसे लोग राह चलते राहगीरों को कुचल डालते हैं। जहां तक सड़क सुरक्षा और परिवहन विभाग का दायित्व है, यह जागरूक करने से ज्यादा चालान करने और राजस्व एकत्रित करना ही अपने उत्तरदायित्व की इतिश्री समझ लेते हैं, जिसके कारण लोग पैसे देकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं, क्योंकि पैसा आधुनिक काल में कोई प्रश्न नहीं है, प्रश्न है समझ का, दायित्व निभाने का और जागरूकता का। दूसरे पहलू पर अगर विचार किया जाए तो वाहनों की तकनीक भी प्रश्न पैदा करती है।

परिवहन विभाग और पुलिस विभाग द्वारा दुर्घटनाओं के लिए चालान करने का काफी प्रचलन बढ़ रहा है, परंतु वर्तमान समय में चालान मात्र समाधान नहीं है, आवश्यकता है जागरूकता और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण ताकि वाहन चालक स्वयं यह महसूस कर सकें और अभिभावक भी अपने बच्चों के प्रति अनुशासनात्मक रवैया अपना सकें जिससे समाज का भला हो सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**शिक्षा** और परीक्षा दोनों शब्दों का आपस में गहरा संबंध है। शिक्षा शब्द स्त्रीलिंग शब्द है जिसका अर्थ है विद्या, ज्ञान, पाठ, उपदेश आदि है। इसी प्रकार से परीक्षा शब्द भी स्त्रीलिंग शब्द है जिसका अर्थ इम्तिहान, योग्यता को जांचना है। शिक्षा का अर्थ बालक का सर्वांगीण विकास करना है। परीक्षा का अर्थ एक निश्चित अवधि में दी गई शिक्षा को एक निश्चित अवधि में जांचना व परखना है कि क्या विद्यार्थी को जो शिक्षा दी गई, वह उसको सीख पाया है या नहीं कर पाया? यदि कर पाया है तो कितनी सीख पाया है? अभी उसको खरा उतरने के लिए कितनी और मेहनत की जरूरत है। यही परीक्षा है। शिक्षा शब्द देखने में तो बहुत ही छोटा शब्द लगता है, वास्तव में यह बहुत व्यापकता अपने में समेटे हुए है। शिक्षा केवल स्कूलों, कॉलेजों तक ही सीमित नहीं है। इससे परे भी शिक्षा का क्षेत्र है।

**प्रमोध सिंह, धर्मशाला**

# प्रयागराज को ही करें लक्षित, दूसरे स्थानों को साथ जोड़ने से परहेज करने की जरूरत

प्रयागराज में महाकुंभ का यह संयोग 144 साल बाद आया हो या फिर 12 साल बाद, इसे लेकर पहले ही बहुत कुछ कहा जा चुका है।

किसी बहस की जरूरत नहीं है। अब इस महाकुंभ के महज 7 दिन ही शेष बचे हैं। यूं तो इसे कुछ दिन और चलाए रखने की भी बातें हो रही हैं, मगर यह शायद संभव नहीं होगा। देश व दुनिया से लोग महाकुंभ में पहुंच रहे हैं और गंगा जमुना व सरस्वति के अद्भुत संगम पर डुबकी लगा कर अपने का धन्य मान रहे हैं। अभी करोड़ों लोगों के मन में सवाल है कि महाकुंभ जाएं कि नहीं। जो जा चुके हैं उनसे उनके अनुभव पूछे जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोग ज्यादा निर्भर हो रहे हैं। जाम की स्थिति हो या फिर पैदल चलने की, हर बात सोशल मीडिया पर रोजाना आ रही है। हिमाचल प्रदेश की बात करें, तो एक अनुमान के अनुसार हर गांव कस्बे व शहर से दस लाख से अधिक लोग महाकुंभ जा चुके हैं और यह क्रम लगातार जारी है। इस संवाददाता ने भी 10 फरवरी से लेकर 16 फरवरी तक महाकुंभ की यात्रा की, मंडी से गए लगभग 100 लोगों के दल के साथ माघी पूर्णिमा के दिन यानी 12 फरवरी की सुबह चार बजे उस वक्त त्रिवेणी में डुबकी लगाई, जब आसमान पर चांद भी पूरा आकार लेकर अपनी रोशनी बिखेर रहा था।



लेखक : बीरबल शर्मा
स्वतंत्र लेखक

अब यह ब्रहम मुहूर्त था या फिर शुभ और अमृत, मगर स्नान सुबह चंद्रमा की रोशनी में हो गया। सवाल पूछे जा रहे हैं कि कैसी रही यात्रा और करनी चाहिए कि नहीं, करें तो कैसे करें। सीधा जवाब है कि चाहे आपकी दृष्टि पाप धोने की हो या फिर धार्मिक भावना हो या फिर कुछ और मगर यह यात्रा करनी जरूरी चाहिए। यात्रा में पल पल चुनौती रहेगी और यात्रा का पहला ही कदम चुनौती से शुरू होगा, ऐसा मान कर चलना होगा। हिमाचल प्रदेश के मध्य भाग मंडी की बात करें, तो यहां से सीधे प्रयागराज ही जाएं, तो आना जाना लगभग 2400 किलोमीटर है। हवाई यात्रा महंगी भी है, मगर महाकुंभ जाने के लिए ज्यादा उपयुक्त



नहीं दिखती, क्योंकि इससे आप भारतीय संस्कृति के अभूतपूर्व दर्शन जो मंडी से चलते हुए प्रयागराज तक देखेंगे वह देखने को नहीं मिलेंगे। प्रयागराज में महज एक ही रेलवे स्टेशन को खुला रखा गया है, बाकी सब दूर हैं मगर फिर भी रेलवे से सबसे ज्यादा लोग जा रहे हैं। रेलवे के बाद सबसे अधिक यदि यात्रा का माध्यम है तो वह सड़क मार्ग है।

मंडी से चंडीगढ़, आगरा, मैनपुरी, इटावा, कानपुर और फिर प्रयागराज, यह सीधा रास्ता है। अपने वाहन से जाएं या फिर दल के साथ बस में यात्रा करें, पहले ही मन में ठान लें कि आपको लंबी यात्रा करनी है, वाहन में ही सोना पड़ सकता है, जो भी मौके पर मिला वह खाना पड़ सकता है। जेब भले ही भारी भी क्यों न हो तब भी किसी पर्यटन स्थल की यात्रा की तरह सुविधाओं की जरा भी उम्मीद न रखें।

प्रयागराज शहर के चारों ओर 30 पार्किंग हैं जो संगम स्थल से 12 से 15 किलोमीटर दूरी पर है। यहां से कुछ दूरी तक आपको टैंपो या बाइक पर बैठकर कुछ दूरी पर जाने की सुविधा मिल सकती है। उसके बाद महाकुंभ का मीलों क्षेत्र में फैला परिसर शुरू हो जाता है। महात्माओं, बाबाओं समेत दुनिया भर से आए साधु संतों के अखाड़ों के अलावा राजनीतिक दलों के परिसर भी अस्थायी तौर पर बनाई गई आकर्षक शैली की भव्य इमारतों की तरह दिखते हैं जिनके बीच से बनी चौड़ी सड़कों के माध्यम से मंद मंद गति से चलते हुए आप संगम स्थल तक पहुंच सकते हैं। आपका हौंसला बढ़ाने के लिए कदम कदम पर फोर्स तैनात मिलेगी, बूढ़े बच्चे और महिलाएं जब एक दूसरे हाथ, पल्लू या फिर रस्सी के साथ अपने को जोड़ कर आगे बढ़ते दिखेंगे तो आपको भी थकान नहीं होगी और जो पैदल न चल सकने का डर मन में बना हुआ है वह प्रयागराज पहुंचने पर कहीं नहीं दिखेगा। यात्रा अनुशासन बनाए रखना एक जरूरी दिशा-निर्देश रहना चाहिए।

महाकुंभ है और संगम में डुबकी लगाने की आपकी मंशा भी पूरी हो गई है तो फिर इस यात्रा के साथ वापसी पर अयोध्या, वाराणसी या फिर अन्य तीर्थों में जाने की जिद्द न करें। यहीं सबसे अधिक परेशानी हैं, क्योंकि ज्यादातर लोग लगे हाथ इन स्थानों पर भी जाने का लालच करते हुए दो-दो दिन तक जाम में फंस कर वाहनों में ही सोने को मजबूर हो रहे हैं। महाशिवरात्रि के पर्व तक चलने वाले महाकुंभ में जो भी समय अब बचा है उसमें आप जाना चाहते हैं तो सोशल मीडिया की खबरों पर ज्यादा ध्यान न दें, केवल सूचनाएं लेते रहें और सतर्क रहें, आपकी यात्रा शत प्रतिशत पूरी होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# हरियाणा के दूसरे मुख्यमंत्री

**राव** वीरेंद्र सिंह भारतीय राजनेता थे। 24 मार्च, 1967 को वह संयुक्त विधायक दल के बल पर हरियाणा के दूसरे मुख्यमंत्री बने। वह 24 मार्च, 1967 से 2 नवंबर, 1967 कुछ महीनों तक हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे। राव वीरेंद्र सिंह का जन्म रेवाड़ी, पंजाब प्रांत में हुआ था। उनकी पत्नी का नाम रानी चंद्र प्रभा था। राव इंद्रजीत सिंह, राव यादवेंद्र सिंह, राव अजीत सिंह उनके पुत्र हैं। 1954 में वह अंबाला मंडल से पंजाब विधान परिषद में निर्दलीय सदस्य चुने गए। सरदार प्रताप सिंह कैरों मंत्रिमंडल में उन्हें परिवहन व राजस्व मंत्री का जिम्मा दिया गया। हरियाणा के गठन के बाद 1967 में हुए पहले आम चुनावों में राव वीरेंद्र सिंह अपनी 'विशाल हरियाणा पार्टी' से पटौदी से चुनाव जीतकर विधायक बने। उन्हें प्रदेश का प्रथम निर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष बनने का गौरव मिला। 24 मार्च, 1967 को राव वीरेंद्र सिंह संयुक्त विधायक दल के बल पर प्रदेश के दूसरे मुख्यमंत्री बने। 1971 में विशाल हरियाणा पार्टी से महेंद्रगढ़ लोकसभा का चुनाव जीता। 1977 में अटेली से विधायक बने। आपात काल के बाद इंदिरा गांधी के आग्रह पर राव वीरेंद्र सिंह ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय किया। 30 सितंबर, 2009 को गुड़गांव में हृदय गति रुक जाने के कारण राव वीरेंद्र सिंह की मृत्यु हो गई। ■



राव वीरेंद्र सिंह
जन्म : 20 फरवरी, 1921
मृत्यु : 30 सितंबर, 2009



कविता

## दूषित हवा का दुर्व्यवहार

सुभाष चंद कासव राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

*दूषित हवा का दुर्व्यवहार, जीवन मेला है दिन चार*
*भ्रष्ट आदमी, कपटी मित्र, कुटिल पड़ोसी ठीक न होते,*
*जनूनी है वो इनसे निपटे लगते यहां हिम्मत के तोहफे।*
*चोर उचक्के चहूं दिशा में, धूर्त पापी रहे फिजा में,*
*जुल्म, बहम की हाहाकार, झूठ मचाए शोर अपार।*
*ठग्गी का लग गया है मेला, सत्य बिलखा रहा अकेला,*
*धोखेबाज की जय जयकार, नकली जौहरी करे व्यापार।*
*कलयुग बैठा मार चौकड़ी, सत्यवादी सोया झोपड़ी,*
*षड्यंत्र महल में राज्य मापे, हुनर सड़क की खाख को भांपे।*
*पहुंच से बने आज सब काम, जलसाज बन रहे महान,*
*पैसे तोले सब दीन इनाम, बन बैठे पौड्रक भगवान।*
*लूट खसूट का चला रिवाज, सब मुफ्त के चाहवान है आज,*
*चाहिए सबको सिंहासन है, हर चौराहे पे अब दुशासन है।*
*इज्जत वहीं हो रही नीलाम, जहां धन को मान रहे भगवान,*
*नशा नाश का करता काम, इंसान तभी बन जाए हैवान।*
*कुटिल आदमी एक पनौती, है जीवन जीना एक चुनौती,*
*बैर कपट सब छोड़ो यार, यह जीवन मेला है दिन चार।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# तरल सुपरकंडक्टर की संयुक्त खोज के नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक डेविड ली

डेविड ली का जन्म 20 जनवरी 1931, राई, न्यूयॉर्क, यूएस अमेरिकी में हुआ था। डेविड ली एक विज्ञानी हैं, जिन्हें रॉबर्ट सी रिचर्डसन और डगलस डी ओशेरॉफ के साथ आइसोटोप हीलियम-3 में एक तरल सुपरकंडक्टर की संयुक्त खोज के लिए 1996 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार दिया गया था। ली ने 1952 में हार्वर्ड विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री और 1960 में हार्वर्ड विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

1959 में येल विश्वविद्यालय से भौतिकी में एमडी वह 1959 में कॉर्नेल विश्वविद्यालय (इथाका, न्यूयॉर्क) के संकाय में शामिल हुए, 1968 में पूर्ण प्रोफेसर बने और 2007 में प्रोफेसर एमेरिटस बने।

दो साल बाद उन्होंने टेक्सास ए एंड एम विश्वविद्यालय में पढ़ाना शुरू किया। ली और रिचर्डसन ने कॉर्नेल स्थित निम्न-तापमान प्रयोगशाला में अपने अनुसंधान के लिए एक विशेष शीतलन उपकरण बनाया। उन्होंने 1972 में दुर्घटनावश बड़ी मात्रा में तरल हीलियम-3 की खोज की। उन्होंने मिश्रण को शून्य से कुछ हजार डिग्री ऊपर (-273 एष्ट) तक ठंडा कर दिया था, जब उनके साथ काम कर



रहे स्नातक छात्र ओशेरॉफ ने नमूने के आंतरिक दबाव में अजीब परिवर्तन देखा। टीम ने अंततः यह निर्धारित किया कि यह विचलन हीलियम-3 चरण के अति-अवक्षयण की ओर संक्रमण को दर्शाता है, क्योंकि सुपरफ्लुइड हीलियम-3 में परमाणु व्यवस्थित तरीके से चलते हैं, इसलिए यह पदार्थ सभी आंतरिक घर्षण से मुक्त होता है और बिना किसी प्रतिरोध के प्रवाहित होता है। इस अवस्था में हीलियम-3 क्वांटम यांत्रिकी के नियमों के अनुसार व्यवहार करता है। तरल हीलियम-3 की बहुत बड़ी मात्रा की खोज ने वैज्ञानिकों को बड़े (प्रेक्षणीय) प्रणालियों में क्वांटम यांत्रिकी के उन विचित्र प्रभावों का प्रत्यक्ष अध्ययन करने में सक्षम बनाया है, जिनका अध्ययन केवल अणुओं, परमाणुओं और उपपरमाण्विक कणों में ही अप्रत्यक्ष रूप से किया जा सकता था। परम शून्य के निकट तापमान पर तरल हीलियम में देखी गई अति तरलता, घर्षण रहित प्रवाह और अन्य असामान्य व्यवहार, और अतिचालक ठोस में इलेक्ट्रॉनों का समान घर्षण रहित व्यवहार।

प्रत्येक मामले में विचित्र व्यवहार क्वांटम यांत्रिक प्रभावों से उत्पन्न होता है। हीलियम के स्थिर समस्थानिक हैं हीलियम-3, जिसमें दो प्रोटॉन और एक न्यूट्रॉन होते हैं, और हीलियम-4, जिसमें दो प्रोटॉन और दो न्यूट्रॉन होते हैं। 4He ने प्राकृतिक रूप से बड़ी मात्रा में हीलियम का निर्माण किया, लेकिन हल्का समस्थानिक 3He, लगभग 1950 से, नाभिकीय रिएक्टरों में उत्पादित ट्रिटियम के क्षय द्वारा उपयोगी प्रयोगात्मक मात्रा में उत्पादित किया गया।

हीलियम के दोनों समस्थानिक परम शून्य तक निम्न दाब पर तरल अवस्था में रहते हैं, तथा दोनों ही अतिसंतृप्ति बिंदु प्रदर्शित करते हैं, यद्यपि दोनों मामलों में इसकी शुरुआत बहुत भिन्न तापमानों पर होती है। ली वर्तमान में टेक्सास ए एंड एम विश्वविद्यालय में भौतिकी पढ़ाते हैं ली उन 20 अमेरिकी नोबेल पुरस्कार विजेताओं में से एक हैं, जिन्होंने मई 2008 में राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश को लिखे एक पत्र पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें उनसे आग्रह किया गया था कि वे 'वित्त वर्ष 2008 के सर्वव्यापी विनियोग विधेयक में बुनियादी वैज्ञानिक अनुसंधान को हुए नुकसान की भरपाई करें' तथा विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय विज्ञान फाउंडेशन और राष्ट्रीय विज्ञान फाउंडेशन के लिए अतिरिक्त निधि की मांग की।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** मां दुर्गा नर्सिंग कॉलेज जोगिंद्रनगर में प्रदेश सरकार की विभिन्न विकासात्मक एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जहां विद्यार्थियों से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने तो वहीं इस बारे व्यापक जन जागरूकता लाने का भी आह्वान किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य प्रो. सविता ने की। एपीआरओ जोगिंद्रनगर राजेश ने बताया कि मां दुर्गा नर्सिंग कॉलेज जोगिंद्रनगर स्थित अपरोच रोड (शानन) में बुधवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के माध्यम से कॉलेज विद्यार्थियों को प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न विकासात्मक एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### मिनिस्ट्रियल स्टाफ का कोटा समाप्त करने की मांग

**कविता, पधर।** मिनिस्ट्रियल स्टाफ द्वारा नायब तहसीलदार पदोन्नति के लिए लिया जा रहा कानूनगो का 20 प्रतिशत प्रमोशन कोटा बिलकुल असंवैधानिक है। जानकारी देते हुए प्रांतीय प्रतिनिधि सतीश भाटिया ने कहा कि कैडर स्ट्रैंथ के हिसाब से यदि देखा जाए तो पटवारी कानूनगो को लिपिक वर्ग के अनुपात में बहुत कम पदोन्नति मिल रही है। एक निश्चित तिथि पर लगा हुआ पटवारी केवल कानूनगो तक पदोन्नत होता है, जबकि एक लिपिक सुपरहिट ग्रेड -1 या तहसीलदार पद से सेवानिवृत्ति होता है। सतीश भाटिया ने कहा कि पहले मिनिस्ट्रियल स्टाफ कानूनगो का 20 प्रतिशत प्रमोशन कोटा लेना चाहता है तो अपने प्रमोशन कोटा में से सुपरिंटेंडेंट के लिए 20 प्रतिशत प्रमोशन कोटा कानूनगो के लिए भी देना होगा। महासंघ ने सरकार से मांग की है कि जल्दी से मिनिस्ट्रियल स्टाफ का 20 प्रतिशत कोटा समाप्त करने या 20 प्रतिशत पदोन्नति सुपरिंटेंडेंट के लिए कानूनगो को देने बारे शीघ्र विचार करें। अन्यथा महासंघ यह अन्याय सहन नहीं करेगा। (अनंत ज्ञान)

### विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति किया प्रेरित



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर द्वारा अंगीकृत किए हुए आसपास के 12 स्कूलों का दौरा लगातार किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और महाविद्यालय में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित करना है। इसी क्रम में 18 व 19 फरवरी को महाविद्यालय की चार टीमों ने विभिन्न विद्यालयों का दौरा किया। प्रो. मोहिंदर सिंह और प्रो. पूजा भारद्वाज ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोटी और मंडप, प्रो. जोगिंद्र सिंह व प्रोफेसर ओम प्रकाश ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिद्धपुर और स्योह, प्रो. सुमन कुमार व प्रो. शीतल भोपाल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरी व भराड़ी, प्रो. विजय व प्रो. मनोज ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हियुंन-पेहड़ का दौरा किया।

### पैसे मांगने पर मालिक ने की मारपीट, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह थाना में मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार हरीश कुमार पुत्र बालक राम निवासी गांव चतरौर डा. सकरोहा तहसील बल्ह ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह बीरबल के पास उसके पोल्ट्री फार्म की पिकअप जीप पर ड्राइवर है। मैंने बीरबल से अपने पैसे मांगे तो बीरबल ने कमरे में बंद करके अन्य लोगों के साथ मिलकर मारपीट की जिससे पूरे शरीर में चोटें आई हैं।

### एनसीसी कैडेटों को राज्यपाल ने किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, मंडी।** राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस शिविर दिल्ली में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के एनसीसी एयर विंग व आर्मी विंग कैडेटों को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल ने 'एट होम फंक्शन एट राज भवन' शिमला में सम्मानित किया। इस अवसर पर कैडेटों ने हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल के साथ राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस शिविर के अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कल्लू के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन के नेतृत्व में एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कुल्लू के 5 कैडेटों व वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी की आर्मी विंग के 2 कैडेटों ने गरिमापूर्ण कार्यक्रम में भाग लिया। कैडेट कोरपोरल दीक्षा कुमारी, कैडेट कॉर्पोरल विजयलक्ष्मी डुग्गल, कैडेट सार्जेंट हिमांशु, कैडेट अंकुल व कैडेट सार्जेंट तेजस्विनी सिंह ने भाग लिया। इस अवसर पर शिमला ग्रुप हैडक्वाटर के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर रोबिन ने हिमाचल राजभवन में राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेटों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### कृषि अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में 'सब्जी और अनाज फसलों में एकीकृत कीट प्रबंधन, जैव नियंत्रण और कृषि पारिस्थितिकी तंत्र विश्लेषण आधारित कीट प्रबंधन' पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग के जिला मंडी, कांगड़ा हमीरपुर, बिलासपुर, सिरमौर, कुल्लू तथा सोलन से आए हुए कृषि विकास अधिकारियों व कृषि प्रसार अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रधानाचार्य, कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर डॉ. प्राची ने सब्जी और अनाज फसलों में एकीकृत कीट प्रबंधन, जैव नियंत्रण और कृषि पारिस्थितिकी तंत्र विश्लेषण आधारित कीट प्रबंधन समूह दृष्टिकोण के माध्यम से अग्रिम खरपतवार प्रबंधन, दालें, सब्जी और एकीकृत कीट प्रबंधन के माध्यम से उनका प्रबंधन, एकीकृत कीट प्रबंधन की मूल अवधारणा और सिद्धांत, एकीकृत कीट प्रबंधन और कृंतक नियंत्रण में मृदा स्वास्थ्य और मृदा प्रबंधन अभ्यास तथा डॉ. हितेंद्र ने प्राकृतिक खेती में कीट प्रबंधन के लिए सूत्रीकरण पर विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दूसरे दिन डॉ. राजीव और डॉ. भूषण ने अधिकारियों को कृषि विज्ञान केंद्र बजौरा ले जाकर अनाज, दालों, सब्जियों में महत्त्वपूर्ण खरपतवार और एकीकृत कीट प्रबंधन के माध्यम से उनका प्रबंधन, कीटनाशक निर्माण, गुण, विषाक्तता, अवशेष और कीटनाशकों की सुरक्षित हैंडलिंग की जानकारी दी गई और व्यावहारिक रूप से फील्ड में ले जाकर अधिकारियों को खेत की सब्जी फसलों में एकीकृत कीट प्रबंधन के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए क्षेत्र का दौरा करवाया गया। प्रशिक्षण के तीसरे दिन कृषि-इको प्रणाली विश्लेषण पर आधारित कृषि में एकीकृत कीट प्रबंधन की भूमिका, जैविक नियंत्रण, जैव-कीटनाशक और एकीकृत कीट प्रबंधन में जैव-एजेंटों की भूमिका पर तथा डॉ. सुधीर द्वारा जैविक खेती में तकनीक के बारे विस्तृत जानकारी दी गई।

### पैसे मांगने पर डंडे, बेल्ट से कर डाली पिटाई

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** थाना बल्ह में निवासी चतरौर- सकरोहा हरीश कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई है कि वह बीरबल के पास इसके पोल्ट्री फार्म की पिकअप जीप पर ड्राइवर है जब उसने बीरबल से अपने पैसे मांगे तो बीरबल उसे एक कमरा में ले गया और अन्य लोगों के साथ मिलकर डंडे, बेल्ट से पिटाई कर डाली। जिससे उसके पूरे शरीर पर चोटे आई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है मामले की पुष्टि डीएसपी हेड क्वार्टर दिनेश कुमार ने की है।

---

'मैं न मानूं' की तर्ज पर काम कर रही एनएच के निर्माण में लगी कंपनी

# शिवद्वाला में तोड़ी पानी की पाइपें

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

पाडच्छू से लेकर कोटली पार्ट 2 तक अटारी से लेह निर्माणाधीन नेशनल हाईवे निर्माण में लगी कंपनी सत्तापक्ष और प्रशासन की शह के चलते न सिर्फ मनमानी से काम कर रही है, बल्कि हजारों लोगों का जीना भी दुश्वार कर रखा है। पहले सोन खड्ड और चूहड़ू रा वल्ह में सरेआम अवैध खनन को लेकर चर्चा में आई कंपनी ने दस दिन पहले शिवद्वाला के पास सड़क उखाड़ते समय पानी की पाइप लाइने उखाड़ कर तहस-नहस कर दी। वहीं शिकायतें देने के बाद भी न तो प्रशासन और न ही अधिकारी सुनवाई कर रहे हैं।

शिवद्वाला निवासी अमरचंद, ज्योति प्रकाश, कश्मीर सिंह, रेखा देवी, मोनिका देवी, कालिदास, रामचंद्र, गीता देवी, मुकेश कुमार, सोहनलाल आदि ग्रामीणों ने कहा कि पिछले 10 दिनों से हाईवे निर्माण में लगी कंपनी की जेसीबी मशीनों द्वारा पानी की मेन और डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइनों को तहस-नहस कर डाला है। यहां तक कि पिछले 10 दिनों से प्राइमरी स्कूल के बच्चों सहित पहाड़ी के ऊपर बसे शिवद्वाला गांव और मेन बाजार के 400 लोगों को पानी की बूंद-बूंद के लिए मोहताज होना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि वह लगातार प्रशासन जल शक्ति विभाग से लेकर और हाईवे निर्माण में लगे ठेकेदारों से गुहार लगा रहे हैं, परंतु कोई भी उनकी मदद नहीं कर रहा है। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर से लेकर काम कर रहे ठेकेदार लोगों की कोई भी बात सुनने को तैयार नहीं ग्रामीणों ने जल शक्ति मंत्री और सरकार से कंपनी पर लगाम लगाने और उन्हें पानी मुहैया करवाने की मांग की है। लोगों ने धमकी दी कि अगर दो दिनों के भीतर समाधान न हुआ तो धरना प्रदर्शन करेंगे, बल्कि हाईवे पर चक्का जाम करने को भी मजबूर हो जाएंगे।(अनंत ज्ञान)




### प्रोजेक्ट मैनेजर को आदेश

धर्मपुर के उपमंडल अधिकारी जोगिंदर पटियाल ने कहा कि शिवद्वाला में पेयजल संकट को लेकर उन्होंने कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर को 24 घंटे के भीतर पाइपलाइन जोड़ने के आदेश दिए हैं। अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।

### कंपनी की कठपुतली बने विधायक और प्रशासन : माकपा

पूर्व जिला परिषद और माकपा नेता भूपेंद्र सिंह ने कहा कि हाईवे निर्माण में लगी कंपनी के आगे धर्मपुर के विधायक और तमाम प्रशासन महज कठपुतली बने हुए हैं। इन्हें खनन से लेकर जनता को असुविधाएं देने के लिए हरी झंडी प्रदान की गई है। चंद पैसों की खनक के आगे सभी लाचार हो चुके हैं। उन्होंने धमकी दी कि अगर कंपनी पर लगाम नहीं लगाया गया और पेयजल सप्लाई नहीं की गई, तो माकपा धरना-प्रदर्शन करेगी।

### कंपनी की है जिम्मेदारी

**जल** शक्ति विभाग धर्मपुर के अधिशाषी अभियंता इंजीनियर योगेश कपूर ने कहा कि हाईवे निर्माण के चलते तमाम पाइपलाइन कंपनी के हवाले हैं जो भी पाइपलाइन टूटेगी, उसे जोड़ना और सप्लाई बहाल करवाना उन्हीं का काम है। इसमें जल शक्ति विभाग का कोई भी रोल नहीं है।

### जल्द जोड़ दी जाएगी पाइपलाइन : जितेंद्र पांडे

**कंपनी** के प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र पांडे ने कहा कि पाइपलाइन जोड़ने को लेकर कर्मचारी लगा दिए गए हैं जल्द पाइपलाइन जोड़ दी जाएगी समस्या के लिए उन्हें दुख है।

---

## बजट के विरोध में सेरी मंच पर माकपा ने किया प्रदर्शन




विरोध प्रदर्शन करते हुए माकपा नेता व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

केंद्र सरकार के अमीर परस्त बजट के विरोध में बुधवार को सेरी मंच मंडी में वामपंथी पार्टियों माकपा व भाकपा द्वारा प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में भाकपा नेता देस राज शर्मा, ललित ठाकुर, मेघ राज पालसरा, माकपा नेता कुशाल भारद्वाज, महेंद्र राणा, वीना वैद्य, सुरेश सरवाल, जोगिंद्र वालिया, राजेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं व आम लोगों ने भी हिस्सा लिया।

इस अवसर पर कुशाल भारद्वाज, एडवोकेट देस राज शर्मा व सुरेश सरवाल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। वामपंथी पार्टियों के नेताओं ने ने बजट का विरोध करते हुए इसे कॉरपोरेट परस्त व जनविरोधी बजट करार दिया। बजट में शिक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण व शिक्षा के बजट में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। राज्यों के वित्तीय अधिकारों पर हमला तेज किया गया है। केंद्रीय बजट किसानों और मेहनतकश वर्ग पर बड़ा हमला है। किसानों के लिए न कोई एमएसपी है, न कोई ऋण माफी है।

### अरबपतियों पर लगे टैक्स

**वामपंथी** पार्टियों की मांग है कि 200 बड़े अरबपतियों पर 4 प्रतिशत वेल्थ टैक्स लगाया जाए तथा कॉरपोरेट टैक्स भी बढ़ाया जाए। कृषि उपज के लिए एमएसपी का प्रावधान तथा ऋण माफी का प्रावधान किया जाए। मनरेगा आबंटन 50 प्रतिशत बढ़ाया जाए, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए फंड आबंटन बढ़ाया जाए।

---

## ग्वालपुर पंचायत में आगजनी की घटना से लाखों का नुकसान

**लक्की, करसोग**

मंडी जिला के उपमंडल करसोग की दूरदराज की ग्राम पंचायत ग्वालपुर में आगजनी की घटना घटित होने से लगभग 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग की इस घटना से पंचायत के 5 परिवार प्रभावित हुए है। पांचों परिवार के कच्चे स्लेटपोश मकान पूरी तरह जलकर राख हो गए है। आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने बताया कि आगजनी की इस घटना में पांच परिवार जिनमें रमेश कुमार, किमत राम, शेर सिंह, भगत राम और ओम कृष्ण निवासी ग्वालपुर शामिल है। उन्होंने बताया कि आग की इस घटना में सभी प्रभावित परिवारों का प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार लगभग 20 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रभावित परिवारों को प्रति परिवार पांच-पांच हजार रुपए जबकि कुल 25 हजार रुपए की फौरी राहत प्रदान की गई है।

एसडीएम ने बताया कि आग की सूचना मिलने पर प्रशासन की ओर से तहसीलदार डॉ. वरुण गुलाटी ने घटना स्थल का दौरा कर प्रभावितों को फौरी राहत प्रदान की है। उन्होंने बताया कि सभी प्रभावितों को मौके पर ही प्रशासन की ओर से तिरपाल, कंबल और राशन किट भी प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि सभी प्रभावितों को राहत मैनुअल के अनुसार शीघ्र ही पूरी मुआवजा राशि प्रदान कर दी जाएगी।(अनंत ज्ञान)

### सामान्य वर्ग कल्याण समिति ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सामान्य वर्ग कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष शक्तिचंद चौहान की अध्यक्षता में अतिरिक्त उपायुक्त जिला मंडी रोहित राठौर से मिला।

इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष पदमा गुलेरिया, संगठन मंत्री श्याल लाल, उपाध्यक्ष दिनेश चौहान व उपाध्यक्ष सुनील थे। 20 जनवरी को निशा सेनी पुत्री हंस सोनी गांव झलवाण डा. जलपेहड़ तह. जोगिंद्रनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश की बेटी को पंजाब पुलिस कर्मचारी युवराज द्वारा निर्मम हत्या के संदर्भ में उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। समिति ने गौरव पुत्र सुरेंद्र कुमार गांव सैनीमोहरी डा. अलाथु तहसील सदर जिला मंडी के गुमशुदा की तलाश करने का ज्ञापन भी मुख्यमंत्री को भेजा।

## जब बाड़ ही खाने लगे खेत तो रखवाली करे कौन?

**अनिल शर्मा, मंडी**

बाड़ ही खेत खाने लगे, यह कहावत बहुत पुरानी है, लेकिन इन दिनों हर तीसरा वक्ता पुलिस की ओर इशारा कर बाड़ ही खेत खाने लगे की ओर इशारा कर रहा है। बात नशे के मामलों में हो रही बढ़ोतरी और दम तोड़ती नई जिंदगी की है। मंडी में हालात सामान्य नहीं हैं, 25 से अधिक कुछ ही दिनों में चिट्टे के सेवन से हमेशा के लिए गहरी नींद में सो चुके हैं।

बता दें कि दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र एवं वेब टीवी द्वारा छेड़े गए नशा विरोधी अभियान में हर वक्त पुलिस से सवाल कर रहा है कि यदि समय रहते नशा माफिया के अड्डों को ध्वस्त किया होता, तो आज ऐसे दिन न देखने पड़ते। पुलिस आज दिन तक छोटे मोटे नशा करने और बेचने वालों को ही पकड़ती रही, यदि पुलिस से पूछा जाए कि धारा 35 के तहत मेन सोर्स को पकड़ने के लिए कितने मामले दर्ज किए तो उतर छोटी सी संख्या का होगा। होना तो यह चाहिए था कि सभी दलों के नेता सड़कों पर उतर एकजुटता का संदेश देते हुए नशे के खिलाफ सार्वभौमिक लड़ाई का बिगुल बजा देते, लेकिन ऐसा होने से राजनीतिक रोटियां सेकने के लिए आग ही नहीं बचती। लोग कह रहे हैं कुछ लोगों के खातों की जांच प्रक्रिया शुरू की जाए, तो सच सामने आ जाएगा।(अनंत ज्ञान)

- लोगों की मांग, कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मियों का बने अलग विंग

नशे के खिलाफ अनंत ज्ञान का महाअभियान

### विद्यार्थियों द्वारा भेजे गए संदेश

- ऐसा व्यक्ति शांतिपूर्ण समाज के लिए अभिशाप बन जाता है।
  **लावन्य, कक्षा नौवीं, डीएवी सीपीएस खलियार मंडी।**
- नशे की आदत छेड़ो, अपना जीवन बचाओ।
  **जतिन, कक्षा नौवीं सी, डीएवी सीपीएस खलियार मंडी।**

### इस नंबर पर भेजें संदेश

प्रबुद्ध पाठक और आम जनमानस भी अनंत ज्ञान के इस अभियान में शामिल होकर 9418980288 व्हाट्सएप नंबर पर संदेश भेज कर विरोध जता कर नशे पर टंकार कर सकते हैं। ये संदेश प्रतिदिन समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाएंगे।

---

### सुंदरनगर में मारपीट का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना बीएसएल कालोनी में जमीनी विवाद को लेकर गाली गलौज व मारपीट करने पर एफआईआर दर्ज की गई है।

जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में तुलसी देवी पत्नी भगत राम निवासी गांव बगदौड़ा डाकघर जयदेवी तहसील सुंदरनगर ने कहा है कि पूजा देवी पत्नी बालक राम जमीनी विवाद को लेकर इससे गाली-गलौज, लड़ाई झगड़ा करती है और उनकी पुत्रवधू को जान से मारने की धमकी देती है। एसपी साक्षी वर्मा ने बताया थाना में एफआईआर दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

## छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से लें प्रेरणा : अवस्थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी इतिहास विभाग की इतिहास सोसायटी द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम के मुख्यातिथि विश्वविद्यालय कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज भारतीय इतिहास के सबसे प्रेरणादायक शासकों में से एक थे।

इतिहास विभाग के अध्यक्ष आचार्य अनुपमा सिंह ने शिवाजी महाराज के जीवन, उनकी युद्धनीति, प्रशासनिक दक्षता और स्वराज की अवधारणा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक शासक ही नहीं अपितु स्वराज्य की भावना के प्रतीक थे।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने शिवाजी महाराज के नेतृत्व कौशल और धर्मनिरपेक्ष शासन व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में सहायक आचार्य डॉ.रामपाल, विकेश कुमार,राजेश, कृष्ण,शोधार्थी राहुल, वेद प्रकाश, सुरेखा, इतिहास सोसायटी अध्यक्ष करीमा सहित आदि उपस्थित रहे।

## शिव पुराण कथा में कामदेव दहन और पार्वती की तपस्या का किया वर्णन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



जोगिंद्रनगर के प्रसिद्ध बाबा बालकरुपी मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में चल रही शिव पुराण कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा वाचक आचार्य चंद्रकांत महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की पृष्ठभूमि, कामदेव के दहन और पार्वतीजी की कठिन तपस्या का विस्तृत वर्णन सुनाया।

आचार्य चंद्रकांत महाराज ने बताया कि दक्ष प्रजापति के यज्ञ में आत्मबलिदान करने के बाद सती ने पार्वती के रूप में जन्म लिया और बचपन से ही भगवान शिव को अपने पति रूप में प्राप्त करने का संकल्प लिया। उन्होंने कठोर तपस्या आरंभ की, जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उनकी परीक्षा ली।

वहीं मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि वे कथा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और इस पुण्य अवसर का लाभ उठाएं।

---

## ब्यास आरती के आयोजन को लेकर महापौर ने किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

स्वच्छ शहर स्मृद्ध शहर के तहत व अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने ब्यास आरती के आयोजन को लेकर पंचवक्त्र मंदिर व आसपास का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर की सफाई स्ट्रीट लाइट और सीवरेज व्यवस्था का गहन निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। महापौर ने शहरवासियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से यह सुनिश्चित करने की बात कही कि आयोजन स्थल और आसपास के क्षेत्र में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चलती रहे।

वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने कहा कि महोत्सव के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस तरह के आयोजन न केवल धार्मिक महत्व के होते हैं बल्कि यह हमारे शहर की सामाजिक एकता को भी प्रगति की दिशा में प्रेरित करते हैं। नगर निगम द्वारा आवश्यक व्यवस्थाओं का समुचित प्रबंध किया जाएगा।

### बल्ह में मारपीट का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह थाना में कार में मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार संजीव कुमार पुत्र मंगत राम गांव रींज डॉ. लोहारा तह. बल्ह जिला मंडी ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपनी गाड़ी बोलेरो एचपी 1एम 2038 सोमेश के साथ लोहारा जा रहा था, तो टांवा में मेरे आगे एचपी 7सी 0907 नंबर की एक कार चली थी, उसके चालक ने मुझे गले से पकड़ कर मुक्कों से मारपीट कर दी, जिससे मेरे मुंह, सिर और आंख में चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## कब्जे वाली भूमि को नियमित करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी भूमि पर तथाकथित अवैध कब्जों को हटाने के लिए कार्रवाई कर रही है।

किसानों और अन्य नागरिकों द्वारा निर्मित मकानों पशुशालाओं को गिराने तथा इस भूमि पर उगे फलदार पौधों को काटने की कार्रवाई चल चल रही है और ये सब माननीय उच्चम न्यायालय द्वारा दिए फैसले के बाद कार्रवाई हो रही है। हिमाचल किसान सभा धर्मपुर क्षेत्र में पिछले दिनों जारी नोटिसों के मद्देनजर प्रभावितों की बैठक 25 फरवरी को धर्मपुर खेल मैदान में आयोजित करने जा रही है ताकि यहां की वास्तविक स्थिति के बारे एसडीएम के माध्यम से सरकार को अवगत करवाया जा सके।

किसान सभा के खंड अध्यक्ष रणताज राणा महासचिव बाला राम और पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने बताया कि धर्मपुर, संधोल, टिहरा और मंडल उपतहसीलों से संबंध रखने वाले लोगों को राजस्व और वन विभाग ने कब्जे हटाने के लिए कहा है, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जिनके मकान उस भूमि पर उनके बुजुर्गों ने कई साल पहले निर्मित किए थे और बहुत से ऐसे भी हैं जिनके पास भूमि कम है या है ही नहीं। हिमाचल किसान सभा राज्य सरकार से इसे रोकने की मांग कर रही है और 23 फरवरी को शिमला में बैठक आयोजित की जा रही है, जिसमें सरकार से इस बारे आगामी विधानसभा सत्र में विशेष रूप से अध्यादेश लाने की मांग की जाएगी।

---

**आस्था** सुकेत रियासत में बड़ा देव कमरुनाग और उनके पुत्र देव बाला कामेश्वर हलेल का होगा भव्य मिलन

# बड़ा देव कमरुनाग का सूरज पखवा पहली बार करेगा सुंदरनगर का दौरा



बाला कामेश्वर हलेल।

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

मंडी जनपद के आराध्य बड़ा देव कमरुनाग का अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव मंडी में शामिल होने वाला सूरज पखवा इतिहास में पहली बार सुंदरनगर यानी सुकेत रियासत का दौरा करने जा रहे हैं। इस दौरान देव कमरुनाग 21 से 22 फरवरी को सुकेत रियासत में मौजूद रहेंगे।

वहीं इस दौरे के दौरान देव कमरुनाग के पुत्र देव बाला कामेश्वर अपने देव रथ के माध्यम से उनके साथ मिलन भी करेंगे। सुकेत सर्व देवता कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सोनी ने बताया कि बड़ा देव कमरूनाग का मंडी शिवरात्रि मेले में शिरकत करने वाला सुरज पखवा इतिहास में पहली बार सुकेत रियासत में विराजमान होने जा रहा है। देव कमरुनाग गुरु जी निवास, 263-ए वार्ड नंबर-6 बाहौट तहसील सुंदरनगर जिला मंडी में 21 से 22 फरवरी का आतिथ्य स्वीकार करने जा रहे हैं।



देव कमरुनाग।

सुकेत रियासत में बड़ा देव कमरुनाग और उनके पुत्र देव बाला कामेश्वर हलेल का भव्य मिलन होगा। अभिषेक सोनी ने बताया कि बड़ा देव कमरुनाग शिवरात्रि मेला में शिरकत करने जा रहे हैं। इसी दौरान बड़ा देव कमरुनाग सुकेत रियासत पधार रहे हैं। देव कमरुनाग 21 फरवरी शाम को सुंदरनगर पहुंचेंगे और बड़ा देव कमरुनाग के पुत्र देव बाला कामेश्वर हलेल उनका स्वागत करने सुंदरनगर पहुंचेंगे। 22 फरवरी को देवताओं का भव्य मिलन होगा। इसके उपरांत भक्त के घर देउली यानी धाम में विराजमान होंगे।

### देव श्री कमरुनाग कमेटी सुकेत ने भी देव रथ का किया स्वागत

**देव** श्री कमरुनाग कमेटी सुकेत मझोठी रोहांडा के सचिव दुनी चंद ठाकुर ने कहा कि सुकेत रियासत में बड़ा देव कमरूनाग के सूरज पखड़े के आगमन का कमेटी स्वागत करती है। उन्होंने कहा कि देव बड़ा देव कमरूनाग संपूर्ण मंडी जिला के आराध्य है और देव आस्था को लेकर एक ऐतिहासिक दौरा है। दुनी चंद ठाकुर ने कहा कि बड़ा देव कमरूनाग पर मंडी और सुंदरनगर क्षेत्र के साथ-साथ अन्य जिलों और पूरे प्रदेश के श्रद्धालुओं में अगाध श्रद्धा है।

### एक फार्मासिस्ट के सहारे पशु चिकित्सालय धर्मपुर

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** उपमंडलीय पशु चिकित्सालय धर्मपुर में पिछले एक वर्ष से डॉक्टर का पद रिक्त होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उपमंडलीय पशु चिकित्सालय में डॉक्टर व फार्मासिस्ट के पद रिक्त होने के कारण लोगों को यहां पशु चिकित्सा के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। धर्मपुर पंचायत प्रधान ज्योति देवी, उपप्रधान राकेश, व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजकुमार आदि ने स्थानीय विधायक चंद्रशेखर व मुख्यमंत्री सुक्खू से आग्रह किया है कि इस उपमंडलीय पशु चिकित्सालय में डॉक्टर व फार्मासिस्ट के पदों को भरा जाए। पशुपालन विभाग मंडी के उपनिदेशक डॉ. मुकेश महाजन ने कहा कि रिक्त पदों बारे विभाग को अवगत करवा दिया है और डाक्टर व फार्मासिस्ट के पदों पर नियुक्ति कर दी जाएगी।

## बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए माताएं बनें सहयोगी

**सुनील शर्मा, गोहर**

गोहर में प्री प्राइमरी की माताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजन किए जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ उपमंडल अधिकारी (नागरिक) गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने शिक्षा खंड चच्योट प्रथम गोहर में किया। कार्यक्रम में खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी जगत राम शर्मा भी उपस्थित रहे। समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे पहली शिक्षक मां कार्यक्रम के अंतर्गत इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

एसडीएम ने माताओं को संबोधित करते हुए बच्चों के शारीरिक न मानसिक विकास और अनुशासन पर विशेष बल दिया। 2 बैच में करीब 150 माताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। ईसीसीई की राज्य स्त्रोत समन्वयक ऋचा और उनके सहयोगी नीरज इसमें माताओं को पंचकोष, पहली शिक्षक मां और माताओं की सहभागिता को लेकर प्रशिक्षित करेंगे।

पहली शिक्षक मां कार्यक्रम के तहत मासिक बैठक, सप्ताह में 2 व्हाट्सएप संदेश मंगलवार और शुक्रवार तथा त्रैमासिक वेबिनर पर माताओं को सशक्त किया जा रहा है। ताकि माताएं अपने बच्चों की हॉलिस्टिक विकास में पूर्ण सहयोगी बन सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### मध्य प्रदेश के युवा जानेंगे हिमाचल की संस्कृति

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नेहरू युवा केंद्र ऊना, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 20 फरवरी से 24 फरवरी तक पांच दिवसीय अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। नेहरू युवा केंद्र ऊना के जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत मध्य प्रदेश के ग्वालियर, मोरेना, विदिशा, रीवा एवम खरगोन जिलों से आए 25 युवा प्रतिभागी एवं 2 एस्कॉर्ट भाग लेंगे। इस दौरान प्रतिभागियों को हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को समीप से जानने का अवसर प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में युवाओं को व्यक्तित्व विकास सत्र, श्रमदान, स्वच्छता अभियान में प्रतिभागिता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, योग एवं स्वास्थ्य सत्रों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए जागरूक किया जाएगा, साथ ही उन्हें जिले के महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण एवं मां चिंतपूर्णी के दर्शन भी करवाए जाएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 20 फरवरी को ज़िलाधीश ऊना जतिन लाल द्वारा किया जाएगा। इसमें नेहरू युवा केन्द्र संगठन हिमाचल प्रदेश की राज्य निदेशक इरा प्रभात विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम के समापन समारोह में 24 फरवरी को ऊना सदर के विधायक सतपाल सिंह सत्ती युवाओं को संबोधित करेंगे।

### फ्रॉड कॉल पर करें बैंक को सूचित : रमन




**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़।** स्थानीय नगर के कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक समिति शाखा द्वारा द्वारा जागरूकता कैंप लगाया गया। कांगड़ा बैंक की मैनेजर रमन रानी ने जागरूक शिविर में लोगों को बैंक के योजनाओं व फ्रॉड फोन कॉल आने के जागरूक किया की बैंक संबंधी अगर कोई कॉल आती है, वह उसी समय बैंक में आकर संपर्क करें ताकि धोखाधड़ी व पैसों की लूट बचा जा सकता है। इस अवसर पर बैंक कर्मी अनूप सिंह अन्य गांववासी मौजूद रहे।

# महिला की पति ने की थी हत्या

## डीएसपी ने दी जानकारी-दिल्ली से किया गिरफ्तार, रस्सी से गला घोंट कर किया था मर्डर



बंगाणा के अंदरोली में हुई महिला की हत्या का आरोपी पति, पुलिस की टीम के साथ।

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के अंदरोली गांव में हुई महिला की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। महिला की हत्या कर फरार हुए आरोपी पति को पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। मामले को लेकर डीएसपी हेडक्वार्टर अजय ठाकुर ने बंगाणा थाना में प्रेस वार्ता कर जानकारी साझा की।

अजय ठाकुर ने बताया कि मृतका 35 वर्षीय दिनेश्वरी देवी जिसकी हत्या उसके पति दिनेश उर्फ काकू आयु 31 वर्ष ने ही की थी। ठाकुर ने कहा कि रविवार रात दिनेश चार वर्ष के बाद अपने घर अंदरोली में रात के समय लौटा और उसने अपनी पत्नी दिनेश्वरी देवी का गला रस्सी से घोंट दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी रात में ही फरार हो गया। अजय ठाकुर ने कहा कि दिनेश्वरी देवी के 5 वर्षीय बेटे ने जब मां को बेसुध पाया, तो साथ कमरे में सोई दादी के पास जाकर वृतांत सुनाया। जब आरोपी की मां बहू के कमरे में गई तो दिनेश्वरी देवी जमीन पर बेसुध पड़ी थी। गांववासियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी तथा जांच-पड़ताल हुई।

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

पोस्मार्टम रिपोर्ट में गला घोंटने से मौत की पुष्टि हुई, जिससे यह साफ हो गया कि यह हत्या का मामला है। अजय ठाकुर ने कहा कि हत्या के बाद आरोपी की लोकेशन ट्रैक करने के लिए पुलिस ने अलग-अलग टीमों का गठन किया। जांच में पता चला कि आरोपी ऊना से बस पकड़कर अंब पहुंचा, जहां से वह ट्रेन के जरिए दिल्ली रवाना हुआ।

पुलिस टीम ने आरोपी की धड़पकड़ शुरू कर दी और थाना प्रभारी रोहित चौधरी का विशेष दस्ते ने दिल्ली में उसकी तलाश शुरू कर दी। आखिरकार, दिल्ली में आरोपी दिनेश को गिरफ्तार कर लिया गया। डीएसपी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को ऊना लाकर कोर्ट में पेश करके आरोपी का रिमांड पर लेकर हत्या की पूरी साजिश और इसके पीछे के कारणों की गहराई से जांच करेगी।

इस मामले में बंगाणा पुलिस की तेज कार्रवाई काबिले तारीफ है। महज 48 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया, जिससे पुलिस की कार्यशैली पर लोगों का भरोसा और मजबूत हुआ है। (अनंत ज्ञान)

# बंगाणा क्षेत्र में संदिग्धों और चिट्टा माफिया पर रखें कड़ी नजर : अजय

- बोले-अगर कोई संदिग्ध मिले तो तुरंत पुलिस को करें सूचित, तभी समाज बनेगा नशा मुक्त

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

राज्य और क्षेत्र में बढ़ती अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए जनता से सतर्क रहने की अपील करते हुए डीएसपी अजय ठाकुर ने थाना बंगाणा में मीडिया से बात करते हुए कहा कि यदि किसी को भी क्षेत्र में कोई संदिग्ध व्यक्ति या चिट्टा माफिया से जुड़ी कोई जानकारी मिलती है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि समाज के सौंदर्य और सुरक्षा नशा मुक्त समाज के लिए सभी नागरिकों का सहयोग आवश्यक है।

डीएसपी अजय ठाकुर ने कहा कि हम जनता से अनुरोध करते हैं कि यदि वे किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को नोटिस करें, तो तुरंत पुलिस स्टेशन बंगाणा में जानकारी दें। अजय ठाकुर ने कहा कि पुलिस अकेले इस लड़ाई को नहीं जीत सकती। उन्होंने स्थानीय निवासियों से अपील की कि वे अपने आसपास के माहौल पर ध्यान दें और यदि कोई अनजान व्यक्ति संदिग्ध तरीके से घूमता दिखाई दे, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि समाज को नशे और अपराध से बचाने के लिए हमें एकजुट होकर काम करना होगा। बंगाणा क्षेत्र के लोग जागरूक रहें और अपने बच्चों को भी गलत संगति से बचाएं।

उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में विशेष पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी और ड्रग्स माफिया पर नकेल कसने के लिए गोपनीय सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी अजय ठाकुर ने इस बात पर भी जोर दिया कि नशा तस्कर मुख्य रूप से युवाओं को निशाना बना रहे हैं। स्कूलों और कॉलेजों के आसपास पुलिस की सतर्कता बढ़ाई गई है, ताकि छात्रों को इस जाल में फंसने से रोका जा सके। उन्होंने अभिभावकों से भी अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान दें और यदि उन्हें कोई असामान्य व्यवहार दिखे तो तुरंत पुलिस या संबंधित अधिकारियों से संपर्क करें। इस मौके पर थाना प्रभारी रोहित ठाकुर, एएसआई सतपाल मौजूद रहे।

# डीसी ने ईसपुर में प्रस्तावित नशा निवारण और पुनर्वास केंद्र का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



ईसपुर में प्रस्तावित नशा निवारण और पुनर्वास केंद्र का जायजा लेते जतिन लाल।

उपायुक्त जतिन लाल ने बुधवार को ईसपुर का दौरा कर वहां प्रस्तावित नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र के भवन का निरीक्षण किया। यह केंद्र 50 बिस्तरों की सुविधा के साथ स्थापित किया जाएगा और इसका संचालन गुजन संस्था द्वारा किया जाएगा। केंद्र को वहां उपलब्ध सरकारी भवन में खोला जाएगा, जो पूर्व में वन विभाग के उपयोग में था।

उपायुक्त ने एसडीएम को भवन में आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्यों के लिए प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस केंद्र में योग, बैडमिंटन, वॉलीबाल जैसे खेलों के साथ-साथ गार्डनिंग और खेती जैसी रचनात्मक गतिविधियों की सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया, ताकि यहां उपचाराधीन लोग सक्रिय और सकारात्मक वातावरण में रहें तथा उनकी पुनर्वास प्रक्रिया अधिक प्रभावी हो सके। उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि यह केंद्र नशे के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुनर्वास के साथ-साथ हमारा उद्देश्य प्रभावित लोगों को एक सकारात्मक वातावरण देना है, जिससे वे अपने जीवन को फिर से पटरी पर ला सकें।

इसके लिए केंद्र में योग, खेल और कौशल विकास से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके उपरांत, उपायुक्त ने ईसपुर में जनसमस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ सड़क पर पानी निकासी की समस्या और बिजली के खंभों से लटकते तारों का निरीक्षण किया तथा एसडीएम को शीघ्र सुधार कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रणजीत राणा, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, जिला कल्याण अधिकारी अनीता शर्मा, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव एवं सीपीओ संजय सांख्यान, गुंजन संस्था के प्रतिनिधि डॉ. बलदेव डोगरा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# गोवंश अभ्यारण्य के लिए चयनित भूमि का प्रशासन ने लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने बुधवार को नगनोली पंचायत का दौरा कर प्रस्तावित गोवंश अभ्यारण्य के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण किया। नगनोली के लबाना माजरा में 397 कनाल भूमि चिन्हित की गई है, जहां लगभग 4.50 करोड़ रुपए की लागत से गोवंश अभ्यारण्य का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के पहले चरण के लिए सरकार से 2.75 करोड़ रुपए की धनराशि की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

जतिन लाल ने बताया कि गोवंश अभ्यारण्य के पूर्ण निर्माण के बाद इसमें 500 गोवंश के रहने की व्यवस्था होगी, जहां 6 शेड बनाए जाएंगे, जिनमें से 5 शेड गोवंश के लिए तथा एक शेड चारे के लिए होगा। इसके अतिरिक्त, फार्मासिस्ट रेजिडेंस के निर्माण के साथ अन्य सुविधाओं का भी निर्माण किया जाएगा, जिससे अभ्यारण्य का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जा सके। उपायुक्त ने जानकारी दी कि गोवंश अभ्यारण्य के निर्माण के लिए भूमि को पशुपालन विभाग के नाम हस्तांतरित किया जा चुका है तथा वन विभाग से आवश्यक स्वीकृतियां भी प्राप्त की जा चुकी हैं।

वर्तमान में सीमांकन का कार्य प्रगति पर है। उपायुक्त ने अधिकारियों को इसे 20 मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीमांकन कार्य पूर्ण होते ही एचपीएसआईडीसी के माध्यम से तारबंदी का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणजीत राणा, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, ग्राम पंचायत नगनोली के प्रधान मेहताब ठाकुर, एचपीएसआईडीसी के अधिशाषी अभियंता सुरेंद्र कतना, पशुपालन विभाग की डॉ. स्मृति, वन विभाग से अशोक कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जनता की हर समस्या होगी हल : विवेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



बुजुर्ग का कुशलक्षेम पूछते विधायक।

कुटलैहड़ क्षेत्र में विकास को लेकर कोई भी बाधा नहीं आने दी जाएगी और जनता की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। यह बात कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम के दौरान झलेड़ा की जनता की समस्याएं सुनते हुए कही। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग अपनी शिकायतें और सुझाव लेकर पहुंचे। लोगों ने सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य सुविधाओं और शिक्षा से जुड़ी समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा।

विधायक विवेक शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्याओं का जल्द से जल्द निवारण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कुटलैहड़ के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी और हर पंचायत में विकास कार्यों को गति दी जाएगी। विवेक शर्मा ने कहा कि सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं को हर गांव तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से भी आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों की निगरानी करें और जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ दिलाने में सहयोग करें।

क्षेत्र में स्वास्थ्य और शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। नए स्कूल भवन, स्मार्ट क्लासरूम और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के लिए विशेष बजट का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही कई नई योजनाओं की शुरुआत की जाएगी, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत विधायक सीधे जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं।

विवेक शर्मा ने कहा कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, ताकि जनता को प्रशासनिक दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें और उनकी परेशानियों का समाधान उनके दरवाजे पर ही हो सके। तनोह पंचायत के लोगों ने विधायक के इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि उनके द्वारा किए गए वादे जल्द पूरे होंगे। लोगों ने कहा कि इस तरह के संवाद कार्यक्रमों से जनता और जनप्रतिनिधि के बीच की दूरी कम होती है और समस्याओं का शीघ्र समाधान संभव हो पाता है। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा के साथ बड़ी संख्या में गणमान्य मौजूद रहे।

## पंजावर-बाथड़ी रोड पर आवाजाही बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पंजावर-बाथड़ी सड़क 23/0 से 28/0 किलोमीटर रोड तक के भाग पर वाहनों की आवाजाही 20 फरवरी से 3 मार्च तक बंद रहेगी। इस अवधि के दौरान यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ा जाएगा। उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 और 116 के तहत इस संदर्भ में आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि यह आदेश सड़क मार्ग पर सीमेंट उपचारित परत बिछाने के अपग्रडेशन कार्य को त्वरित और सुचारु रूप से करने को लेकर जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वाहनों के आवागमन के लिए यातायात को संपर्क मार्ग सुबोवाना से लोअर हरोली और लिंक रोड से लोअर भदौड़ी रोड पर मोड़ा गया है।

उपायुक्त जतिन लाल ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

# गुरुद्वारा बल्ह खालसा के पास बनेगा टैंक

- कृष्ण पॉल शर्मा ने जिला पार्षद निधि से दिए तीन लाख

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के बल्ह खालसा पंचायत में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक जल संग्रह टैंक का निर्माण किया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत तीन लाख रुपए होगी। इस परियोजना से गांव के लगभग 30 परिवारों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा, जिससे किसानों को विशेष लाभ मिलेगा और यह जल संग्रह टैंक गुरुद्वारा बल्ह खालसा के सामने बनाए जाने पर सहमति बन चुकी है। वहीं, इस जल संग्रह टैंक के निर्माण के लिए जिला पार्षद कृष्ण पॉल शर्मा ने अपनी निधि से तीन लाख रुपए स्वीकृत किए हैं।



यह राशि पंचायत को सौंपी गई है, जिससे पंचायत खुद इस निर्माण कार्य को पूरा करवाएगी। बल्ह खालसा पंचायत ने परियोजना के शीघ्र कार्यान्वयन के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। पंचायत प्रतिनिधियों के अनुसार, यह टैंक गुरुद्वारा परिसर में बनाया जाएगा, जिससे आसपास के किसानों को पानी की सिंचाई की समस्या से राहत मिलेगी। उक्त गांव के 30 किसान परिवारों ने इस पहल का स्वागत किया है। कई किसान वर्षों से पानी सिंचाई की कमी से जूझ रहे थे, जिससे फसल उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था।

जल संग्रह टैंक बनने से वर्षा जल का संचयन किया जाएगा, जिसे बाद में सिंचाई और अन्य आवश्यकताओं के लिए उपयोग किया जा सकेगा। इससे किसानों की निर्भरता भू-जल पर कम होगी और जल संकट की समस्या भी हल होगी। पंचायत प्रधान लीला देवी उपप्रधान दर्शन सिंह ने बताया कि यह परियोजना जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल किसानों को राहत मिलेगी, बल्कि गुरुद्वारा परिसर के आसपास हरियाली भी बनी रहेगी। जल संग्रह टैंक से गुरुद्वारे में आने वाले श्रद्धालुओं को भी लाभ होगा, क्योंकि गर्मी के दिनों में जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

गांव के वरिष्ठ नागरिकों और किसानों ने जिला पार्षद कृष्ण पॉल शर्मा का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की योजनाएं ग्रामीण विकास और कृषि सुधार के लिए आवश्यक हैं।

किसानों ने उम्मीद जताई कि इस टैंक के निर्माण से उनकी खेती अधिक प्रभावी होगी और उनकी आमदनी में भी वृद्धि होगी। बल्ह खालसा पंचायत ने टैंक निर्माण के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। पंचायत अधिकारियों के अनुसार, इसे अगले कुछ महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है ताकि आने वाले मौसम में किसान इसका पूरा लाभ उठा सकें।

## छिन्मस्तिका धाम हरवाल गोंदपुर बनेहड़ा में निकाली भव्य कलश यात्रा



**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** बुधवार को गोंदपुर बनेहड़ा में छिन्मस्तिका धाम हरवाल श्रीमद् भागवत कथा के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा छिन्मस्तिका धाम हरवाल से शुरू होकर वापस मंदिर पहुंची। इस अवसर पर विधिवत कलश स्थापित किए गए। इस अवसर पर श्रीकृष्ण भजनों से क्षेत्र का वातावरण कृष्ण रंग में रंगा नजर आया। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## उत्कर्ष को मिस्टर फेयरवेल, पावनी को मिस फेयरवेल चुना

**विवेक शर्मा, अंब।** बुधवार को गुरुकुल पब्लिक स्कूल पक्का परोह अंब मे बाहरवीं कक्षा के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस् अवसर पर गयारहवीं के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी ।बाहरवीं के छात्रों को विभिन्न टाइटलस से नवाजा गया। इस मौके पर मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश गौतम ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उत्कर्ष को मिस्टर फेयरवेल, पावनी को मिस फेयरवेल, शिवांश और हर्षिका मिस्टर और मिस पर्सनालिटी, हरमन और काव्या मिस्टर और मिस स्माइली, राघव और श्रेया शर्मा मिस्टर और मिस ऑलराउंडर चयनित किए गए। (अनंत ज्ञान)

## रोड सेफ्टी क्लब ने निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** संत ढांगू वाले गुज्जर राजकीय महाविद्यालय बीटन में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य छात्रों तथा जनमानस को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे जागरूकता बढ़ाना और लोगों को सुरक्षित रहने के लिए प्रोत्साहित करना था।

महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर गुरुदेव ने रैली को अपनी शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम में भागादारी हेतु प्रेरित किया। रोड सेफ्टी क्लव के छात्रों ने सड़क सुरक्षा अमराली संबंधी नारे बुलंद करते हुए महाविद्यालय प्रांगण से अमराली और आसपास लगते क्षेत्र की ओर प्रस्थान किया। इस दौरान रास्ते में मिलने बिना हेलमेट बाइक सवार लोगों को रोक-रोक कर, उनसे हेलमेट पहनने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का आग्रह किया।

# मुफ्त की योजना पर नेहरू ने साफ किया था इंकार: जगत राम

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव कॉमरेड जगत राम शर्मा ने कहा कि अब सियासी दलों ने मुफ्त की रेवड़ियां बांटने को स्टेटस सिंबल बना लिया है। शर्मा ने कहा कि आजादी के बाद देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. जवाहरलाल नेहरू के सामने भी यह मुद्दा आया और नेहरू ने मुफ्त की नीति को लागू करने से साफ इंकार कर दिया और कहा कि आम लोगों को मुख्य धारा में लाकर आत्मनिर्भर बनाएंगे और हम परजीवि वर्ग नहीं पैदा करेंगे।

लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचवर्षीय योजना बनाएंगे और उन योजनाओं के मुताबिक देश में पांच सौ से भी ज्यादा सरकारी उद्योग स्थापित किए गए और लाखों लोगों को सरकारी विभाग व उद्योगों को रोजगार प्राप्त हुआ। मुफ्तखोरी की कोई बात नहीं होती थी। जब देश में अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार आई तो देश के मजदूरों के विरुद्ध उल्टा चक्कर चला दिया। लोगों को रोजगार देने वाले संस्थानों को निजीकरण, उदारीकरण, विनिवेष आदि करना शुरू कर दिया और अलग से अरुण शौरी के नेतृत्व में मंत्रालय भी बना दिया। भाजपा और आरएसएस की मोदी की पूंजीपति सरकार ने सब हदें ही पार कर दीं। बड़े-बड़े संस्थान अंबानी-अडानी को बेच दिए गए और उनसे सलाह करके जो 44 श्रमिक कानून कामगारों की रक्षा के लिए कांग्रेस ने बनवाए थे, उनको भी तोड़कर चार लेबर कोड बना दिए।

लोकतंत्र में बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा, परिवहन आदि सरकार को आम लोगों को सस्ती देने के लिए वचनवद्ध है। मुफ्तखोरी को लेकर सुप्रीम कोर्ट के जजों ने भी चिंता जताई है। गरीब-मजदूर किसान कर्ज के तले मर जाता है। सरकार को चाहिए कि पहले की तरह सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग लगाना उनकी रक्षा करना और उनमें लोगों को रोजगार देना तब देश आत्मनिर्भर हो सकता है। धरातल की सच्चाई यह है कि देश बेरोजगारी, महंगाई तथा भ्रष्टाचार में डूबा है।

**दुखदाई** घर में हर आने वाली महिला के चेहरे में बालक की नजरें मां को रहीं तलाश

# मासूम को चिता से भी था मां के लौट आने का इंतजार

**राजेश शर्मा, ऊना**

काश ऐसा हो पाता और उस मासूम को जिंदगी भर सताने वाला गम हमेशा दूर हो जाता, लेकिन विधि के विधान को कौन मिटा पाया। पांच साल के मासूम बच्चा यतीम हो गया है। बाप जिसे उसने कभी देखा नहीं, वह सलाखों के पीछे है और मां को बाप की हैवानियत छीनकर ले गई है। अब भीड़ घर में लग रही है, लेकिन उसे मां कहीं दिखाई नहीं पड़ रही। हर आने वाली महिला के चेहरे में इस बालक की नजरें मां को तलाश रही हैं।

**अनंत ज्ञान साइड स्टोरी**

हिमाचल प्रदेश के ऊना के उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के रायपुर मैदान के कोलका गांव में पांच साल के बेटे के सामने महिला की हत्या को अंजाम दिया था। हालांकि इस बच्चे को मालूम नहीं है कि जो मां सदा की नींद सो चुकी है, वह कभी नहीं आएगी। मासूम के सामने उसकी माता की चिता को जब अग्नि दी गई तो बेटा पथराई आंखों से सब देख रहा था। शायद वह यह महसूस कर रहा था कि जो हो रहा है इससे शायद उसकी मां ठीक होकर बाहर आएगी और उसे गले लगाएगी, लेकिन जब उसे लेकर श्मशान से वापस चले तो मासूम अपनी मां के अग्नि से बाहर आने का इंतजार करता रहा।



जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय महिला की चार दिन पहले उसके पति ने हत्या कर दी थी। बच्चे को हत्यारे पिता की पहचान तक नहीं है। सब जगह उसकी निगाहें मां को खोजने में लगी हैं। भले ही माता की चिता बेटे की आंखों से सामने जल रही थी, लेकिन मासूम को माता के लौटने का इंतजार था। बाप ऐसा काफिर निकला कि उसे इस पांच साल के बेटे की मासूमियत पर भी तरस नहीं आया। दरिंदगी ने उस मां के सपनों का गला घोंट दिया जो पिछले पांच सालों से अपने बच्चे के भविष्य के लिए दिन रात मेहनत कर रही थी।

मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद महिला का अंतिम संस्कार कर दिया गया था। उधर, मृतक महिला के मायके पक्ष ने उसकी मौत के लिए उसके पति को जिम्मेदार ठहराया गया था और पुलिस में मामला दर्ज करवाया था। सब काम पुलिस और तंत्र कर रहा है, लेकिन इस बीच जो एक बच्चे के जीवन में बड़ा शून्य बन गया है, उसकी भरपाई कैसे होगी? कथित तौर पर दूसरी महिला के मोहपाश में अंधे इस इंसान ने एक साथ कई जिंदगियों के भविष्य से खिलवाड़ भी किया है। इसके बाद पुलिस ने महिला के फोन की लोकेशन पर उसके पति को दिल्ली से पकड़ा है और मंगलवार देर शाम को ऊना लाया गया। आरोपी पति के पास मृतक महिला का फोन तथा कुछ गहने भी बरामद हुए, जो कि मायके पक्ष ने अपनी बेटी को दिए थे। पुलिस के अनुसार फोन की लोकेशन से पता चला कि महिला की हत्या के दिन उसका पति घर आया था। इससे पहले वह सात-आठ सालों से घर नहीं आया था। इसी आधार पर पुलिस ने पति को दिल्ली से पकड़ा।

उधर, मृतक महिला का पांच साल का बेटा अपनी मासूमियत भरी आंखों से अभी भी मां के आने की आस लगाए बैठा हुआ है। लेकिन उस मासूम को कौन समझाए कि उसकी मां इस दुनिया को छोड़कर चली गई है। उधर, जिला ऊना मुख्यालय डीएसपी अजय ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक महिला के पति को पुलिस टीम ने दिल्ली में पकड़ा और ऊना लाया गया। (अनंत ज्ञान)

# इन्नरव्हील क्लब ने जरूरतमंद व्यक्ति को दी व्हीलचेयर



**अनंत ज्ञान, ऊना**

इन्नर व्हील क्लब ऊना ने हरोली क्षेत्र के तहत बिलणा गांव के जरूरतमंद दिव्यांग को व्हीलचेयर भेंट की है। बुधवार को ऊना मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग सतनाम सिंह की पत्नी को व्हीलचेयर व वित्तीय मदद भेंट की गई।

वहीं, क्लब सदस्यों ने उसको भविष्य में भी हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया। इन्नरव्हील क्लब की अध्यक्ष रमा कंवर ने बताया कि उक्त दिव्यांग एक हादसे का शिकार हो गए थे तथा अब वह चलने फिरने में असमर्थ हैं, ऐसे में क्लब ने उनकी मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाए। इसी के चलते आज उन्हें व्हीलचेयर भेंट की गई है। भविष्य में भी सतनाम सिंह को हरसंभव मदद मुहैया करवाई जाएगी।

इस मौके पर क्लब सचिव शोभा सोनी, कोषाध्यक्ष रेखा शर्मा, मीरा मेहतर, रमा कालिया, निरुपमा महाजन, बबली अमरजीत, सुनीता शर्मा, रंजना बख्शी, नीलम साही, कमला कंवर, मोनिका कौशल व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 22 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय, कुल्लू में 22 फरवरी को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक सुंदर सिंह ठाकुर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे। प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने बताया कि वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में शैक्षिक एवं गैर-शैक्षिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

### वीडियो एल्बम लूपा छुपिए ओ झुरिए लांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले की सैंज घाटी के प्रसिद्ध लोकगायक करतार कौशल की वीडियो एल्बम लूपा छुपिए ओ झुरिए राग ध्वनि प्रोजेक्ट्स यूट्यूब चैनल पर लॉन्च हो गई है। एक सादे समारोह में विजन इंडिया के एमडी डीसी कौशल के द्वारा इस वीडियो एल्बम का विमोचन किया गया। इस मौके पर लोकगायक करतार कौशल ने कहा कि यह उनका प्रथम एल्बम है। हालांकि, जिले व प्रदेश के अन्य लोकगायकों के साथ उनके बहुत से वीडियो एल्बम में काम किया है और ऑडियो भी उनकी यूट्यूब में बहुत हैं। उन्होंने कहा कि यह एक प्रेम गीत है, जिसमें प्रेमी अपनी प्रेमिका को चुप-चुप के मिलने को कहता है।

### बंजार में मनाया विज्ञान मेला, लगाई प्रदर्शनियां

**अनंत ज्ञान, बंजार।** मुख्यालय बंजार स्थित ग्रेट हिमालयन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि एसएमएस कृषि विभाग बंजार दीपाल कृष्ण और विशेषातिथि, एसएमएस बागवानी विभाग बंजार संजय भारद्वाज, एडीओ कृषि विभाग बंजार दूर सिंह विशेषातिथि रहे। इस मौके पर ग्रेट हिमालयन पब्लिक स्कूल बंजार के मैनेजमेंट प्रधानाचार्य पीटीए के अध्यक्ष सदस्यगण अभिभावकगण अध्यापक तथा बच्चों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर विद्यालय के सभी कक्षाओं के बच्चों ने विज्ञान संबंधी मॉडल्स आर्ट एंड क्राफ्ट संबंधी कलाकृतियां बनाईं। मुख्यातिथि पीटीए सदस्य अध्यक्ष अभिभावक तथा अध्यापकों ने उसका निरीक्षण किया। इस अवसर पर अध्यापकों ने छात्रों से बनाए हुए मॉडल्स एवं अन्य कलाकृतियों के बारे में बारीकी से जानकारी प्राप्त की। अध्यापकों ने बच्चों से प्रश्न आदि भी किए और बताया गया कि यह मॉडल किसके लिए बनाए गए इससे क्या लाभ प्राप्त होते हैं इस पर विस्तार से अध्यापकों ने पूछा। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम भी बच्चों ने प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि के आने पर पीटीए के अध्यक्ष टेढ़ी सिंह नेगी तथा प्रधानाचार्य ग्रेट हिमालयन पब्लिक स्कूल बंजार बीरबल ठाकुर ने उनका स्वागत किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी उनका स्वागत कर उनका अभिवादन किया। इस मौके पर निर्णायक मंडली ने बच्चों के बनाए हुए विज्ञान मेले में मॉडल तथा अन्य गतिविधियों की समीक्षा की, जिसमें निधि, अनुज, अनाहिता, सेजल, मयंक, रियांश, पार्थ, आरव, लियाना, स्नेहा, अमन, यश गुप्ता, रोनेन, सेजल, लाभांश, पुष्पेंद्र, लोकेंद्र, कपिल, विवेक, वंदना, तनीषा, काव्य, विशाल राणा, दीया, वीनस, तिलोचन आदि बच्चों के मॉडल्स तथा आर्ट एंड क्राफ्ट की बनाई हुई चीजें बहुत सुंदर लगीं। इस अवसर पर उक्त सभी छात्रों को मुख्यातिथि के द्वारा मेडल्स देकर नवाजा।

### युवाओं को नशे से दूर रहने के उपाय बताए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला बाल संरक्षण इकाई लाहौल-स्पीति द्वारा पंचायत शांशा में बाल अधिकारों पर स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान प्रशांत की अध्यक्षता में बालकों के अधिकारों व संरक्षण अधिनियम, योजनाओं पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में जिला बाल संरक्षण अधिकारी हीरा नंद ने दत्तक ग्रहण, किशोर न्याय एवं संरक्षण अधिनियम 2015-16, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 व 19, जिला बाल संरक्षण इकाई की भूमिका आदि विषयों पर लोगों को जागरूक किया। शिविर में तहसील कल्याण अधिकारी राजेश ने वह दिन योजना पर अपने विचार रखे तथा विभागीय योजना के बारे बात रखी। आयुष विभाग से डॉ. महेश व डॉ. आशीष ठाकुर ने आयुष विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना सुप्रजा, व्योमित्र, आयु विद्या, करुण्य, सर्वोदय योग तथा आयुष मेडिकल मोबाइल आदि विषयों पर जानकारी दी। संरक्षण अधिकारी संस्थागत जोगिंदर कुमार ने युवाओं को नशे से दूर रहने के उपाय, बाल विवाह, बाल श्रम आदि विषयों पर जानकारी दी। पुलिस विभाग से सहायक उपनिरीक्षक सुशील ने पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में चर्चा की, शिविर में चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 आदि के बारे में बताया।

### लुकेश आदर्श छात्र व पल्लवी आदर्श छात्रा



**अनंत ज्ञान, मनाली।** अनिला महाजन सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनाली में दीक्षांत समारोह धूमधाम से आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के उपप्रधानाचार्य घनश्याम ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर व सरस्वती माता के चरणों में पुष्प अर्पण के साथ किया। दीक्षांत समारोह में नौवीं और 11वीं कक्षा के बच्चों ने दसवीं व 12वीं के बच्चों के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें नृत्य, समूह गान, विभिन्न प्रकार के खेल आदि प्रमुख थे। दीक्षांत समारोह में बारहवीं कक्षा में आदर्श छात्र लुकेश तथा आदर्श छात्रा पल्लवी को चुना गया। दसवीं कक्षा में आदर्श छात्र हर्ष तथा आदर्श छात्रा रिधिमा को चुना गया। बारहवीं में आदर्श व्यक्तित्व कुणाल तथा पल्लवी और दसवीं में पियूष तथा सुकन्या को चुना गया। बच्चों ने विद्यालय से जुड़े अपने अनुभव सब के साथ साझा किए।

# हिंदू परिवार कर रहा पीर बाबा की मजार की निगेहबानी

## कुल्लू के अखाड़ा बाजार स्थित दरगाह में सभी धर्मों के लोग करते हैं सजदा, 1908 से दे रहे आपसी भाईचारे का संदेश

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई सब हैं भाई-भाई ये पंक्तियां इस देश की एकता व अखंडता की नींव हैं। इन पंक्तियों को सही मायने में चरितार्थ कर रहा है कुल्लू जिले के अखाड़ा बाजार का हिंदू परिवार, जो पिछले कई वर्षों से पीर बाबा की मजार की निगेहबानी कर सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश कर आपसी भाईचारे का संदेश दे रहा है।

अनंत ज्ञान स्पैशल

कुल्लू के अखाड़ा बाजार से संबंध रखने वाले सुरेंद्र मेहता उर्फ भाई जी वर्तमान समय में बाबा की सेवा में दिन-रात जुटे हुए हैं। इससे पूर्व उनके पूर्वज मजार की देखरेख करते थे। पीर बाबा की इस मजार पर सालों से हिंदू-मुस्लिम परिवार माथा टेकने के लिए आते हैं।

लोगों का मानना है कि यहां आकर उनकी हर मन्नत पूरी होती है। यहां पर मुस्लिम ही नहीं सभी धर्मों के लोग सजदा करते हैं और इस दरगाह की शिद्दत के साथ इबादत करते हैं। सुरेंद्र मेहता के बेटे विकास मेहत्ता के अनुसार उनके पिता के दादा व परिवार वर्ष 1908 में कुल्लू आए थे। विकास के परदादा को बाबा की मजार में काफी श्रद्धा थी और उसके बाद से उनके पापा सुरेंद्र मेहत्ता और पूरा परिवार बाबा का भक्त है। (अनंत ज्ञान)

### दरगाह से कोई नहीं लौटता निराश

**सुरेंद्र** भाई के अनुसार आज तक पीर बाबा की दरगाह में जो भी अपनी परेशानी लेकर आया, वह कभी भी निराश वापस नहीं लौटा है। यहां पर लोग शुभ काम करने से पहले बाबा की दरगाह पर आते हैं। संतान प्राप्ति होने या घर का काम शुरू करने से पहले बाबा से आशीर्वाद जरूर लेते हैं।





### दिन-रात जलता है अखंड चिराग

1908 में पंजाब के बटाला स्थित ध्यानपुर से कुल्लू आया भगत राम का परिवार बाबा की सेवा पहले से ही करते थे। यहां पर आकर उन्होंने अपने घर के साथ ही बाबा की दरगाह स्थापित की और दिन-रात इबादत में जुट गए। उनसे प्रेरित होकर उनके बेटे लाजपत राय मेहत्ता भी बाबा पीर की सेवाओं में जुट गए और उनके देहांत के बाद सुरेंद्र मेहत्ता उर्फ भाई जी व उनके पुत्र विकास मेहत्ता वर्तमान समय में बाबा पीर की देखरेख कर इस परंपरा को बखूबी निभा रहे हैं। बकौल सुरेंद्र मेहत्ता पीरों की सेवाएं अधिकतर हिंदू ही करते हैं और जब सब जगह से इंसान निराश हो जाता है तो पीर बाबा की शरण में आते हैं और पीरों की मजार पर हर धर्म के लोगों को बराबर सम्मान मिलता है। यहां पर उनकी हर मन्नत पूरी होती है। मन्नत पूरी होने पर लोग पीर बाबा की मजार पर फूलों का सेहरा, हरे रंग की चादर और मीठे चावल चढ़ाते हैं(नयाज)। साथ ही हर वीरवार को तेल के दीये जलाते हैं। मजार पर हर समय दिन-रात अखंड चिराग जलता है। हर वीरवार को अखाड़ा बाजार स्थित मजार में हर धर्म के लोग अपनी समस्याएं और संतान प्राप्ति की मनोकामना के लिए यहां पहुंचते हैं।

### मीठे चावल व फूलों की चादर का चढ़ावा

**हर** वीरवार व रविवार को दोपहर के समय यहां पर लोगों का खूब सैलाब उमड़ता है। सुरेंद्र मेहता के अनुसार यदि कोई दंपती संतान सुख से वंचित हो तो मन्नत मांगने पर उसे संतान सुख की प्राप्ति होती है। यहां से आज तक कोई खाली हाथ नहीं लौटा है। बीमारियों से घिरे लोगों को भी पीर बाबा सेहतमंद कर देते हैं। लोग पीर बाबा से अपने व परिवार के लिए मन्नतें मांगते हैं और मन्नत पूरी होने पर मीठे चावल व फूलों की चादर का चढ़ावा चढ़ाते हैं।

### 22 फरवरी तक मतभेद करें दूर

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली के पर्यटन स्थलों में काम करने वाले पर्यटन कारोबारियों व स्नो ड्रेस एसोसिएशन के पदाधिकारियों की प्रशासन के साथ बैठक हुई। प्रशासन ने दोनों को 22 फरवरी से पहले मतभेद दूर करने का समय दिया है। 22 तक मतभेद दूर नहीं किए, तो प्रशासन अपने हिसाब से आगामी कार्रवाई अमल में लाएगा। 21 दिनों से पर्यटन स्थलों में काम करने वाले पर्यटन कारोबारियों व स्नो ड्रेस के कारोबारियों में मतभेद चल रहे हैं। पर्यटन कारोबारी स्की पैकेज का विरोध कर रहे हैं, जबकि स्नो ड्रेस वाले स्की पैकेज देने की मांग कर रहे हैं। इसी के चलते गत 21 दिनों से पर्यटन गतिविधियां प्रभावित चल रही हैं। दोनों गुटों के मतभेद दूर करने के प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। मौके में जाकर भी प्रशासन पर्यटक कारोबारियों को एकजुट होकर काम करने की सलाह दे चुका है। विधायक भुवनेश्वर गौड़ भी पर्यटन कारोबारियों को यही सुझाव दे चुके हैं, लेकिन दोनों गुट अपनी अपनी बात पर अड़े हुए हैं। आज भी प्रशासन ने दोनों गुटों के प्रतिनिधियों को बुलाया था। प्रशासन ने सभी को यह मामला 22 से पहले सुलझाने की बात कही है।

# 'वह दिन' योजना के बारे में महिलाओं को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला बाल संरक्षण इकाई लाहौल-स्पीति द्वारा ग्राम पंचायत गोंधला में बाल अधिकारों पर स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान प्रशांत की अध्यक्षता में बालकों के अधिकारों व संरक्षण अधिनियम, योजनाओं पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में जिला बाल संरक्षण अधिकारी हीरा नंद ने दतक ग्रहण, किशोर न्याय एवं संरक्षण अधिनियम 2015-16, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 व 19, जिला बाल संरक्षण इकाई की भूमिका आदि विषयों पर लोगों को जागरूक किया गया। शिविर में तहसील कल्याण अधिकारी राजेश ने वह दिन योजना पर अपने विचार रखे तथा विभागीय योजना के बारे बात रखी। आयुष विभाग से डॉ. महेश व डॉ. आशीष ठाकुर ने आयुष विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना सुप्रजा, व्योमित्र, आयु विद्या, करुण्य, सर्वोदय योग तथा आयुष मेडिकल मोबाइल आदि विषयों पर जानकारी दी। संरक्षण अधिकारी संस्थागत जोगिंद्र कुमार ने युवाओं को नशे से दूर रहने के उपाय, बाल विवाह, बाल श्रम आदि विषयों पर जानकारी दी।

पुलिस विभाग से सहायक उपनिरीक्षक सुशील ने पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में चर्चा की। शिविर में चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, महिला हेल्प लाइन 1091 व गुड़िया हेल्प लाइन की उपयोगिता के बारे मे जानकारी दी गई। कार्यशाला के अंत में स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान प्रशांत ने उनकी पंचायत में जागरूकता शिविर लगाने के लिए विभाग का धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी लोगों को समय रहते बाल अधिकारों के प्रति सजग व संवेदनशील रहना होगा और किशोरों को सुरक्षित व पारिवारिक माहौल प्रदान करने में सहयोग करना होगा।

### 0.82 ग्राम चिट्टे सहित दो काबू

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो युवकों को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। घटना 18 फरवरी की रात की है। आनी पुलिस के एसआई हेत राम अपनी टीम के साथ आनी-कुल्लू हाइवे पर शमशर पुल के पास गश्त कर रहे थे। पुल के पास एक सफेद रंग की अल्टो कार (नंबर एचपी-35-8482) खड़ी मिली।

कार में दो युवक बैठे थे, जो पुलिस को देखकर घबरा गए। पुलिस ने इस दौरान इन दोनों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनसे 0.82 ग्राम चिट्टा बरामद किया। आरोपियों की पहचान साहिल ठाकुर (22) और अंशुल (21) के रूप में हुई। साहिल गांव शिकारी डाकघर गाड़ का रहने वाला है, जबकि अंशुल खनाग का निवासी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। डीएसपी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि दोनों युवकों के ब्लड सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे हैं यदि दोनों ने चिट्टे नशे का सेवन किया होगा, तो उसकी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

### केलांग में केंद्रीय बजट पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

# बजट से हर वर्ग होगा लाभान्वित : गोविंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

केलांग में बुधवार को केंद्रीय बजट पर संगोष्ठी आयोजित की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर संगोष्ठी में मुख्यातिथि पहुंचे।

गोविंद ठाकुर ने कहा कि यह बजट न केवल हमारी मौजूदा चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करता है, बल्कि भविष्य के विकास की राह भी प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि सब मिलकर इस नई दिशा में कदम बढ़ाएं और एक समृद्ध, सशक्त भारत का निर्माण करें। गोविंद ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए ऐतिहासिक एवं स्वर्णिम बजट पेश किया है, जिस से हर वर्ग लाभान्वित होगा। भाजपा नेता रवि ठाकुर ने कहा कि इस बजट को प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने के लिए प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



उन्होंने बताया कि वक्ता के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर उपस्थित हुए। रवि ठाकुर ने इस बजट को मध्यम वर्ग व महिलाओं को समर्पित विकसित भारत का सपना साकार करने वाला बजट बताया। यह बजट गरीब, युवा, किसान व महिलाओं को सशक्त बनाने वाला बजट है। भाजपा जिला अध्यक्ष रिगजिन हायरपा ने भी बजट की सराहना की। उन्होंने बताया कि गोविंद ठाकुर व रवि ठाकुर के नेतृत्व में अभिषेक, पंकज, राजेंद्र, रवि, विपिन, रोहित, राजेंद्र झोलिंग तथा अक्षय सिंदवाड़ी ने लाहौल-स्पीति विकास मंच को छोड़कर भाजपा में घर वापसी की। कार्यक्रम में नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष मनोज कुमार ने भी अपने विचार रखे।

# प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं : छत्तर सिंह

**अनंत ज्ञान, सैंज**

बंजार विधानसभा क्षेत्र के केंद्र बिंदु लारजी में बुधवार को प्रदेश युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष छत्तर सिंह ने जहां बंजार युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में जोश भरा।



इस मौके पर एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष राम सिंह मियां भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान भी युवाओं से किया। लारजी पहुंचने पर बंजार युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष छत्तर सिंह का जोरदार स्वागत किया। लारजी पहुंचने पर एपीएमसी के अध्यक्ष राम सिंह मियां व प्रदेश युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष छत्तर सिंह का युवाओं ने राम सिंह मियां आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ हैं, छत्तर सिंह आगे बढ़ो प्रदेश के युवा आपके साथ हैं नारे से स्वागत किया। प्रदेश युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आम परिवार से निकले प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू की अध्यक्षता में प्रदेश में जमकर विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवार से निकले मुख्यमंत्री आम जनता का दुख-दर्द समझते हैं और प्रदेश के गरीब वर्गों के लिए मुख्यमंत्री ने कई योजनाओं को शुरू किया है। छत्तर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बीते दो वर्षों में प्रदेश के हर वर्ग के लिए कोई न कोई योजनाएं लाकर उन्हें राहत पहुंचाने का कार्य किया है, जो काबिले तारीफ है। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं को जनजन तक पहुंचाएं, ताकि सभी वर्ग के गरीब लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। देश के युवाओं को चार्ज करने के लिए प्रदेश युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष छत्तर सिंह ने मोर्चा संभाल दिया है। मिशन 2027 को ध्यान में रखते हुए छत्तर सिंह ने मोर्चा संभाला है और बुधवार को बंजार कांग्रेस के युवाओं को मिशन रिपीट-2027 के लिए लारजी में पाठ पढ़ाया।

### धूमधाम से मनाया फाउंडेशन-डे

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** परी एंजल मॉडल स्कूल लरांकेलो में फाउंडेशन दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद, सभी कक्षाओं के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें ग्रुप सांग, सोलो सांग और ग्रुप डांस शामिल थे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हाउस वायर के नाम से किया गया था, जिसमें बच्चों को पुरस्कार भी दिए गए। कार्यक्रम के अंत में, स्कूल के प्रबंधक कमल ठाकुर ने अपने भाषण में स्कूल की स्थापना की कहानी साझा की और बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए तैयार रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य कुछ भी नहीं होता है। स्कूल की प्रधानाचार्या प्रोमिला देवी ने भी बच्चों की उन्नति की कामना की।

# केंद्र व प्रदेश सरकार पंचायतों को सीधे तौर पर करे फंड का आवंटन: सत्य प्रकाश



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

देश में पंचायतीराज को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अखिल भारतीय पंचायत परिषद के संस्थापक अध्यक्ष बलवंत राय मेहता की 126वीं जयंती पर विशेष कार्यक्रम सत्य प्रेम भवन भुट्टि कालोनी में मनाया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय पंचायत परिषद के एग्जीक्यूटिव सदस्य पूर्व मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने उपस्थित सभी पंचायत प्रतिनिधियों तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े जनों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में पंचायतीराज व्यवस्था में एकरूपता तथा सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए पंचायतों को सशक्त करना वर्तमान समय की जरूरत है। प्रदेश व केंद्र सरकार को सीधे तौर पर पंचायतों के फंड का आवंटन होना चाहिए तभी धरातल का विकास मुखर होगा। इसके साथ-साथ उन्होंने सरकार से पंचायतों को और अधिक अधिकार व शक्तियां प्रदान करने का भी आग्रह किया। अंत में इस कार्यक्रम में शामिल हुए सभी प्रतिनिधियों का धन्यवाद हिमाचल प्रदेश पंचायत परिषद की अध्यक्ष प्रेम लता ठाकुर ने किया। इस कार्यक्रम में बंजार विधानसभा पंचायत परिषद के अध्यक्ष डोला सिंह महंत, वार्ड पंच अमरा देवी, पवना ठाकुर व सामाजिक कार्यकर्ता टिकम राम आदि मौजूद रहे।

**जायजा**

### डीसी कुल्लू ने पंचायत हुरला, गड़सा व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गड़सा का किया निरीक्षण

# बेटियों को करें उच्च शिक्षित, छोटी उम्र में न करवाएं शादी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश ने बुधवार को ग्राम पंचायत हुरला तथा गड़सा का निरीक्षण किया तथा विकास कार्यों का जायजा लिया।

उन्होंने लाडा शेयर से किए गए कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने एसडीपी, 15वें वित्त आयोग के सहित अन्य कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इसके काम पूर्ण करने पर सभी पंचायत अधिक ध्यान दें नहीं तो बजट में कट लगेगा। उन्होंने पंचायत कार्यों के विभिन्न रजिस्टर के रिकॉर्ड की भी जांच की। उन्होंने वार्ड सदस्यों से गांव के सरकारी स्कूलों की बेहतरी को किए जाने को लेकर भी बातचीत की। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग को महिलाओं के लिए विभिन्न कौशल में प्रशिक्षण देने को लेकर भी सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं से भी बातचीत की। डीसी ने अपशिष्ट पदार्थ निष्पादन को लेकर भी बात की उन्होंने पंचायत में इंसीनरेटर लगाने



के लिए अपने क्षेत्र में स्थान तलाश करने को कहा, ताकि उसका प्रयोग अपशिष्ट के वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन के लिए हो सके। उन्होंने कहा कि गीला कचरा व सूखा कचरा अलग रखें तथा अपने स्तर पर घाटी का अपशिष्ट पदार्थ निष्पादन के लिए संयंत्र बनाने के लिए स्वयं समाधान ढूंढें। जल्द ही पंचायत में स्वच्छता व अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर एक कार्यशाला करवाएंगे। उन्होंने कहा कि कंपोस्ट पिट के निर्माण के लिए ब्लॉक से कार्य करें। उन्होंने सभी से बेटियों को उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कहा कि सभी बेटियों को उच्च शिक्षित अवश्य करें तथा जल्दी, छोटी उम्र में शादी न करवाएं। उन्होंने कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन के कार्य के बारे में भी जानकारी ली तथा उनके द्वारा प्राकृतिक कृषि पशु सखी के रूप में पशु टीकाकरण, स्वच्छता आदि पर किए जा रहे कार्यों के बारे जानकारी ली।

उन्होंने गड़सा स्कूल का भी निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को गड़सा स्कूल को अडॉप्ट करने तथा एक बेहतर किताब पर चर्चा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को कहा कि इस से हमेशा दूर रहें। उन्होंने स्कूल में खेलकूद तथा दौड़ने के लिए ट्रैक बनाने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। सेल्फ हेल्प ग्रुप, किसान उत्पादक संघ के उत्पादों के बारे में जानकारी ली तथा भविष्य में इनकी विस्तृत बैठक करने के निर्देश दिए। मनरेगा का कार्य निरंतर चलता रहना चाहिए। इस अवसर पर पीओडीआरडीए डॉ. जयवंती ठाकुर, बीडीओ गौरव, ग्रामीण विकास विभाग के एसडीओ अन्य अधिकारी, पंचायतों के प्रधान, वार्ड सदस्य तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

# कृमि से छुटकारे के लिए बच्चों को दवाई जरूर खिलाएं : डॉ. पवार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल की सभागार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में बुधवार को आशा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ विभिन्न स्कूलों के अध्यापकों के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नागराज पवार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।



इस मौके पर सभागार में उपस्थित आशा कार्यकर्ताओं व विभिन्न स्कूलों के अध्यापकों के साथ राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस संक्रमण के दौरान कुपोषण और खून की कमी होती है, जिस कारण हमेशा थकावट रहती है। संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा आ सकती है इसलिए कृमि संक्रमण से बचाव के लिए हमेशा ध्यान दें 1 से 19 साल के सभी बच्चों को फरवरी माह में नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में कृमि नियंत्रण की दवाई निशुल्क उपलब्ध की जा रही है, जो बच्चे छूट गए हैं, उन्हें भी जल्द नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों या आंगनबाड़ी केंद्रों में दवाई जरूर खिलाएं, जिन बच्चों की आंतों में कृमि होते हैं, उन्हें दवाई खाने पर मामूली प्रतिकूल लक्षण जैसे मिचलाना, पेट में हल्का दर्द, उल्टी, दस्त और थकान महसूस हो सकती है। ऐसे में आप घबराएं नहीं यह प्रतिकूल नीति चरणों का पालन करें व किसी भी चिकित्सा सहायता के लिए 104 नंबर पर फोन जरूर करें या अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के एएनएम, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से संपर्क करें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि हमें बच्चों की किस तरह से परवरिश करनी चाहिए और किस तरह से उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए सब को आगे आना चाहिए। इस दौरान सभागार में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों व आशा वर्कर्स एवं विभिन्न स्कूलों से आए अध्यापकों ने भी अपने विचार आपस साझा किए।

## न्यूज ब्रीफ

### पाइपें चोरी करने के मामले में आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बागा पुलिस ने बेरल में विगत दिनों पाइपें चोरी के मामले में चोर को पकड़ने में सफलता हासिल की है। जानकारी के मुताबिक आठ फरवरी को बागा पुलिस थाना में बेरल स्थित एक स्टोर से 65 एमएम की 4 पाईपें चोरी हो गईं। चोरी हुई पाइपों की कीमत लगभग 15,600 रुपए है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की और आरोपी लेख राम पुत्र गुसाऊ राम निवासी गांव बेरल 22 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को अर्की न्यायालय में पेश किया गया, जहां उसे दो दिन का पुलिस रिमांड मिला है। आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की भी पड़ताल की जा रही है।

### कक्षा प्रबंधन के विभिन्न स्तंभों के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** एमआर एडीएवी पब्लिक स्कूल सोलन में प्रिंसिपल मासूमा सिंघा के मार्गदर्शन में सीबीएसई की तरफ से दो दिवसीय कक्षा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल शिक्षकों ने हिस्सा लिया। सीबीएसई द्वारा रिसोर्स पर्सन वेगा शर्मा एवं स्नेह लता ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला के प्रथम दिवस में अध्यापकों की भूमिका छात्रों में आत्मविश्वास पैदा करना, छात्रों में कुशल नेतृत्व की भावना विकसित करना व कक्षा प्रबंधन के विभिन्न स्तंभों के बारे में बताया। द्वितीय दिवस में पठन-पाठन के दौरान आने वाली कक्षा में चुनौतियां प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च विद्यार्थियों के शिक्षण के लिए कुशल रणनीतियों का निर्माण करना, विभिन्न पाठ्य सहगामी गतिविधियों द्वारा विषय वस्तु को रुचिकर बनाना आदि था।

### मेडिकल विषय में करियर गाइडेंस की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में छठी से आठवीं और नवीं से बाहरवीं कक्षा के बच्चों को मेडिकल साइड में करियर गाइडेंस देने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय आयुर्वेदिक अस्पताल धुंदन में कार्यरत डॉ. नरेश कुमार ने शिरकत की और आयुर्वेदिक के क्षेत्र में बच्चों को विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने अपने संबोधन में आयुर्वेदिक के क्षेत्र में आयुर्वेदिक चिकित्सक, आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट, आयुर्वेदिक व्याख्याता, आयुर्वेदिक वैज्ञानिक कैसे बन सकते हैं और उसके लिए क्या-क्या योग्यता होनी चाहिए तथा प्रवेश परीक्षा का पैटर्न क्या होता है तथा इसके लिए तैयारी कैसे करनी चाहिए उसके बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए गुरु मंत्र देते हुए कहा कि नवीं से बाहरवीं कक्षा तक की एनसीईआरटी की पुस्तकों को डिटेल में पढ़ना है। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने मुख्यातिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

### लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया

**अनंत ज्ञान, अर्की।** नगर पंचायत अर्की में आरंभ हुए स्वच्छ शहर समृद्ध शहर कार्यक्रम के अंतर्गत अर्की के वार्ड नं. पांच व छह में स्वच्छता अभियान एवं समाधान शिविर का आयोजन किया गया। नगर पंचायत के सचिव अभिनव शर्मा ने बताया कि इसमें लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया गया। इस कार्यक्रम में सफाई अभियान के साथ-साथ लोगों को सफाई के प्रति जागरूक भी किया गया। उन्होंने बताया कि लोगों को सूखे व गीले कूड़े के प्रति जागरूक किया गया। यह अभियान अप्रैल माह तक जारी रहेगा। इसके साथ ही लोगों को शिकायत निर्वाण फार्म भी बांटे गए। शर्मा ने बताया कि इस फार्म को भरकर नगर पंचायत में जमा करवाने के साथ ही लोग सिटीजन सेवा पोर्टल से जुड़ जाएंगे तथा अपनी शिकायन ऑनलाइन करवा सकेंगे। इसके अंतर्गत लोग स्ट्रीट लाइट काम न करने, रास्ते की सफाई न होने, सीवरेज बंद होने, अवैध पार्किंग, संपत्ति कर निर्धारण सहित अन्य शिकायतें ऑनलाइन जमा करवा सकेंगे।

### बैटरी में शॉर्ट सर्किट के कारण गाड़ी में लगी आग

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** थाना परवाणू में सूचना प्राप्त हुई कि कसौली चौक परवाणू के समीप एक गाड़ी में आग लगी हुई है, जिस सुचना पर पुलिस थाना परवाणू की टीम हालात तस्दीक करने के लिए मौके पर पहुंची। मौके के हालात तस्दीक करने पर पाया गया कि 18 फरवरी 2025 को अंकुश ठाकुर निवासी परवाणू अपनी स्विफ्ट कार लेकर कसौली चौक परवाणू आए थे। उन्होंने अपनी कार को कसौली चौक के पास पार्क किया तथा कुछ दवाइयां खरीदने के लिए साथ ही मेडिकल स्टोर में चला गया, जैसे ही यह करीब 5/7 मिनट पश्चात अपनी कार के पास आया, तो देखा कि कार के इंजन में बैटरी की तरफ आग लगी हुई है। उन्होंने कार में लगी आग को बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग ज्यादा भड़क गई। उसके उपरांत मौके पर फायर ब्रिगेड को बुलाया गया तथा फायर ब्रिगेड की सहायता से कार में लगी आग पर काबू पाया गया। मौके पर कार के बोनट को खोलकर चैक किया गया, तो बैटरी के साथ लगे पुर्जे आग से जल चुके थे। जांच पर पाया गया कि आगजनी की यह घटना कार की बैटरी में शॉर्ट सर्किट के कारण हुई है।

### क्षमता निर्माण प्रशिक्षण शिविर हुआ शुरू

**अनंत ज्ञान, सराहां।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत बीआरसी कार्यलय राजगढ़ में प्रौद्योगिकी संवर्धन विषय पर पांच दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण शिविर आरंभ हुआ। ब्लॉक स्तरीय परियोजना अधिकारी व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजगढ़ की प्रिंसिपल कांता चौहान ने इस कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस कार्यशाला में राजगढ़ शिक्षा खंड के भाषा अध्यापक, कला अध्यापक, टीजीटी कला के लगभग 63 छात्र भाग ले रहे हैं। इस कार्यशाला के समन्वयक प्रेम चौहान ने बताया कि इस कार्यशाला में सभी अध्यापकों को प्रवीण शर्मा, ब्रिजेश पुंडीर, दिनेश शर्मा, प्रदीप ठाकुर, नेत्र सिहं ने स्रोत व्यक्तियों के तौर पर अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

### सांस्कृतिक उत्सव के साथ मनाया प्रेरणा दिवस

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के संकाय, कर्मचारियों और छात्रों ने परिसर में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के साथ चांसलर प्रो. पीके खोसला के जन्मदिन के अवसर पर प्रेरणा दिवस मनाया। समारोह का मुख्य आकर्षण प्रोफेसर पीके खोसला द्वारा डीएसटी-पर्स समर्थित बायो इनोवेशन सेंटर लैब का उद्घाटन था। इस अवसर पर ट्रस्टी सतीश आनंद और अशोक आनंद, प्रो. चांसलर विशाल आनंद और विजिटिंग प्रोफेसर विवेक अत्रे भी मौजूद थे। शूलिनी विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश का पहला संस्थान है, जिसे यूनिवर्सिटी रिसर्च एंड साइंटिफिक एक्सीलेंस (पीयूएसई) योजना के तहत समर्थन प्राप्त हुआ है, जो अनुसंधान में उत्कृष्ट संस्थानों को प्रदान किया जाता है।

# ओल्ड बस स्टैंड में पार्किंग निर्माण की उम्मीद बरकरार

## स्थानीय विधायक व मंत्री कर्नल शांडिल छावनी अधिकारियों के समक्ष रखेंगे निगम का पक्ष

**आर मोहन चौहान. सोलन**

ओल्ड बस स्टैंड सोलन में मल्टी स्टोरी पार्किंग निर्माण की उम्मीद बरकरार है। नगर निगम ने जमीन का कब्जा लेने के लिए सैन्य छावनी को 86 लाख दिए हैं। अब स्थानीय विधायक व मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल छावनी अधिकारियों के समक्ष निगम का पक्ष रखेंगे। हालही में हुए नगर निगम के हाउस में इसको लेकर प्रस्ताव पारित हुआ है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ओल्ड बस स्टैंड में प्रस्तावित पार्किंग निर्माण का शिलान्यास कर चुके हैं।

इसके लिए 10 करोड़ देने की भी घोषणा की है यदि सब कुछ ठीक रहा, तो ओल्ड बस स्टैंड में मल्टी स्टोरी पार्किंग संभव होगी। दरअसल, ओल्ड बस स्टैंड में जमीन सेना की छावनी से सटी है। यहां से सेना के दो एंट्री प्वॉइंट भी हैं। एमओयू के तहत सरकार ने कथेड़ बाईपास से छावनी तक सड़क निकालने के लिए सेना को जमीन दी है। इसकी एवज सेना ओल्ड बस स्टैंड के साथ लगती जमीन का कब्जा छोड़ कर नगर निगम को देगी। सैन्य प्रशासन की शर्त है कि कथेड़ से छावनी तक बनी सड़क में कुछ तकनीकी खामियां हैं, जिससे ठीक किया जाना बाकी है। इसके लिए सेना ने निगम से 86 लाख रुपए की मांग की थी। नगर निगम ने जनरल हाउस में प्रस्ताव पारित कर यह धनराशि सेना को देने फैसला लिया है। इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। (अनंत ज्ञान)



ओल्ड बस स्टैंड के साथ लगती जमीन का कब्जा लेने के लिए हाउस ने सेना को 86 लाख रुपए दिए हैं। मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल की अगुवाई में सैन्य अधिकारियों की मीटिंग बैठक होगी। यदि सब कुछ ठीक रहा, तो ओल्ड बस स्टैंड में मल्टी स्टोरी पार्किंग संभव होगी।

**उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

### मल्टी स्टोरी पार्किंग की है योजना

ओल्ड बस स्टैंड में नगर निगम ने मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाने की योजना है। इसके तहत बसों की पार्किंग के अलावा करीब 150 छोटे वाहन पार्क करने की सुविधा मिलेगी। साथ ही शॉपिंग मॉल का निर्माण भी होगा। पार्किंग निर्माण से शहर के लोगों को बाजार के नजदीक ही पार्किंग की सुविधा मिल सकेगी। शहर में पार्किंग सुविधा नहीं होने से लोगों को खासकर बाहर से आने वाले वाहन चालकों को पार्किंग की खासी दिक्कत झेलनी पड़ती है। पार्किंग बनने से दुकानदारों का कारोबार भी बढ़ेगा।

### मुख्य सड़कों पर अवैध पार्किंग

**पार्किंग** की सुविधा नहीं होने से शहर की मुख्य सड़कों के किनारे अवैध पार्किंग की जा रही है। माल रोड, राजगढ़ रोड, चंबाघाट रोड और बाइपास रोड में रोड साइड पार्किंग के कारण ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ रही है। अवैध पार्किंग से शहर में हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड को भी शहर से बाहर निकलने में लंबा समय लग रहा है।

### पार्किंग की कमी से लोग झेल रहे परेशानी

**सोलन** शहर में पार्किंग की सुविधा नहीं होने से जहां स्थानीय लोगों को खासी दिक्कतें पेश आ रही हैं। इससे पर्यटन को भी बढ़ावा नहीं मिल पा रहा है। शहर में पार्किंग निर्माण की योजनाएं तो बनी, लेकिन निर्माण के नाम पर आज तक एक ईंट नहीं जुड़ पाई। पार्किंग के अभाव में लोगों को सड़कों के किनारे ही वाहन पार्क करने को मजबूर होना पड़ रहा है। रोड साइड पार्किंग से शहर में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। हालात यह हैं कि सड़कों पर वाहन दौड़ते नहीं रेंगते नजर आते हैं। इससे जहां वाहन चालकों को दिक्कतें पेश आ रही हैं। वहीं, आमजन भी परेशान है। पुलिस अपने स्तर पर ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने में प्रयासरत है, लेकिन समस्या हल होने के बजाए बढ़ती जा रही है। सोलन सिटी में पिछले दो दशकों के दौरान वाहनों की संख्या में कई गुणा बढ़ोतरी हुई है पर पार्किंग निर्माण की दिशा में प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाया है। शहर में छोटे-बड़े वाहनों की संख्या उप-नगरों के वाहनों को मिलकर करीब 40 हजार हो चुकी है, लेकिन पार्किंग के नाम पर करीब 1500 वाहनों को पार्क करने की सुविधा है।

### बद्दी में 482 ग्राम अफीम समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** जिला बद्दी पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 482.890 ग्राम अफीम समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान सुधीर कुमार पुत्र विशेषवर गांव देहपुर्वा तहसील चचरापुर जिला हरदोई व विकास कुमार पुत्र सुरजपाल सागर निवासी गांव बिसारतगंज तहसील आंवला जिला बरेली उत्तर प्रदेश से हुई, जो कि बद्दी में रहते थे।

जानकारी के अनुसार पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि बरोटीवाला के झाड़माजरी बस स्टैंड के पास लाल रंग के मोटरसाइकल पर दो युवक नशा तस्करी का काम करते हैं और नशा बेचने जा रहे हैं, जिन्हें तुरंत रोकते हुए तलाशी ली, जिनके पास से 482.890 ग्राम अफीम बरामद हुई। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नाहन में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शहर में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां 31 वर्षीय युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

मंगलवार देर शाम हुई इस घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज नाहन भेज दिया। मृतक की पहचान सागर कुमार (31) पुत्र राधे श्याम, निवासी शिवपुरी रोड, अमरपुर मोहल्ला, नाहन के रूप में हुई है। मंगलवार देर शाम करीब पौने 8 बजे सागर कुमार ने अपने घर में ही फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही गुन्नूघाट पुलिस चौकी के प्रभारी सुरेश मेहता अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम रात करीब 9:30 बजे तक घटनास्थल पर मौजूद रही और मामले की जांच में जुटी रही। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों से पूछताछ की जा रही है, ताकि घटना के पीछे की संभावित वजहों का पता लगाया जा सके। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा, जिसके बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## सेंट्रल जेल में गाड़ियों की वॉशिंग बनी शहरवासियों की पसंद, हर माह एक लाख रुपए का कारोबार

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश प्रिजन डिपार्टमेंट की प्रिजनर्स रिहैब स्कीम प्रभावी साबित हो रही है। जेल विभाग कैदियों की नकारात्मक ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में मोड़कर समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन रहा है।

इसका बेहतरीन उदाहरण जिला सिरमौर मुख्यालय स्थित सेंट्रल जेल नाहन में देखने को मिल रहा है। जेल प्रशासन ने अच्छे आचरण वाले कैदियों को लघु उद्योग कार्यों में शामिल करने की पहल की है। सेंट्रल जेल परिसर में कुछ महीनों पहले शुरू हुई कार वॉशिंग सेवा ने एक लाख रुपए मासिक कारोबार का लक्ष्य हासिल कर लिया है। जेल परिसर में प्रतिदिन 40 से 70 गाड़ियां वॉशिंग के लिए पहुंच रही हैं। इस सकारात्मक पहल के शानदार परिणामों को देखते हुए, अब अच्छे आचरण वाले कैदियों को लांड्री, शेविंग कटिंग और गाड़ियों की डेंटिंग पेंटिंग का कार्य सौंपने की योजना बनाई गई है। इसके लिए बजट की कमी के बावजूद वेस्ट मटेरियल से कार्यशाला तैयार की जा रही है यदि सामाजिक संस्थाओं का सहयोग मिलता है, तो यह कार्यशाला जल्द ही पूरी हो सकती है, जिससे कैदी अपने परिवारों के लिए भी आर्थिक रूप से मददगार बन सकेंगे। नाहन में नाई की दुकानों पर कोरोना के बाद से शेविंग और कटिंग के लिए डेढ़ सौ रुपए तक वसूले जा रहे हैं, जबकि जेल परिसर में यह सुविधा मात्र 30 से 50 रुपए में उपलब्ध करवाई जाएगी। स्थानीय निवासियों ने जेल प्रशासन से अनुरोध किया कि यदि कार वॉशिंग के साथ-साथ शेविंग, कटिंग और लॉन्ड्री की सुविधा भी शुरू हो जाए, तो उनका समय और पैसा दोनों बच सकते हैं। यदि यह सुविधाएं जल्द शुरू होती हैं, तो इससे बेहतर आचरण वाले कैदियों को न केवल रोजगार मिलेगा, बल्कि शहरवासियों को भी सस्ती सेवाएं मिलेंगी। जेल प्रशासन इस योजना को जल्द लागू करने की दिशा में कार्य कर रहा है।

### हेयर कटिंग और शेविंग की सेवाएं भी शुरू होंगी



**सुपरिटेंडेंट** ऑफ जेल भानु प्रकाश शर्मा ने बताया कि कैदियों को स्किल आधारित कार्यों में व्यस्त करने से उनका मानसिक दबाव कम होता है और उन्हें जेल से छूटने के बाद समाज में सामान्य जीवन बिताने की दिशा और दशा मिलती है। उन्होंने कहा कि जल्द ही कार वॉशिंग के अलावा लॉन्ड्री प्रेस, हेयर कटिंग और शेविंग की सेवाएं भी शुरू की जाएंगी।

## कुमारहट्टी से गाड़ी चोरी का आरोपी राजपुरा से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जाबली निवासी हंस राज ने पुलिस थाना धर्मपुर में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि इनकी कुमारहटटी में कपड़े की दुकान है।

16 फरवरी को यह अपनी दुकान पर आए थे तथा इन्होंने अपनी गाड़ी स्विफ्ट को कुमारहटटी में फलाई ओवर के नीचे खड़ी की थी। शाम को समय करीब 7:30 बजे जब यह दुकान बंद करके उपरोक्त स्थान पर पहुंचा, तो वहां पर इनकी गाड़ी खड़ी नहीं थी, जिसकी तलाश इन्होंने अपने तौर पर भी की लेकिन कहीं पर भी इसकी जानकारी न मिल। इससे कोई नामालूम शख्स चोरी करके ले गया, जिस पर पुलिस थाना धर्मपुर में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस थाना धर्मपुर की पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय उच्चमार्ग पर लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर चोरी हुई गाड़ी की तलाश की गई तथा तलाश के दौरान चोरी हुई गाड़ी को पंजाब के राजपुरा क्षेत्र से बरामद कर पुलिस द्वारा कब्जे में लिया गया।

उक्त मामले में आरोपी सदीप सिंह पुत्र जरनैल सिंह निवासी गाव कलोली तहसील मोहाली जिला एसएएस नगर पंजाब उम्र 28 वर्ष को तकनीकी जांच के आधार पर राजपुरा पंजाब से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया जा रहा है। मामले में जांच जारी है।

## सीबीएसई परिपत्रों व मूल्यांकन रणनीतियों की जानकारी दी




**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में आकलन और मूल्यांकन प्रथाओं को मजबूत बनाने के लिए दो दिवसीय सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें पाइनग्रोव स्कूल सहित डीएवी कुमारहट्टी के साठ शिक्षकों ने वीना सिंह सीबीएसई के वरिष्ठ संसाधन, मास्टर ट्रेनर डॉ. सुरेश अग्रवाल द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय सत्र में भाग लिया। महत्वपूर्ण विषयों की एक विस्तृत शृंखला को प्रस्तुत करते हुए, कार्यशाला में प्रमुख सीबीएसई परिपत्रों और मूल्यांकन रणनीतियों की जानकारी दी गई, जिसमें प्रश्नों की टाइपोलॉजी, योग्यता-आधारित प्रश्न ब्लूम वर्गीकरण, मूल्यांकन का एलएएआर चक्र, पोर्टफोलियो निर्माण तथा मूल्यांकन, विषय संवर्धन गतिविधियां, गणित स्तर, कौशल विषय, अध्ययन योजना, स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा, कला-एकीकृत शिक्षा और स्थितिगत ग्रेडिंग प्रणाली आदि अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

रोचक वार्ताओं तथा व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से, प्रतिभागियों ने सीबीएसई के गतिशील मूल्यांकन ढांचे के प्रति अपने दृष्टिकोण को परिष्कृत करते हुए मूल्यवान व्यावहारिक विशेषज्ञता प्राप्त की। यह दो दिवसीय कार्यशाला सभी अध्यापकों के लिए एक समृद्ध अनुभव रहा।

## बद्दी-नालागढ़ फोरलेन निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, बद्दी**



बद्दी-नालागढ़ फोरलेन निर्माण कार्य में तेजी लाने को लेकर मंगलवार को एसडीएम नालागढ़ राज कुमार ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की।

राजकुमार ने नालागढ़ उपमंडल में भारतीय राष्ट्रीय प्राधिकरण के अधिकारियों और पंचायतीराज संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए लंबित कार्यों का जल्द से जल्द निपटारा करने के आदेश दिए। एसडीएम ने एनएचएआई के अधिकारियों को सड़क पर पड़े गड्ढों की मरम्मत करने और समय-समय पर सड़क पर पानी का छिड़काव करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जब तक फोरलेन का निर्माण कार्य पूरा नहीं होता है, तब तक मार्ग को ठीक किया जाए, जिससे लोगों को आवाजाही में समस्या न आए।

उन्होंने अवगत करवाया कि पिंजौर से नालागढ़ तक बनने वाले लगभग 31.195 किलोमीटर लंबे फोरलेन में बद्दी से नालागढ़ तक लगभग 17.6 किलोमीटर भूमि आती है। इस सड़क में 104 पुलिया, 16 छोटे और 5 बड़े पुल होंगे। फ्लाईओवर और पुल जैसी बड़ी संरचनाओं के निर्माण का काम विभिन्न चरणों में है। इस अवसर पर नगर परिषद नालागढ़ की अध्यक्ष वंदना बसंल, तहसीलदार नालागढ़ हुसन चंद, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी, बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ औद्योगिक संघ के वाईएस गुलेरिया और आरजी अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी व विभिन्न पंचायतीराज संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**आयोजन** जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति एवं सतर्कता समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

# एलपीजी सिलेंडरों के भार की जांच करना करें सुनिश्चित



**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी मनमोहन शर्मा ने कहा कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारी उचित मूल्य की दुकानों पर खाद्यानों की गुणवत्ता व भंडार तथा एलपीजी के सिलेंडरों के भार की समय-समय पर जांच करना सुनिश्चित करें।

डीसी जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति एवं जिला स्तरीय सतर्कता समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डीसी ने कहा कि सोलन में 340 उचित मूल्य की दुकाने हैं। उन्होंने कहा कि 340 उचित मूल्य की दुकानों में से 202 दुकानें सहकारी सभाओं, 130 व्यक्तिगत, 2 महिला मंडलों तथा 6 पंचायतों द्वारा संचालित की जा रही हैं। डीसी ने कहा कि सोलन में वर्तमान में 19 गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध करवाई जा रही है।

जिले में उपभोक्ताओं तक घरेलू गैस वितरित करने की जानकारी पूर्व में पहुंचनी चाहिए, ताकि सभी बिना किसी परेशानी के घरेलू गैस प्राप्त कर सकें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को रूट चार्ट के अनुसार रसोई गैस वितरण सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। डीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उचित मूल्य की दुकानों का समय-समय पर निरीक्षण करते रहें, ताकि उचित मूल्य पर बेहतर गुणवत्ता की खाद्य सामग्री बिल के साथ उपभोक्ताओं को उपलब्ध हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से उचित मूल्य की दुकानें के समय पर खुलने की समय सारिणी का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले श्रवण कुमार हिमालयन ने विभागीय कार्य प्रणाली एवं आवश्यक मुद्दों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### 'नक्शा' कार्यक्रम का पायलट आधार पर शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा एवं अतिरिक्त महासर्वेक्षक (उत्तर क्षेत्र) महेश चंद गौड़ ने संयुक्त रूप से ड्रोन के माध्यम से 'नक्शा' (नेशनल जीयोस्पेशियल नॉलीज बेस्ड लैंड सर्वे ऑफ अर्बन हैबिटेशन) कार्यक्रम का पायलट आधार पर शुभारंभ किया।

डीसी ने कहा कि 'नक्शा' कार्यक्रम पूर्ण होने पर भूस्वामियों को अपनी भूमि की पूरी जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि नक्शा कार्यक्रम से शहरी निकाय भूमि का रिकॉर्ड बना रहेगा, जिससे भूस्वामी की भूमि की सही पहचान हो सकेगी। नक्शा कार्यक्रम पूर्ण होने के उपरांत भविष्य में शहर में विकसित की जाने वाली विभिन्न योजनाएं जैसे जल निकासी, मल निकासी तथा अन्य भवन निर्माण कार्य में सुगमता मिलेगी। महेश चंद गौड़ा ने कहा कि नक्शा कार्यक्रम देश के 150 शहरों में आरंभ किया गया है।

उन्होंने कहा कि सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा आधुनिक तकनीक से सोलन नगर निगम क्षेत्र की मेपिंग करेगा। इस कार्य को पूरा करने में एक वर्ष का समय लगेगा। उन्होंने कहा कि 'नक्शा' कार्यक्रम शहरी क्षेत्र निकायों के भूमि संबंधित रिकॉर्ड के आधुनिकीकरण की दिशा में नवीनतम तकनीक के माध्यम से एक नई पहल है। नगर निगम सोलन की महापौर ऊषा शर्मा, नगर निगम सोलन की आयुक्त एकता कापटा, अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन, नगर निगम सोलन की संयुक्त आयुक्त बिमला आदि मौजूद रहे।



### धारा-118 के तहत संपत्ति लेने पर स्टांप ड्यूटी दोगुनी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश में धारा-118 के तहत जमीन लेने वालों को अब पहले से ज्यादा अपनी जेब ढीली करनी होगी। सरकार ने धारा-118 के तहत जमीन लेने पर ली जाने वाली स्टांप ड्यूटी को दोगुणा कर दिया है, यानी कि अब जमीन की लागत का कुल 12 फीसदी देना होगा। असल में सरकार के द्वारा ऐसा इसलिए भी किया गया है क्योंकि 25 मार्च 2023 से पहले सरकार को मिलने वाले स्टैंप रिवेन्यू को बचाते हुए पार्टनरशिप चेंज का फार्मूला इस्तेमाल कर रहे थे, जबकि नॉन एग्रीकल्चरिस्ट गैर हिमाचली को भी 118 एचपी टेनेंसी एंड लैंड रिफॉर्म एक्ट-1972 के तहत परमिशन लेना जरूरी होता है, मगर यह सब काम बिना परमिशन के ही पार्टनरशिप एक्सचेंज पर खेला जा रहा था। इस तरह के मामले कालाअंब औद्योगिक क्षेत्र में भी काफी है, जिसमें लॉर्ड कृष्णा इंडस्ट्रियल कंपनी तथा एस सत्यम ऑटोइंडस्ट्रज जैसे मामले भी प्रमुख हैं, जिन में स्पष्ट रूप से भी आदेश दिए गए हैं कि 118 की परमिशन लेना जरूरी है।

### पच्छाद में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तैयार कर रही होली के प्राकृतिक रंग



**अनंत ज्ञान, सराहां**

पच्छाद ब्लॉक में आरआईडीडी के अंतर्गत चलाए जा रहे एनआरएलएम मिशन के अंतर्गत आने वाले स्वयं सहायता समूहों से मिलकर बने ब्लॉक स्तर पर लक्ष्य संकुल स्तरीय संगठन की महिलाओं ने आत्मनिर्भर बनने और आजीविका को बढ़ाने के लिए पहल की है।

इसके तहत उन्होंने होली के रंगों का प्राकृतिक तरीके से उत्पादन किया है, जो कि शत प्रतिशत आर्गेनिक है। इन होली के रंगों को हिम ईरा की ऑनलाइन वेबसाइट पर बेचा जा रहा है। इससे जहां इस वर्ग को रोजगार मिलेगा। वहीं, पर्यावरण स्वच्छता का संदेश भी लोगों तक पहुंचेगा। एनआरएलएम के अंतर्गत महिलाओं द्वारा बनाए गए सभी लॉकल प्रोडक्टस को Himira.co.in, वेबसाइट पर ऑनलाइन बेचा जा रहा है। इन महिलाओं द्वारा बनाए गए होली के रंग भी Himira.co.in पर उपलब्ध हैं। पच्छाद में मिशन एग्जीक्यूटिव (नॉन-फॉर्म) पद पर कार्यरत मेघा गोयल ने बताया कि, उनके स्वयं सहायता समूह बनने से पहले महिलाएं बेरोजगार थी, जब से ये सभी महिलाएं एनआरएलएम के स्वयं सहायता समूहों में जुड़ी इन्हें अपनी योग्यता दिखाने का बहुत अच्छा प्लेट फार्म मिला।

वहीं, बीडीओ पच्छाद सुनील दत ने बताया कि इन महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे रंगों से जहां इनका उपयोग करने से किसी को कोई नुकसान नहीं होगा। इससे न केवल वातावरण शुद्ध रहेगा, बल्कि इन महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा में 15 मार्च से शुरू होगी सरसों की खरीद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस बार सरसों की फसल के मंडी में जल्द आगमन को देखते हुए 28 मार्च की बजाय 15 मार्च से ही सरकारी खरीद शुरू कर दी जाए। मुख्यमंत्री बुधवार को चंडीगढ़ में रबी विपणन मौसम 2025-26 के दौरान सरसों की खरीद करने को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सरसों की खरीद की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसान हितों को हमेशा सर्वोपरि रखती है और हमेशा किसानों की भलाई के कार्यों को तवज्जो देती है। हरियाणा ऐसा पहला प्रदेश है जहां सभी फसलों को एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर खरीदा जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरसों की खरीद के लिए 108 मंडियां निर्धारित की गई हैं। उन्होंने खरीद एजेंसियों, मंडी बोर्ड व संबंधित विभागों को सरसों की खरीद सुचारु रूप से करने के निर्देश दिए।

### फास्ट ट्रैक अदालतों में होगी गोवंश केसों की सुनवाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने गोवंश हत्या से जुड़े मामलों में आरोपियों को जल्द व सख्त सजा के प्रावधान को लागू करने के लिए प्रदेश में चार फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन को मंजूरी प्रदान की है। गृह विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2015 में हरियाणा गोवंश संरक्षण एवं गोसंवर्धन कानून बनाया गया था। प्रदेश में कई जिलों में लगातार गोवंश हत्या व तस्करी के मामले सामने आ रहे हैं। इससे जुड़े केसों की सुनवाई के लिए सरकार ने अब प्रदेश को चार हिस्सों में बांटकर फास्ट ट्रैक अदालतों की स्थापना की है। गृह सचिव सुमिता मिश्रा ने इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए नूंह, पलवल, अंबाला तथा हिसार जलों में फास्ट ट्रैक अदालतों का गठन किया है। अधिसूचना के अनुसार उक्त जिलों में नियमित अदालत चलाने वाले वरिष्ठतम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश और सिविल न्यायाधीश की अदालतों को उनके निर्दिष्ट क्षेत्राधिकार के भीतर विशेष अदालतों के रूप में नामित किया है। इस कानून के तहत तीन वर्ष से दस वर्ष तक की कैद, तीस हजार से एक लाख रुपए तक जुर्माना हो सकता है।

### निकाय चुनाव में प्रचार करेंगे दिग्गज नेता

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी ने निगम चुनाव में प्रचार के लिए केंद्रीय मंत्रियों से लेकर मुख्यमंत्री व प्रदेश के सभी मंत्रियों को फील्ड में उतार दिया है। पार्टी ने विधायकों की भी ड्यूटी चुनाव प्रचार में लगा दी है। भाजपा ने बुधवार को स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी। नायब सरकार के मंत्रियों पर अपने जिले में कमल खिलाने का दारोमदार भी रहेगा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की ओर से निकाय चुनावों में प्रचार के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। मुख्यमंत्री नायब सैनी थानेसर नगर परिषद (कुरुक्षेत्र) में चुनाव प्रचार करेंगे, जबकि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल करनाल नगर निगम में मेयर पद के प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करेंगे। प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश कार्यालय प्रभारी सुरेंद्र पूनिया की ओर से जारी की गई सूची के मुताबिक फरीदाबाद नगर निगम में केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर, विधायक मूलचंद शर्मा, धनेश अदलक्खा और सतीश फागना प्रचार करेंगे। हिसार नगर निगम में पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर गंगवा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, विधायक रणधीर पनिहार व सावित्री जिंदल भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करेंगी। वहीं, करनाल नगर निगम में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, विधायक जगमोहन आनंद, योगेंद्र राणा, राजकुमार कश्यप व भगवानदास कबीरपंथी, पानीपत में पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार के साथ शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, विधायक प्रमोद विज व मनमोहन भड़ाना और अर्चना गुप्ता पर लगातार कमल खिलाने का दारोमदार रहेगा।

### 76 खिलाड़ियों की नौकरी पर लटकी तलवार

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। हरियाणा में ग्रुप सी व डी में खेल कोटे से नौकरी लेने वाले 76 खिलाड़ियों की नौकरी पर तलवार लटक गई है। खेल विभाग ने जांच के दौरान इन खिलाड़ियों के ग्रेडेशन सर्टिफिकेट्स को संदेह के दायरे में पाया है। विभाग की ग्रेडेशन वैरिफिकेशन कमेटी ने अपनी जांच में पाया कि सर्टिफिकेट विभागीय पॉलिसी के नियमों के तहत जारी नहीं किए गए हैं, जिन खिलाड़ियों के ग्रेडेशन प्रमाण पत्रों में खामियां मिली हैं, उनमें सबसे अधिक 21 खिलाड़ी भिवानी जिले के हैं। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा खेल विभाग को पत्र लिखकर इन खिलाड़ियों के ग्रेडेशन सर्टिफिकेट की जांच के लिए कहा गया था, जिसके बाद 76 सर्टिफिकेट नियमों के अनुसार नहीं मिले हैं।

### जम्मू-कश्मीर में सीबीआई की 7 स्थानों पर रेड

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जम्मू-कश्मीर में श्रम एवं रोजगार विभाग के सचिव कुमार राजीव रंजन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच के सिलसिले में बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश में सात स्थानों पर छापेमारी की। रंजन ने कथित तौर पर बेहिसाब संपत्ति अर्जित की है, जिसका वह संतोषजनक हिसाब नहीं दे सके। जांच एजेंसी ने बंदूक लाइसेंस मामलों की जांच के दौरान रंजन की संपत्ति का विश्लेषण करने के बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। सूत्रों ने बताया कि श्रीनगर में सिविल सचिवालय में भी छापेमारी की गई, जहां उनका कार्यालय स्थित है।

### मणिपुर में 5 उग्रवादी और 1 समर्थक गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले दो दिनों में प्रतिबंधित तीन संगठनों के पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि एक प्रतिबंधित संगठन के एक समर्थक को भी गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां इंफाल पूर्व और पश्चिम, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों से की गई हैं। प्रतिबंधित संगठन 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए)' के सक्रिय सदस्य की पहचान वैखोम इबुंगो मेइती (26) के रूप में हुई है और उसे इंफाल पूर्व के हट्टा गोलापति इलाके से मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा, कि वह आम नागरिकों, सरकारी अधिकारियों और शैक्षणिक संस्थानों से कथित रूप से जबरन वसूली करने में संलिप्त था।

### जासूसी मामले में 3 और आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** देश की नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने कर्नाटक और केरल से 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। एनआईए को शक है कि ये तीनों आरोपी पाक आईएसआई से जुड़े विशाखापट्टनम जासूसी मामले में संलिप्त हैं। एनआईए ने स्थानीय पुलिस की मदद से यह कार्रवाई की है। वेथन लक्ष्मण टंडेल और अक्षय रवि नाइक को कर्नाटक के उत्तर कन्नडा जिले से गिरफ्तार किया है। वहीं, अभिलाष पीए को केरल के कोच्चि से गिरफ्तार किया गया। अब तक एनआईए ने इस मामले में इन लोगों को मिलाकर कुल 8 गिरफ्तारियां की हैं।

### हॉवर्ड लुटनिक को चुना अमेरिका का वित्त मंत्री

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने हॉवर्ड लुटनिक की वित्त मंत्री के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी। निवेश कंपनी 'कैंटर फिट्जगेराल्ड' में मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रह चुके लुटनिक की वित्त मंत्री के रूप में नियुक्ति के पक्ष में सीनेट में 45 के मुकाबले 51 वोट पड़े। लुटनिक ने इस पद पर अपनी नियुक्ति की प्रक्रिया के तहत पिछले महीने सदन में इस विचार को 'बकवास' करार दिया था कि कर के कारण मुद्रास्फीति बढ़ती है। 'वर्ल्ड ट्रेड सेंटर' पर 11 सितंबर 2001 को हुए हमले के दौरान लुटनिक 'कैंटर फिट्जगेराल्ड' के सीईओ थे और उस समय कंपनी के कार्यालयों पर भी हमला हुआ था।

# हरियाणा सरकार अवैध खनन करने वालों के खिलाफ लगातार कस रही शिकंजा

## संलिप्त लोगों के विरुद्ध जुर्माने के साथ-साथ की जा रही कानूनी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



फाइल फोटो

हरियाणा सरकार द्वारा अवैध खनन करने वालो के खिलाफ लगातार प्रशासन कड़ी कार्रवाई कर रहा है। अरावली क्षेत्र के महेंद्रगढ़ जिले में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए खनन विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से संभावित क्षेत्रों में निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। मुख्यालय के महानिदेशक द्वारा जारी आदेशों की अनुपालना करते हुए जिला प्रशासन ने अवैध खनन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध शिकंजा कसते हुए जुर्माना भी लगाया गया है।

खनन एवं भू-विज्ञान विभाग के प्रवक्ता ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान जिले के गांव मौसमपुर एवं बिहारीपुर की पंचायती एवं निजी जमीन से मिट्टी/बजरी का अवैध खनन करवाने वाले जमीन मालिकों एवं वाहन मालिको के खिलाफ 17 फरवरी को दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए। इसके अलावा 9 फरवरी को गांव सोहला की सीमा से अवैध खनन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इस संबंध में कल 18 फरवरी को अवैध खनन करने वाले व्यक्तियों से 1,49,826 रुपए की वसूली की गई है। इसके अतिरिक्त 14 फरवरी को पकड़े गए ट्रक मालिकों से भी 3,20,500 रुपए जुर्माने की राशि सरकारी खाते में जमा करवाई गई है।

उन्होंने बताया कि महानिदेशक के दिशा निर्देशों की पालना करते हुए जिले में अवैध खनन की रोकथाम हेतु जिले में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। जिला प्रशासन ने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि वे अवैध खनन ना करे एवं अवैध खनन करने वालों के जानकारी जिला प्रशासन को दें ताकि एनजीटी के आदेशों के अनुसार कार्रवाई की जा सके।

# बेदखल व्हीलचेयर क्रिकेटरों और स्पेशली एबल्ड निवासियों ने किया विरोध-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के सदस्यों और चेशायर होम के दूसरे स्पेशली-एबल्ड निवासियों द्वारा बुधवार को विरोध-प्रदर्शन कर इंसाफ मांगा गया। ये सभी लोग सेक्टर 21 के हाउस नंबर 341 में बने 'चेशायर होम' में रह रहे थे। चेशायर होम में रह रहे इन सभी को हाल ही में चंडीगढ़ प्रशासन के अधिकारियों द्वारा परिसर से बेदखल कर दिया गया था। 'चेशायर होम' के बाहर आयोजित विरोध प्रदर्शन में शारीरिक रूप से दिव्यांग प्रदर्शनकारियों के साथ एम्पॉवर एनजीओ के सदस्य भी शामिल हुए। बेदखल किए गए दिव्यांग लोग और व्हीलचेयर क्रिकेटर लंबे समय से सेक्टर 21 के घर में रह रहे थे।

विरोध-प्रदर्शन के दौरान दिव्यांगों को अचानक ही घर से बेदखल करने और उनके साथ कठोर व्यवहार पर समुदाय के आक्रोश को सभी के सामने रखा गया। एमपॉवर एनजीओ की संस्थापक शर्मिता भिंडर ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों को यूटी प्रशासन द्वारा चेशायर होम से बाहर निकालना एक जान-बूझकर उठाया गया कदम और सोची समझी साजिश थी, क्योंकि व्हीलचेयर क्रिकेट टीम इंडिया फाइनल के लिए ग्वालियर में थी। बिना किसी पूर्व सूचना के वे पुलिस बल के साथ पहुंचे और खिलाड़ियों का सामान बाहर फेंक दिया। चेशायर होम का बोर्ड तोड़ दिया गया था और निवासियों का सामान अंदर छोड़कर कमरों को सील कर दिया गया था।

भिंडर ने कहा कि प्रशासन ने विस्थापित व्हीलचेयर यूजर्स के आवास के लिए कोई प्रावधान नहीं किया, जिससे वे बिना किसी सहारे के पूरी तरह से सड़क पर आ गए हैं। मूक-बधिर और मानसिक रूप से दिव्यांग व्हीलचेयर यूजर पूजा को सेक्टर 15 में ले जाया गया, जबकि अन्य को गैर सरकारी संगठनों और कुछ अन्य मददगार लोगों द्वारा सहायता प्रदान की गई, और अंततः उन्हें शहर के भीतर ही आश्रय मिला।

चंडीगढ़ व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के कप्तान वीर सिंह संधू, जो अपनी टीम चंडीगढ़ को चौथा नेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट जीतने के बाद हाल ही में शहर लौटे हैं, ने अपनी परेशानी साझा की। उन्होंने कहा कि यह सब कुछ हमारी गैर-मौजूदगी में किया गया, जब हम टूर्नामेंट के लिए ग्वालियर में थे। हमारे सामने आने वाली शारीरिक चुनौतियों के बावजूद, हमने 'व्हीलचेयर क्रिकेट' के नेशनल टूर्नामेंट में शहर का नाम रोशन किया है।

# हरियाणा जल सुरक्षित राज्य के लक्ष्य को 2047 से पहले पूरा करेगा : गंगवा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

प्रदेश के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश जल सुरक्षित राज्य के लक्ष्य को 2047 से पहले पूरा करेगा। इसके लिए हरियाणा में रेनीवेल, जल जीवन मिशन, अमृत योजना के अलावा नहर आधारित पेयजल परियोजनाओं का विस्तार किया जा रहा है। मंत्री ने हरियाणा को जल सुरक्षित राज्य बनाने हेतु विभिन्न परियोजनाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए विशेष पैकेज दिए जाने की मांग की। गंगवा बुधवार को 'जल सुरक्षित राष्ट्र' विषय पर उदयपुर (राजस्थान) में आयोजित कार्यक्रम शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि दो दिवसीय सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में 2047 तक जल सुरक्षित राष्ट्र के लिए अनेक सुझाव और योजनाओं की जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम जल संरक्षण के मामलों में विकसित भारत की यात्रा में अहम भूमिका अदा करेगा। रणबीर गंगवा ने प्रदेश में जल संसाधनों के समुचित इस्तेमाल और योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हरियाणा में नहर आधारित योजनाओं को और सुदृढ़ किया जा रहा है, जिन क्षेत्रों में जल घरों में पानी की कमी है उनको नहरों के ऊपरी छोर पर स्थानांतरित करना प्रक्रिया में है। यह बहुत बड़ा कार्य है, जिसके लिए भारी निवेश की आवश्यकता है।

मंत्री ने कहा कि हम इन परियोजनाओं के लिए नाबार्ड की क्षमता का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से हरियाणा को जल सुरक्षित राज्य बनाने के लिए विशेष पैकेज दिए जाने की मांग की। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने यमुना नदी से रैनीवैल परियोजना के माध्यम से 216 गांवों को स्थायी आधार पर पीने का पानी उपलब्ध करवाया है।

# महाकुंभ के दौरान व्यवहारिक बदलाव को प्रेरित करने के लिए कलाकारों ने कोका-कोला से मिलाया हाथ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



महाकुंभ 2025 में इलस्ट्रेटेड कॉमिक्स ने जिम्मेदारी के साथ कचरा पृथक्करण (वेस्ट सेग्रिगेशन) व रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने वाले एक डायनामिक टूल के रूप में पहचान बनाई है। साथ ही ये सफाई कर्मियों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को भी उजागर कर रहे हैं।

मुंबई स्थित कम्युनिटी एवं मीडिया प्लेटफॉर्म गायसी फैमिली द्वारा कोका-कोला इंडिया व इसके फाउंडेशन आनंदन के साथ मिलकर मैदान साफ अभियान के अंतर्गत क्यूरेट की गई इस पहल के तहत कई प्रमुख कलाकारों को एक साथ लाया गया है। इनमें अरवानी आर्ट प्रोजेक्ट और प्रियंकार गुप्ता जैसे नाम शामिल हैं, जो सार्वजनिक स्थानों पर आकर्षक कॉमिक पैनल बनाकर रोचक संवाद स्थापित कर रहे हैं।

कहानियों एवं कला के माध्यम से ये कॉमिक्स कचरा पृथक्करण के महत्व और प्रभावी तरीके से कचरा प्रबंधन में हर किसी की महत्वपूर्ण भूमिका को सामने लाती हैं। विविध पात्र एवं सेटिंग्स इसके पैनल्स का हिस्सा हैं, जो दिखाते हैं कि कैसे कचरा पृथक्करण जैसा साधारण-सा काम रीसाइक्लिंग में मददगार हो सकता है, विशेषकर प्लास्टिक कूड़ा-कचरा के मामले में।

गायसी फैमिली की क्रिएटिव डायरेक्टर प्रिया डाली ने कहा कि इस पहल के पीछे विचार था कि देश के विभिन्न हिस्सों के कलाकारों को साथ लाते हुए इस आयोजन को परिवर्तन के अवसर में बदला जाए। अरवानी आर्ट प्रोजेक्ट के सहयोगी और फ्रीलांस कलाकार घना ने कहा कि व्यवहार में बदलाव के लिए होने वाले संवाद का प्रभाव इस पर निर्भर करता है कि जटिल विचारों को कितना सुगम बनाया गया है। चेंजिंग स्टॉल पर लोगों को कचरा पृथक्करण के बारे में दिखाने से बड़ा प्रभाव पड़ सकता है।

## देश-विदेश

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बस पर हमला, सात को मौत के घाट उतारा

**एजेंसी, इस्लामाबाद**



**पाकिस्तान** के बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने लाहौर जा रही एक बस में सात यात्रियों की हत्या कर दी। यह हमला दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान के बरखान जिले में हुआ।

अफगानिस्तान और ईरान की सीमा से लगा प्रांत अलगाववादी विद्रोहियों के खिलाफ पाकिस्तान की दशकों पुरानी लड़ाई में एक महत्वपूर्ण युद्धक्षेत्र है। डिप्टी कमिश्नर वकार खुर्शीद आलम ने बताया कि लगभग 40 हथियारबंद लोगों के समूह ने कई बसों और वाहनों को रोका, सात यात्रियों को बस से बाहर निकालने और उन्हें गोली मारने से पहले राष्ट्रीय पहचान पत्रों की जांच की। सभी सात पीड़ित मध्य पंजाब प्रांत से थे। क्षेत्र के सहायक आयुक्त खादिम हुसैन ने कहा कि हत्याएं बरखान को पंजाब के दक्षिणी शहर डेरा गाजा खान से जोड़ने वाले राजमार्ग पर हुई है। किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है और हत्याओं के पीछे का मकसद स्पष्ट नहीं है।

### जापान के पूर्व पीएम किशिदा का हमलावर दोषी करार

**तोक्यो।** जापान की एक अदालत ने 2023 में एक चुनाव प्रचार अभियान के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा पर देसी पाइप बम फेंकने के आरोपी को बुधवार को दोषी करार दिया और उसे 10 साल जेल की सजा सुनाई गई। रयुजी किमुरा (25) पर 15 अप्रैल, 2023 को पश्चिमी शहर वाकायामा में किशिदा पर हमले के लिए हत्या के प्रयास का आरोप था। इसके अलावा उस पर विस्फोटकों और अन्य हथियारों से संबंधित कानूनों के उल्लंघन सहित चार अन्य आरोप भी लगाए गए थे। हालांकि, अदालत ने यह नहीं बताया कि उसे किन पांच आरोपों में दोषी पाया गया है। फरवरी की शुरुआत में मुकदमे की शुरुआत मं किमुरा ने हत्या के प्रयास के आरोप से इनकार किया था।

# बाढ़, भू-स्खलन और चक्रवात प्रभावित 5 राज्यों के लिए 1554.99 करोड़ मंजूर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली एक समिति ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के तहत वर्ष 2024 में बाढ़, भू-स्खलन और चक्रवाती तूफानों से प्रभावित पांच राज्यों को 1554.99 करोड़ रुपए की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता राशि मुहैया कराने को मंजूरी दी है। 1554.99 करोड़ रुपए में से आंध्र प्रदेश को 608.08 करोड़, नगालैंड को 170.99 करोड़, ओडिशा को 255.24 करोड़, तेलंगाना को 231.75 करोड़ और त्रिपुरा को 288.93 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

### आपदा प्रभावितों की मदद को चट्टान की तरह खड़ी सरकार : शाह



**गृह** मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर कहा कि मोदी सरकार आपदा प्रभावित लोगों के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। आज गृह मंत्रालय ने एनडीआर कोष के तहत आंध्र प्रदेश, नगालैंड, ओडिशा, तेलंगाना और त्रिपुरा को 1554.99 करोड़ रुपए की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता राशि को मंजूरी दी। सभी राज्यों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआर कोष) के तहत पहले ही 18,322.80 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं, जिसके बाद पांच राज्यों को यह अतिरिक्त सहायता राशि प्रदान की गई है। यह अतिरिक्त सहायता उन निधियों के अतिरिक्त है, जो केंद्र सरकार पहले ही राज्यों को उनके एसडीआर कोष के तहत जारी कर चुकी है।

# भारत-यूएई द्विपक्षीय व्यापार दोगुना 2 साल में 83.7 बिलियन डॉलर पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**वाणिज्य** एवं उद्योग मंत्रालय ने 18 फरवरी 2022 को भारत-संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के तीन सफल वर्ष पूरे होने की जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2020-21 के 43.3 बिलियन डॉलर से लगभग दोगुना होकर 2023-24 में 83.7 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया।

चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-दिसंबर की 9 महीने की अवधि के दौरान द्विपक्षीय व्यापार पहले ही 71.8 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। उत्पाद स्तर पर, स्मार्टफोन निर्यात की एक प्रमुख वस्तु के रूप में उभरे हैं, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान यूएई के लिए 2.57 बिलियन डॉलर मूल्य के शिपमेंट भेजे गए हैं।

# अडानी मामले में अमेरिका ने भारत से मदद मांगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**गौतम अडानी और सागर अडानी को नोटिस देने की कोशिश, कानून मंत्रालय से किया संपर्क**

**गौतम** अडानी के खिलाफ धोखाधड़ी और रिश्वत से जुड़े मामले में अमेरिका ने भारत सरकार से मदद मांगी है।

अमेरिका के सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) ने न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में बताया कि रिश्वतखोरी मामले में गौतम अडानी और सागर अडानी को नोटिस देने के लिए कोशिश की जा रही है। एसईसी ने कोर्ट में बताया कि उद्योगपति गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर अडानी भारत में मौजूद हैं। उन्हें नोटिस देने के लिए भारतीय अधिकारियों से मदद मांगी है।

इसके लिए भारत के कानून मंत्रालय से संपर्क किया जा रहा है। दरअसल, बिजनेसमैन गौतम अडानी समेत 8 लोगों पर आरोप है कि उन्होंने भारत में रिन्युएबल एनर्जी प्रोजेक्ट को धोखाधड़ी से हासिल किया। ये प्रोजेक्ट पाने के लिए उन्होंने 2 हजार करोड़ रुपए रिश्वत देने का प्लान बनाया था। इस मामले में 24 अक्तूबर 2024 को न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में केस दर्ज हुआ था।

### राष्ट्रपति ट्रंप का भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग पर सवाल

# बोले- भारत के पास कर से आता बहुत पैसा हम उनको क्यों दे रहे हैं 2.1 करोड़ डॉलर

**न्यूयॉर्क/फ्लोरिडा**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'भारत में चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने' के लिए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आवंटन के मकसद पर सवाल उठाया है। ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्पष्ट कर दिया है कि भारत को वाशिंगटन के जवाबी शुल्कों से छूट नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में सबसे अधिक कर लगाने वाले देशों में से एक है। हम भारत को 2.1 करोड़ डॉलर क्यों दे रहे हैं।

उन्होंने यह टिप्पणी एलन मस्क के नेतृत्व वाले डीओजीई (सरकारी कार्यदक्षता विभाग) द्वारा यह खुलासा किए जाने के बाद की कि 'यूएसएड' ने भारत में मतदान में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग को 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया है। निजी अमेरिकी वांतरिक्ष और अंतरिक्ष परिवहन सेवा कंपनी स्पेस एक्सप्लोरेशन टेक्नोलॉजीज कॉरपोरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मस्क के नेतृत्व में 16 फरवरी को सरकारी कार्यदक्षता विभाग ने उन सभी मदों की सूची बनाई जिन पर अमेरिकी करदाताओं के पैसे खर्च किए जाएंगे। इस सूची में भारत में मतदान के दौरान मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर का अनुदान भी शामिल था। सरकारी कार्यदक्षता विभाग ने बताया कि इन सभी मदों को रद्द कर दिया गया है। इस सूची में बांग्लादेश में राजनीतिक परिदृश्य को मजबूत करने के लिए 2.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर का आवंटन, नेपाल में राजकोषीय संघवाद के लिए दो करोड़ अमेरिकी डॉलर और जैव विविधता संरक्षण के लिए 1.9 करोड़ डॉलर का आवंटन भी शामिल है, जिन्हें रद्द कर दिया है।

# सेंसेक्स 28 और निफ्टी में 12 अंक की गिरावट

**एजेंसी, मुंबई**




**शेयर** बाजार में बुधवार को फ्लैट कारोबार रहा। सेंसेक्स 28 अंक की गिरावट के साथ 75,939 के स्तर पर बंद हुआ।

निफ्टी में भी 12 अंक की गिरावट रही, ये 22,932 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 1,071 चढ़कर 45,455 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में गिरावट और 13 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 25 में गिरावट और 25 में तेजी रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स के आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.30 फीसदी की गिरावट रही। एशियाई बाजार में कोरिया के कोस्पी में 1.70 फीसदी की तेजी रही। हांगकांग के हैंगसेंग में 0.14 फीसदी की गिरावट और चीन के शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स में 0.81 फीसदी की तेजी रही।

### चुनाव नतीजों के लिए महासचिव, प्रभारी होंगे जवाबदेह: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी के भीतर जवाबदेही की जरूरत पर जोर देते हुए बुधवार को कहा कि सभी महासचिव तथा प्रभारी अपने प्रभार वाले राज्यों में संगठन एवं चुनाव परिणामों के लिए जवाबदेह होंगे। उन्होंने कांग्रेस के नए मुख्यालय में पार्टी महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों की बैठक में नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति का उल्लेख करते हुए यह भी कहा कि चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर करने से स्पष्ट है कि सरकार को उनकी निष्पक्षता पर भी भरोसा नहीं है। उन्होंने मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ी को लेकर कहा कि इस चुनौती से निपटना होगा।

# हमास युद्ध विराम समझौते के अगले चरण को लागू करने को तैयार

**एजेंसी, गाजा**

**हमास** ने गाजा युद्ध विराम समझौते के दूसरे और तीसरे चरण को लागू करने की अपनी इच्छा जाहिर की। फिलिस्तीनी ग्रुप ने गाजा छोड़ने की इसराइली मांग भी नकार दी।

हमास के प्रवक्ता हजम कासिम ने कहा कि समूह मध्यस्थ के अनुरोध पर रिहा किए जाने वाले इसराइली बंधकों की संख्या को दोगुना करने पर सहमत है, जो समझौते के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कासिम ने हमास को गाजा छोड़ने की इसराइली मांगों को खारिज करते हुए इसे 'मनोवैज्ञानिक युद्ध' का हिस्सा बताया। हमास इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की इस मांग को स्वीकार नहीं करेगा कि समूह निरस्त्र हो जाए और उसके नेताओं को गाजा से निकाल दिया जाए। इससे पहले इसराइल के सार्वजनिक प्रसारक ने बताया कि नेतन्याहू ने युद्ध विराम समझौते के दूसरे चरण के लिए बातचीत शुरू करने का आधिकारिक तौर पर फैसला किया और अपने फैसले के बारे में सुरक्षा कैबिनेट को सूचित किया। इससे पहले शनिवार को हमास और इजरायल ने बंधकों के बदले कैदियों की छठी अदला-बदली पूरी की।

इस अदला-बदली में हमास ने गाजा में बंधक बनाए गए तीन और इजरायली बंधकों को रिहा किया, जबकि इसराइली अधिकारियों ने 369 फिलिस्तीनी कैदियों और बंदियों को रिहा किया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### एसी मिलान चैंपियंस लीग से बाहर, बायर्न म्यूनिख जीता

**मिलान।** एसी मिलान फेयेनूर्ड के खिलाफ प्ले ऑफ मुकाबले के दूसरे चरण में 1-1 से ड्रॉ खेलकर चैंपियंस लीग से बाहर हो गया। नीदरलैंड की टीम फेयेनूर्ड ने कुल स्कोर के आधार पर 2-1 से जीत दर्ज करके अंतिम 16 में जगह बनाई। बायर्न म्यूनिख, क्लब ब्रूग और बेनफिका ने भी क्रमशः सेल्टिक, यूरोपा लीग विजेता अटलांटा और फ्रांस की टीम मोनाको के खिलाफ अपने प्ले ऑफ मुकाबले जीकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। फेयेनूर्ड ने मिलान के खिलाफ पिछले हफ्ते प्ले ऑफ का पहला चरण 1-0 से जीता था। दूसरे चरण में मिलान ने पहले ही मिनट में सेंटियागो गिमेनेज के गोल की मदद से बढ़त बना रखी थी, लेकिन इसके बाद 51वें मिनट में फाउल करने पर थियो हर्नांडेज को दूसरा पीला कार्ड दिखाकर मैच से बाहर कर दिया। मैच के 73वें मिनट में ह्यूगो बुएनो के क्रॉस पर जूलियन केरेंजा ने गोल करके फेयेनूर्ड को बराबरी दिलाई जो नीदरलैंड की टीम को अगले चरण में जगह दिलाने के लिए काफी था। बायर्न ने प्ले ऑफ के दूसरे चरण में अल्फांसो डेविस के गोल से सेल्टिक को 1-1 से बराबरी पर रोका और दो चरण में कुल 3-2 की जीत के साथ अंतिम 16 में प्रवेश किया। क्लब ब्रूग ने बेरगामो में दूसरे चरण में 3-1 की जीत की बदौलत कुल 5-2 से जीत दर्ज करते हुए अटलांटा को प्रतियोगिता से बाहर किया। बेनफिका ने लिस्बन में मोनाको को 3-3 से बराबरी पर रोका और कुल 4-3 से जीत दर्ज की। अंतिम 16 का ड्रॉ शुक्रवार को होगा।

### प्रियांक पांचाल के शतक से गुजरात का केरल को ठोस जवाब

**अहमदाबाद।** अनुभवी बल्लेबाज प्रियांक पांचाल की नाबाद 117 रन की पारी से पूर्व चैंपियन गुजरात ने बुधवार को यहां केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन पहली पारी में एक विकेट पर 222 रन बनाकर मेहमान टीम को ठोस जवाब दिया। मैच में दो दिन का खेल बाकी है और गुजरात की टीम अब सिर्फ 235 रन से पीछे है जबकि उसके नौ विकेट शेष हैं। गुजरात के बल्लेबाजों ने मोटेरा की सपाट पिच पर जज्बा और इरादे दिखाए जहां ऐसा लग रहा था कि बेहद धीमी बल्लेबाजी करने वाले केरल ने 100 रन कम बनाए हैं। केरल की टीम सुबह सात विकेट पर 418 रन से आगे खेलने उतरी तथा उसने 39 रन और जोड़कर अपने बाकी तीन विकेट भी गंवा दिया जिससे पूरी टीम 457 रन पर आउट हो गई। मोहम्मद अजहरुद्दीन 341 गेंद पर 177 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने एक छोर संभाले रखा जबकि दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे। कप्तान चिंतन गाजा (75 रन पर दो विकेट) ने आदित्य सरवटे (11) को बोल्ड करके गुजरात को दिन की पहली सफलता दिलाई। गाजा के 59वें मैच में उनका 200वां प्रथम श्रेणी शिकार बनने से पहले सरवटे अपने कल के स्कोर में सिर्फ एक रन और जोड़ पाए।

### चैम्पियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट हमेशा से ही पसंद था: विराट कोहली

**दुबई।** भारतीय सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली को चैंपियंस ट्रॉफी का प्रारूप हमेशा से ही पसंद था, चूंकि इसमें आठ प्रतियोगी टीमों को पहले मैच से ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है । चैंपियंस ट्रॉफी 2017 के बाद पहली बार हो रही है जब फाइनल में पाकिस्तान ने भारत को हराया था। भारतीय टीम बृहस्पतिवार को बांग्लादेश के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा,''यह टूर्नामेंट लंबे समय बाद हो रहा है। मुझे हमेशा से यह टूर्नामेंट पसंद था । यह निरंतरता का परिचायक है क्योंकि आपको क्वालीफाई करने के लिए शीर्ष आठ में रहना होता है। प्रतिस्पर्धा का स्तर भी बहुत अच्छा है।'' कोहली 2009, 2013 ( जब भारत चैम्पियन बना था) और 2017 में यह टूर्नामेंट खेल चुके हैं । उन्होंने कहा ,''वनडे प्रारूप में इसका दबाव टी20 विश्व कप जैसा होता है ।

### खूबसूरती का दूसरा नाम कायनात

**पाकिस्तान।** कायनात इम्तियाज भारतीय महिला क्रिकेट टीम की दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी की बहुत बड़ी फैन हैं। वह झूलन से 2005 में मिलीं और तेज गेंदबाजी करने का फैसला किया। उस समय कायनात की उम्र सिर्फ 13-14 साल थी। वह कई भारतीय खिलाड़ियों को इंस्टाग्राम पर फॉलो करती हैं।



### मुंबई के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता मिलिंद रेगे का निधन

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता मिलिंद रेगे का बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 76 साल के थे। पिछले रविवार को रेगे को ब्रीच कैंडी अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया था और बुधवार सुबह करीब छह बजे उनका निधन हो गया। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। ऑलराउंडर के रूप में खेलने वाले रेगे को 26 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ा था,



लेकिन वह क्रिकेट के मैदान पर वापस लौटे और रणजी ट्रॉफी में मुंबई की कप्तानी भी की। उन्होंने 1966-67 और 1977-78 के बीच 52 प्रथम श्रेणी मैच खेले और अपनी ऑफ स्पिन गेंदबाजी गेंदबाजी से 126 विकेट लिए। उन्होंने बल्ले से भी योगदान दिया और 23.56 के औसत से 1,532 रन बनाए। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अपने करियर के शुरुआती दिनों में रेगे के योगदान को याद किया। तेंदुलकर ने 'एक्स' पर श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, ''मिलिंद रेगे सर के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ। वह मुंबई के एक सच्चे क्रिकेटर थे जिन्होंने शहर के क्रिकेट में बहुत योगदान दिया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी उनके निधन पर शोक जताया।

**चैंपियंस ट्रॉफी : पहला वनडे** लैथम, विल के शतकों से न्यूजीलैंड का पाकिस्तान के खिलाफ मजबूत स्कोर

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को दिया 321 रन का लक्ष्य




**एजेंसी, कराची**

सलामी बल्लेबाज विल यंग और कप्तान टॉम लैथम के शतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने मेजबान और गत चैंपियन पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में बुधवार को पांच विकेट पर 320 रन बनाए। यंग ने 113 गेंद में 107 रन बनाए, जबकि लैथम 118 रन पर नाबाद रहे । ग्लेन फिलिप्स ने नेशनल स्टेडियम पर खेले जा रहे मैच में 39 गेंद में 61 रन बनाए।

यंग ने अपनी पारी में 12 चौके और एक छक्का लगाया जबकि लैथम ने 10 चौके और तीन छक्के जड़े। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और न्यूजीलैंड ने 17वें ओवर में 73 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। युवा तेज गेंदबाज नसीम शाह ने केन विलियमसन का कीमती विकेट लिया जो पिछली 35 वनडे पारियों में पहली बार दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके । उन्होंने विकेट के पीछे मोहम्मद रिजवान को कैच थमाया।

चोट के बाद वापसी कर रहे हारिस रऊफ ने डेरिल मिचेल को पवेलियन भेजा जो खराब पूल शॉट खेलकर शाहीन शाह अफरीदी को कैच दे बैठे। स्पिनरों की




मददगार लग रही पिच पर सलामी बल्लेबाज डेवोन कोंवे सबसे पहले आउट हुए। अबरार अहमद ने आठवें ओवर में कैरम बॉल पर उन्हें रवाना किया। रचिन रविंद्र के चोटिल होने के कारण टीम में जगह बनाने वाले विल यंग ने पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाते हुए चौथे विकेट के लिए लैथम के साथ 118 रन की साझेदारी की। एक विशेषज्ञ स्पिनर और तीन तेज गेंदबाजों के अलावा दो अनियमित स्पिनरों खुशदिल शाह और सलमान आगा के साथ उतरी पाकिस्तानी टीम इस साझेदारी को जल्दी तोड़ नहीं पाई। यंग ने वनडे क्रिकेट में अपना चौथा शतक पूरा किया । उनके आउट होने के बाद लैथम और फिलिप्स ने आखिरी दस ओवरों में पाकिस्तानी गेंदबाजी की बखिया उधेड़ दी। लैथम ने आठवां वनडे शतक पूरा किया।

फिलिप्स ने अबरार और हारिस के 44वें और 45वें ओवर में 32 रन निकाले। वहीं शाहीन शाह अफरीदी ने 47वें ओवर में 18 रन दिए। फिलिप्स आखिरी ओवर में हारिस को रिवर्स स्कूप शॉट खेलने के चक्कर में आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में चार छक्के और तीन चौके लगाए। हारिस सबसे महंगे साबित हुए जिन्होंने दस ओवर में 83 रन देकर दो विकेट लिए। इससे पहले पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने टूर्नामेंट की शुरूआत की। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी और आईसीसी अधिकारियों ने दोनों टीमों से उन्हें मिलवाया। पाकिस्तान में 1996 के बाद पहली बार हो रहे आईसीसी टूर्नामेंट के पहले मैच में दीर्घाएं खाली दिख रही थी लेकिन मौसम सुधरते ही दर्शक स्टेडियम में आने लगे।

वहीं, पाकिस्तान की टीम 320 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी, लेकिन शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर बल्लेबाज सऊद शकील विलियम ओ रुर्के की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में बाउंड्री पर कैच आउट हो गए। उसके बाद कप्तान रिजवान 14 गेंदों पर तीन रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, बाद में बाबर आजम और फखर जमां ने पाकिस्तान की लड़खड़ाती पारी को संभाला, लेकिन फखर जमां भी (24) रन पर आउट हो गए। समाचार लिखे जाने तक 21 ओवर में पाकिस्तान के 3 विकेट पर 69 रन थे।

## बाबर आजम को पछाड़ गिल बने आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में नंबर-1 बल्लेबाज

**एजेंसी, दुबई**




भारत के उप कप्तान शुभमन गिल हाल ही में संपन्न घरेलू सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ दमदार प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एकदिवसीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में पाकिस्तान के बाबर आजम को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गए। आईसीसी ने कराची में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले के साथ आठ टीम की चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत से ठीक पहले नवीनतम रैंकिंग जारी की।


आईसीसी ने कहा, ''भारत के दाएं हाथ के बल्लेबाज शुभमन गिल पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को पछाड़कर दुनिया के शीर्ष रैंकिंग वाले एकदिवसीय बल्लेबाज बन गए हैं।'' गिल ने घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय सीरीज में दो अर्द्धशतक और एक शतक बनाया था जिससे भारत ने सीरीज 3-0 से अपने नाम की। यह सलामी बल्लेबाज एक स्थान के फायदे से नंबर एक पर काबिज हो गया है। गिल के 796 रेटिंग अंक हैं, जबकि बाबर के 773 अंक हैं।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 761 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है जबकि दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन और न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल क्रमश: चौथे और पांचवें पायदान पर हैं। आईसीसी ने कहा, ''चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत से ठीक पहले रैंकिंग में शीर्ष पर यह एक बड़ा बदलाव है और अब यह देखना दिलचस्प होगा कि पाकिस्तान तथा दुबई में आठ टीम के टूर्नामेंट के दौरान आने वाले हफ्तों में क्या होगा।''

## राठौड़ के नाबाद 59 रन से मुंबई के खिलाफ विदर्भ को 260 रन की बढ़त

**एजेंसी, नागपुर**

यश राठौड़ और अक्षय वाडकर के बीच नाबाद 91 रन की साझेदारी की मदद से विदर्भ ने मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन बुधवार को 260 रन की बढत बना ली। विदर्भ ने मुंबई को 270 रन पर आउट करके पहली पारी में 113 रन की बढत ली थी। दूसरी पारी में उसके चार विकेट 56 रन पर गिर गए लेकिन इसके बाद राठौड़ (59) और वाडकर (31) ने पारी को संभाला और स्कोर चार विकेट पर 147 रन तक ले गए।



तीसरे दिन के आखिर में दोनों बल्लेबाज क्रीज पर थे लेकिन शम्स मुलानी के शानदार फॉर्म को देखते हुए उनकी राह आसान नहीं लग रही। मुंबई के हरफनमौला शार्दुल ठाकुर ने दूसरे ही ओवर में अथर्व तायडे (0) को आउट करके पहली सफलता दिलाई । एसेक्स के लिए काउंटी चैम्पियनशिप खेलने जा रहे ठाकुर ने तायडे को पगबाधा आउट किया।

दानिश मालेवार (29) अच्छे फार्म में दिखे और पांच चौके भी लगाए, लेकिन मुलानी ने अपनी ही गेंद पर उनका कैच लपककर विदर्भ को एक और झटका दिया। इस समय विदर्भ का स्कोर दो विकेट पर 40 रन था। शानदार फॉर्म में चल रहे करूण नायर (छह) और सलामी बल्लेबाज ध्रुव शोरे (13) क्रीज पर थे लेकिन तनुष कोटियां ने शोरे को अपनी आफ ब्रेक गेंद पर पगबाधा आउट किया। नायर से काफी उम्मीदें थीं] लेकिन वह मुलानी का शिकार हुए और विदर्भ का स्कोर चार विकेट पर 56 रन हो गया। इसके बाद वाडकर और राठौड़ ने पारी को संभाला। इससे पहले आकाश आनंद ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दूसरा शतक पूरा किया और कोटियान (33) के साथ 69 रन की साझेदारी करके मुंबई को संकट से निकाला । मुंबई ने सात विकेट 188 रन पर गंवा दि, थे। आनंद ने 67 रन पर खेलना शुरू किया था। उन्होंने 256 गेंद पर 106

## दुबई चैंपियनशिप में मुकोवा के खिलाफ हारी राडुकानु




**एजेंसी, दुबई।** ब्रिटेन की ऐमा राडुकानु को दुबई टेनिस चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में कैरोलिन मुकोवा के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। राडुकानु ने दूसरे सेट में 0-4 से पिछड़ने के बाद सेट को टाईब्रेकर में खींचा, लेकिन मुकोवा को 6-7, 4-6 से जीत दर्ज करने से नहीं रोक पाईं।

अमेरिकी ओपन 2021 चैंपियन राडुकानु मंगलवार को दूसरे गेम के बाद अंपायर की कुर्सी के पास जाते समय रोती हुई दिखाई दीं और कोर्ट दो पर उनके मुकाबले को कुछ समय के लिए रोक दिया गया। अंपायर ने तुरंत टूर्नामेंट के आयोजकों को बुलाया, जबकि मुकोवा ने भी उन्हें सांत्वना दी। इसके बाद राडुकानु ने एक तौलिया उठाया, अपना चेहरा पोंछा, सिर हिलाया और मैच जारी रखा। महिला टूर के आयोजकों ने बाद में एक बयान जारी कर कहा कि राडुकानु से सोमवार को एक व्यक्ति ने संपर्क किया था जिसने सार्वजनिक स्थान पर 'अड़ियल व्यवहार किया' और मंगलवार को मैच के दौरान पहली कुछ पंक्तियों में इसी व्यक्ति की पहचान की गई और बाद में उसे बाहर निकाल दिया गया। खतरे के आकलन तक उसे सभी डब्ल्यूटीए प्रतियोगिताओं से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। मुकोवा अगले दौर में दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी मैकार्टनी कैसलर से भिड़ेंगी जिन्होंने उलटफेर करते हुए अमेरिकी ओपन 2023 चैंपियन कोको गॉफ को 6-4, 7-5 से हराया। इससे पहले दूसरी वरीय इगा स्वियातेक ने विक्टोरिया अजारेंका को 6-0, 6-2 से हराया और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनकी भिड़ंत गत चैंपियन जैस्मिन पाओलिनी से होगी। एलेना रिबाकिना, जेसिका पेगुला और पाउला बेडोसा ने भी अगले दौर में जगह बनाई।

## नोवाक जोकोविच दोहा में बेरेटिनी से हारे

**एजेंसी, दोहा**

नोवाक जोकोविच मंगलवार को यहां कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में मातियो बेरेटिनी के हाथों शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे सर्बिया के जोकोविच को सीधे सेट में 6-7, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी 37 वर्षीय जोकोविच की इटली के खिलाड़ी के खिलाफ पांच मैच में यह पहली हार है।

जोकोविच को अब एटीपी टूर पर 100 खिताब जीतने वाले जिमी कोनर्स (109) और रोजर फेडरर (103) के क्लब में शामिल होने के लिए और इंतजार करना होगा। चौबीस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे, लेकिन पैर



की मांसपेशियों की चोट के कारण उन्हें एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ मैच के बीच से हटना पड़ा। जोकोविच ने कहा कि उन्हें कोई दर्द या परेशानी महसूस नहीं हुई।

उन्होंने कहा, ''आज मैं सिर्फ एक बेहतर खिलाड़ी से हार गया। मैं अपने वांछित स्तर पर नहीं था और यह हो सकता है कि मैं अब भी उस तरह से मूव नहीं कर पा रहा हूं जैसा कि मैं चाहता हूं। लेकिन मैं बिना दर्द के खेला इसलिए इसमें कोई बहाना नहीं है।''

### मरे के फ्रेंच ओपन तक जोकोविच का कोच बने रहने की संभावना

**पूर्व** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे फ्रेंच ओपन तक नोवाक जोकोविच के कोच बने रहेंगे। चौबीस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ने मीडिया चैनल को बताया कि मरे कोच के रूप में उनके साथ बने रहने के लिए सहमत हो गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले जोकोविच



और मरे ने एक साथ काम शुरू किया था और शुरुआत में इसे एक असंभव जोड़ी के रूप में देखा गया था। पिछले साल मरे के संन्यास लेने के बाद जोकोविच ने उनके सामने कोचिंग का प्रस्ताव रखा था। सर्बिया के 37 वर्षीय जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे लेकिन पैर की मांशपेसियों की चोट के कारण एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ मुकाबले के बीच से हट गए।

**चैंपियंस ट्रॉफी** चयन से जुड़ी चुनौतियों से उबरकर बांग्लदेश के खिलाफ जीत से शुरूआत करना चाहेगा भारत

# भारत या बांग्लादेश वनडे में कौन है किस पर भारी

**एजेंसी, दुबई**

क्रिकेट में हाल में उतार-चढ़ाव भरे अतीत ने भारत के लिए चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करना अनिवार्य कर दिया है और वीरवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ होने वाला उसका पहला मैच इस टीम से जुड़े मौजूदा सवालों को दूर करने की दिशा में पहला कदम होगा। भारत टूर्नामेंट से पहले प्रबल दावेदारों में शामिल है लेकिन यह गेंदबाजी इकाई चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति से उबरकर अच्छा प्रदर्शन कर पाएगी ? क्या विराट कोहली और रोहित शर्मा अपने शानदार दिनों को वापस ला पाएंगे ? क्या शुभमन गिल जैसे युवा खिलाड़ी लगातार अच्छा प्रदर्शन करके कई देशों की मौजूदगी वाली प्रतियोगिता के दबाव को झेल पाएंगे ?




इस संदर्भ में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट वरदान की तरह है, क्योंकि भारत के दिग्गज और युवा खिलाड़ी एकदिवसीय प्रारूप में सहज महसूस करते हैं और वे यहां अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि कोहली, रोहित और यहां तक कि मुख्य कोच गौतम गंभीर के पास अधिक समय नहीं है, क्योंकि न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली असफलताओं से मिले झटके का असर कम नहीं हुआ है।

हालांकि, कुछ अच्छे संकेत हैं। कप्तान रोहित ने कुछ दिन पहले इंग्लैंड के खिलाफ शानदार शतक और कोहली ने अर्द्धशतक बनाया, जबकि गंभीर के मार्गदर्शन में भारत ने टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सीरीज में क्रमश: 4-1 और 3-0 की शानदार जीत दर्ज की। गिल ने शानदार प्रदर्शन किया और इंग्लैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच की सीरीज में एक शतक और दो अर्द्धधशतक जड़कर सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने। चैंपियंस ट्रॉफी में हालांकि भारत के सामने चुनौती घरेलू सीरीज से काफी अलग है।

ग्रुप ए में भारत के प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड हाल ही में उसका सामना करने वाले इंग्लैंड की तुलना में कहीं अधिक प्रेरित नजर आ रहे हैं और एक हार भी लीग चरण के पूरे समीकरण को बदल सकती है। हालांकि, भारत ने पिछले कुछ समय में 50 ओवर के क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन बांग्लादेश का सामना करने से पहले उन्हें चयन से जुड़ी कुछ पहेलियों को सुलझाना होगा। इसकी शुरुआत लोकेश राहुल के बल्लेबाजी क्रम से होती है। क्या वह अपने पसंदीदा पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे या फिर अक्षर पटेल उनसे ऊपर आएंगे और वह छठे नंबर पर उतरेंगे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो मैच में छठे नंबर पर बल्लेबाजी की थी, लेकिन अंतिम एकदिवसीय में वह पांचवें नंबर पर उतरे। पूरी संभावना है कि टीम प्रबंधन लचीलापन अपनाएगा और मैच की स्थिति के अनुसार ही कोई फैसला करेगा।

हालांकि, गेंदबाजी में सही संतुलन हासिल करना बड़ी चुनौती है, विशेषकर चोट की वजह से बुमराह की अनुपस्थिति के कारण। मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का नई गेंद के साझेदार के रूप में साथ निभाने के लिए अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा में से एक को चुना जाएगा। शमी को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा।

**मैच : दोपहर 2.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**भारत।** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, लोकेश राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रविंद्र जड़ेजा और वरुण चक्रवर्ती।

**बांग्लादेश:** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), सौम्य सरकार, तंजीद हसन, तौहीद हृदय, मशफिकुर रहीम, एमडी महमूदुल्लाह, जाकिर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तास्किन अहमद, मुस्ताफिजुर रहमान, परवेज हुसैन इमोन, नासुम अहमद, तंजीम हसन साकिब और नाहिद राणा।

### तेज गेंदबाजों और ऑलराउंडर के कारण भारत के खिलाफ हमारे पास मौका: शंटो

**बांग्लादेश** के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने कहा है कि उनके पास बेहतरीन तेज गेंदबाज और ऑलराउंडर हैं और वे चैंपियंस ट्रॉफी के अपने पहले मैच में भारत को हराने के लिए उन पर निर्भर करेंगे। बांग्लादेश के लिए हालांकि, वीरवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ग्रुप ए के मुकाबले में दो बार के पूर्व चैंपियन भारत का सामना करना आसान नहीं होगा। शंटो ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''भारत के खिलाफ कोई भी मौका बनाने के लिए हमें सभी विभागों में अच्छा खेलना होगा। भारत के खिलाफ हमारी अच्छी यादें हैं। अगर हम अपनी रणनीति पर अमल करते हैं तो हमारे पास अच्छा मौका होगा।'' उन्होंने कहा, ''हमारे पास कुछ अच्छे ऑलराउंडर हैं। हम उन पर निर्भर हैं। सभी टीम जीतने में सक्षम हैं। हमें मौकों का फायदा उठाना होगा। हम अधिक नहीं सोच रहे हैं, हमारे पास कुछ अच्छे तेज गेंदबाज हैं।'' शंटो ने कहा, ''हमें (नाहिद) राणा जैसे तेज गेंदबाज की मौजूदगी की बहुत खुशी है। अगर वह खेलते हैं तो वह काम कर देंगे। हमारे पास स्पिन और तेज गेंदबाजों का अच्छा संतुलन है।''

